RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 262
नई दिल्ली, शनिवार, 29 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

भारत की निगाहें श्रृंखला जीतने पर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

इंडिया के सांसद मणिपुर में करेंगे स्थिति का आकलन

● आज से शुरू होगा दो दिवसीय दौरा, जमीनी हालात से सरकार और संसद को कराएंगे अवगत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवपलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के 21 सांसद शनिवार से मणिपुर का दो दिवसीय दौरा करेंगे जहां वे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों की जमीनी स्थिति का आकलन करने के बाद समस्याओं के समाधान के बारे में सरकार तथा संसद को अवगत कराएंगे। इन विपक्षी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा करेगा।

प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, गौरव गोगोई और फूलोदेवी नेताम, जनता दल (यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं अनिल हेगड़े, तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी, द्रमुक की कनिमोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पीपी मोहम्मद फैजल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन और वीसीके पार्टी के टी थिरुमावलवन शामिल होंगे। इसके अलावा शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, भाकपा के संदोश कुमार, माकपा के ए ए रहीम, समाजवादी पार्टी के जोवद अली खान, आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता, द्रमुक के डी रवि कुमार और आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर भी इस प्रतिनिमंडल का हिस्सा होंगे। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने मणिपुर हिंसा की उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच कराने की मांग की। गोगोई ने कहा, भाजपा यह तस्वीर पेश करना चाहती है कि मणिपुर में सबकुछ ठीक है, जबकि हिंसा अब भी जारी है।

इसलिए हम चाहते हैं कि उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में जांच कराई जाए कि यह सब कैसे हुआ। कांग्रेस प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि इंडिया के घटक दल मणिपुर में शांति की बहाली के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और उनके 21 सांसद इसी कोशिश के तहत 29-30 जुलाई को राज्य के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के साथ राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात करेंगे। हुसैन ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संसद में बयान देना चाहिए और मणिपुर में शांति की बहाली के लिए एक रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है जो संसद के जरिए सामने आ सकती है। द्रमुक के नेता टी आर बालू ने कहा कि विपक्षी प्रतिनिधिमंडल शनिवार को सुबह मणिपुर के लिए रवाना होगा और पता लगाएगा कि वहां क्या गलत हुआ, किस हद तक जान-माल का नुकसान हुआ है। आरएसपी के प्रेमचंद्रन ने कहा कि इस दौरे का लक्ष्य राज्य में होने वाली घटनाओं के बारे में (शेष पेज 9)

धनखड़ और डेरेक ओ ब्रायन में नोकझोंक के बाद रास स्थगित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन के साथ हुई नोकझोंक के बाद उच्च सदन की कार्यवाही 11 बजकर 27 मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद सभापति ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के विनय तेंदुलकर सदन से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

इसके बाद सभापति ने कहा कि उन्हें मणिपुर की स्थिति पर नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग को लेकर 47 नोटिस मिले हैं। नोटिस देने वालों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों के सदस्य थे। धनखड़ ने कहा कि वह पहले ही सदन को इस बात से अवगत करा चुके हैं कि उन्होंने 20 जुलाई को मणिपुर के मुद्दे पर नियम 176 के तहत मिले नोटिस स्वीकार कर लिए हैं और सरकार भी इसके लिए हामी भर चुकी है। उन्होंने सदन से अपील की कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करें क्योंकि रोज हो रहे हंगामे से गलत संदेश जा रहा है। सभापति ने कहा कि पिछला सत्र हो या उसके पहले का सत्र, हर दिन नियम 267 के तहत कई सारे नोटिस दिए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं यदि परंपरा को देखूं तो पिछले 23 सालों में कितने ऐसे नोटिस स्वीकार किए गए हैं, इससे सदन पूरी तरह परिचित है। इसके परिणामों के बारे में सोचिए। पूरा देश प्रश्न काल की तरफ देखता है। प्रश्न काल संसदीय कामकाज का दिल है। इसी समय तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने टोकते हुए कहा, सर हम सब इससे वाकिफ हैं। धनखड़ ने (शेष पेज 9)

दिल्ली में छात्रा की नृशंस हत्या, आरोपी गिरफ्तार

● युवती का है मौसेरा भाई, परिजनों ने शादी से कर दिया था इनकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मृतका की फाइल फोटो

मालवीय नगर थाना इलाके में शादी से इनकार करने के बाद एक सिरफिरे युवक ने लड़की को पार्क में बुलाकर सिर पर रॉड मारकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान नरगिस के रूप में हुई है। नरगिस ने कमला नेहरू कॉलेज से बीए आनर्स की पढ़ाई की थी और वह इलाके में स्टेनों की कोचिंग कर रही थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर वारदात के कुछ ही देर बाद आरोपी इरफान को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल रॉड बरामद कर लिया है।

छानबीन में पता चला कि आरोपी लड़की का रिश्ते में मौसेरा भाई है। इरफान युवती से शादी करना चाहता था लेकिन परिजनों के इनकार करने के बाद वह तनाव में था। इस बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए और केंद्रीय गृह मंत्री तथा उपराज्यपाल से इस दिशा में सख्त कदम उठाने का अनुरोध किया। वहीं दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने पुलिस को नोटिस जारी (शेष पेज 9)

तीन माह से युवती नहीं कर रही थी बात

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी इरफान ने अपनी शादी की बात नरगिस के परिजनों से की थी। फिलहाल इरफान बेरोजगार था। इसके चलते परिजनों ने उससे शादी करने से मना कर दिया। परिजनों के मना करने के बाद नरगिस ने उससे बात करना बंद कर दिया। दोनों करीब तीन माह से बात नहीं कर रहे थे। इसके बाद से आरोपी काफी हताश था। इसी बात इरफान ने जिद कर नरगिस को विजय मंडल पार्क में कॉल कर मिलने बुलाया। उसने कहा कि (शेष पेज 9)

अभिषेक बनर्जी, पत्नी के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर वापस होगा

● सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश, टीएमसी सांसद को मिली राहत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में कथित कोयला तस्करी से जुड़े धनशोधन मामलों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी रुजिरा के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर वापस लेने का शुक्रवार को आदेश दिया।

उच्चतम न्यायालय ने पिछली सुनवाई के दौरान, बनर्जी और उनकी पत्नी को लुकआउट सर्कुलर जारी करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना की थी। ईडी ने न्यायमूर्ति एस.के. कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ को बताया कि अगर बनर्जी दंपति अपनी विदेश यात्रा से एक सप्ताह पहले एजेंसी को जानकारी देता है, तो यात्रा के संबंध में आवश्यक आदेश जारी किए जाएंगे। इससे पहले, 24 जुलाई को शीर्ष अदालत ने ईडी से पूछा था कि अदालत की अनुमति के बाद पिछली विदेश यात्रा के लिए दंपत्ति को क्या लुकआउट नोटिस जारी किया गया था।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा कि जहां तक अभिषेक बनर्जी की बात है, ईडी लुकआउट नोटिस में पहले ही छूट दे चुकी है और उन्हें 26 जुलाई से 20 अगस्त तक यात्रा करने की अनुमति है। राजू ने कहा कि बनर्जी की पत्नी को भी कई बार विदेश यात्रा की इजाजत दी जा चुकी है।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा, समस्या यह है...जब कोई (विदेश) जाता है, तो आप कहते हैं कि हमने यह (लुकआउट सर्कुलर जारी) नहीं किया है और हमने अनुमति दी है। लुकआउट सर्कुलर के लंबित रहने से ऐसी स्थिति बनती है कि किसी को, कहीं न कहीं रोका जाता है। ये ठीक नहीं है। आपका और मेरा समय बर्बाद हुआ। जब एएसजी ने कहा कि कथित कोयला तस्करी घोटाले में दंपति के खिलाफ गंभीर (शेष पेज 9)

वैवाहिक मामलों का युद्ध स्तर पर निपटारा हो: कोर्ट

● कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा-चूंकि मानव जीवन छोटा है और संबंधित पक्षों को नए सिरे से जिंदगी की शुरुआत भी करनी होती है

एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा है कि शादी से जुड़े मामलों की सुनवाई और निपटारा युद्ध स्तर पर किया जाना चाहिए, क्योंकि मानव जीवन छोटा है और संबंधित पक्षों को नए सिरे से अपनी जिंदगी की शुरुआत भी करनी होती है।

अदालत ने 2016 में अपनी शादी को खत्म/अमान्य घोषित करने के अनुरोध को लेकर उसका रुख करने वाले एक युवक की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उच्चतम न्यायालय ने त्वरित न्याय के अधिकार को अनुच्छेद-21 के तहत संवैधानिक गारंटी के रूप में मान्यता दी है और इसलिए मामले के जल्द निपटान के लिए एक निर्देश जारी किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित ने हाल में पारित आदेश में कहा कि अदालत इस बात से सहमत है कि शादी से जुड़े मामलों का त्वरित निपटान कम से कम इसलिए जरूरी है, क्योंकि मानव जीवन छोटा होता है।

इतिहासकार थॉमस कार्लाइल को उद्धृत करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा, जीवन बेकार की चीजों और भावनाओं पर समय गंवाने के लिए बहुत छोटा है। उसने कहा, जब शादी से जुड़े किसी मामले में शादी को समाप्त/अमान्य घोषित करने का अनुरोध शामिल (शेष पेज 9)

मुख्तार के बेटे उमर के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से इनकार

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान नफरती भाषण देने से जुड़े मामले में गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। उमर नफरती भाषण मामले में अपने विधायक भाई अब्बास अंसारी के साथ आपराधिक मुकदमे का सामना कर रहा है। उस पर मऊ जिले में आयोजित एक रैली में मंच साझा करने का आरोप है, जहां उसके भाई ने सरकारी अधिकारियों को चुनाव के बाद कथित तौर पर देख लेने की धमकी दी थी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने कहा, हम उस मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द नहीं करेंगे, जिसमें उच्च न्यायालय ने राहत देने से इनकार कर दिया है। आपको मुकदमे का सामना करना होगा। अब्बास अंसारी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) और समाजवादी (शेष पेज 9)

भीमा कोरेगांव मामला: गोंजाल्विस और फरेरा को मिली सशर्त जमानत

● सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र से बाहर नहीं जाने और पासपोर्ट जमा कराने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में कार्यकर्ता वर्नोन गोंजाल्विस और अरुण फरेरा को शुक्रवार को जमानत दे दी और इस तथ्य पर गौर किया कि वे पांच वर्ष से हिरासत में हैं। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस तथा न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने निर्देश दिया कि गोंजाल्विस तथा फरेरा महाराष्ट्र से बाहर नहीं जाएंगे और पुलिस के समक्ष अपना पासपोर्ट जमा कराएंगे।

पीठ ने कहा, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि लगभग पांच साल बीत चुके हैं, हम संतुष्ट हैं कि जमानत का मामला बनता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आरोप गंभीर हैं, लेकिन केवल इसी कारण से उन्हें जमानत देने से इनकार नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने कहा कि दोनों कार्यकर्ता एक-एक मोबाइल का इस्तेमाल करेंगे और मामले की जांच कर रहे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को अपना पता बताएंगे।

पीठ ने कहा, वे अपने मोबाइल फोन की लोकेशन स्थिति को 24 घंटे सक्रिय रखेंगे और उनका फोन एनआईए के जांच अधिकारी के संपर्क में रहेगा ताकि वह किसी भी समय उनके सटीक स्थान की पहचान कर सके। वे सप्ताह में एक बार जांच अधिकारी को भी रिपोर्ट करेंगे। पीठ ने एनआईए को जमानत शर्तों का उल्लंघन होने पर कार्यकर्ताओं की जमानत रद्द करने की मांग करने की भी स्वतंत्रता (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

मोदी आज अखिल भारतीय शिक्षा समागम का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित प्रगति मैदान के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी सह सम्मेलन केंद्र परिसर (आईईसीसी) यानी भारत मंडपम में अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री पीएम श्री योजना के तहत धन की पहली किस्त जारी करेंगे। इस योजना के तहत केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के साथ ही स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से मौजूदा स्कूलों को मजबूत करके 14,500 से अधिक पीएम श्री स्कूलों की स्थापना का प्रावधान है। पीएमओ ने कहा कि ए स्कूल छात्रों को इस तरह से पोषित करेंगे कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 द्वारा परिकल्पित न्यायसंगत, समावेशी और बहुलवादी समाज के निर्माण के लिए योगदान देने वाले नागरिक बनें। इसने कहा कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री 12 भारतीय भाषाओं में अनूदित शिक्षा और कौशल पाठ्यक्रम की पुस्तकों का विमोचन भी करेंगे।

डीजीसीए ने एयरलाइन इंडिगो पर लगाया 30 लाख रुपए का जुर्माना

भाषा। मुंबई

विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने परिचालन, प्रशिक्षण और इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं से संबंधित दस्तावेजों में कुछ प्रणालीगत खामियों के लिए एयरलाइन इंडिगो पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इंडिगो के ए321 श्रेणी के विमानों में इस साल छह महीने के भीतर टेल स्ट्राइक की चार घटनाएं हुईं, जिसके बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन का विशेष ऑडिट किया। विमान का टेल यानी पिछला हिस्सा जब उड़ान भरने या उतरने के समय हवाईपट्टी को छूने लगता है तो उसे टेल स्ट्राइक कहते हैं। डीजीसीए ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ऑडिट के दौरान उसने इंडिगो के परिचालन, प्रशिक्षण, इंजीनियरिंग तथा एफडीएम (उड़ान डेटा निगरानी) कार्यक्रम से जुड़े दस्तावेजों और प्रक्रिया की समीक्षा की। बयान के अनुसार, विशेष ऑडिट में परिचालना प्रशिक्षण प्रक्रियाओं और इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं से संबंधित दस्तावेजों में कुछ प्रणालीगत खामियां देखने को मिलीं। इस संदर्भ में एयरलाइन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइन के जवाब का कई स्तर पर आकलन किया गया और वह संतोषजनक नहीं था। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, डीजीसीए ने इंडिगो एयरलाइन पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है और उसे डीजीसीए के नियमों एवं ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) दिशानिर्देशों के अनुरूप अपने दस्तावेजों और प्रक्रियाओं में संशोधन करने का निर्देश दिया है।

मेहनतकश 11 महिलाओं ने जीता 10 करोड़ का जैकपॉट

● केरल में प्लास्टिक कचरा बीनने वाली इकाई में करती हैं काम, सामर्थ्य न होने के कारण पैसे मिलाकर 250 रुपये में खरीदी थी लॉटरी

एजेंसी। मलप्पुरम (केरल)

स्थानीय नगर पालिका की प्लास्टिक कचरा बीनने वाली इकाई में काम कर रही ग्यारह महिला कामगारों को कभी यह सपने में भी उम्मीद नहीं रही होगी जिस लाटरी टिकट को उनमें से प्रत्एक ने 25 रुपये से भी कम धन देकर खरीदा था, वह उन्हें 10 करोड़ रुपये का जैकपॉट दिलवा देगी।

इन 11 महिलाओं ने कुल 250 रुपये देकर लाटरी का टिकट खरीदा था। बुधवार को जब यह खबर आई तो उस समय ये 11 महिलाएं अपने हरे ओवरकोट और रबर के दस्ताने पहने हुए थीं और परप्पनंगडी नगरपालिका गोदाम में घरों से एकत्र किए गए प्लास्टिक कचरे को अलग कर रही थीं। केरल लॉटरी विभाग ने घोषणा की कि महिलाओं द्वारा पैसे इकट्ठा करने के बाद खरीदे गए टिकट पर उन्हें मानसून बंपर के रूप में 10 करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इन महिलाओं के पास इतनी सामर्थ्य नहीं थी कि उनमें से कोई अकेले ही 250 रुपये का लाटरी का टिकट खरीद सके।

लॉटरी विजेताओं से मिलने और उन्हें बधाई देने के लिए बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में लोग यहां नगर निगम गोदाम परिसर में उमड़ पड़े। विजेताओं में से एक राधा ने कहा जब हमें अंततः पता चला कि हमने जैकपॉट हासिल कर लिया है तो हमारे उत्साह और खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। हम सभी जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और यह पैसा कुछ हद तक हमारी समस्याओं को हल करने में मदद करेगा। परप्पनंगडी नगर पालिका द्वारा शुरू की गई हरित पहल- हरित कर्म सेना के तहत कार्यरत इन महिलाओं को उनके काम के अनुसार 7,500 रुपए से 14,000 रुपए के बीच वेतन मिलता है। हरित कर्म सेना घरों और प्रतिष्ठानों से जैविक रूप से अपघटित नहीं होने वाले कचरे को इकट्ठा करती हैं जिसे बाद में पुनर्चक्रण के लिए विभिन्न इकाइयों में भेजा जाता है। नगर पालिका में हरित कर्म सेना की अध्यक्ष शीजा ने कहा कि भाग्य ने इस बार सबसे योग्य लोगों पर कृपा की है।

उन्होंने कहा कि सभी पुरस्कार विजेता बहुत मेहनती हैं और अपने परिवार के भरण-पोषण करती हैं। उन्होंने पीटीआई भाषा को बताया कि इनमें से कई लोगों को कर्ज चुकाना है, बेटियों की शादी करनी है या अपने प्रियजनों के इलाज का खर्च उठाना है। उन्होंने कहा कि वे सब बहुत ही साधारण घरों में रहती हैं और जीवन की कठोर वास्तविकताओं से जूझ रही हैं। दिलचस्प बात है कि यह दूसरी बार है जब महिलाओं ने टिकट खरीदने के लिए आपस में पैसे जुटाए थे। विजेताओं में से एक महिला ने कहा हमने (शेष पेज 9)

सीमा-सचिन की प्रेमकथा

केंद्रीय जांच एजेंसी कर सकती है पूछताछ

फर्जी आधार कार्ड मामले में लीड मिलने के बाद पुलिस की तफ्तीश तेज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस और एटीएस की लंबी पूछताछ के बाद भी सीमा-सचिन की प्रेमकथा एक अनसुलझी कहानी बनी हुई है। हालांकि एजेंसियों की ओर से जांच जारी है। अभी तक कि जांच में भले ही कुछ खास हाथ नहीं लगा हो लेकिन क्लीन चिट भी नहीं दी जा सकती।

वहीं केंद्रीय जांच एजेंसी अब दोनों से पूछताछ की तैयारी में हैं। जल्द ही एक्सपर्ट की टीम सीमा-सचिन के साथ उनके परिजनों और करीबियों से पूछताछ करेगी। हालांकि अभी बताया नहीं जा सकता कि सेंट्रल एजेंसी की पूछताछ सचिन के घर पर होगी या किसी अन्य स्थान पर इन्हें ले जाया जाएगा।

पूरे प्रकरण में जिस प्रकार जांच एजेंसियां उलझी हुई हैं उसे देखते हुए फि लहाल सीमा.सचिन पर मंडरा रहे संकट के बादल छटते नजर नहीं आ रहे। वहीं सीमा को डिपोर्ट करने की तैयारी की जा रही है। पाकिस्तान सरकार से

रिपोर्ट मिलते ही उस पर एक्शन लिया जाएगा। वहीं पुलिस ने सचिन के दो भाइयों को फर्जी आधार कार्ड मामले में गिरफ्तार किया है। एफ आईआर में उसे सीमा और सचिन से नहीं जोड़ा गया है। यानी एटीएस और पुलिस दोनों भाइयों और सचिन से की गई पूछताछ को गोपनीय रखना चाहती है। इसकी रिपोर्ट सेंट्रल एजेंसियां को दी जा रही है। यही कारण है कि सेंट्रल एजेंसियां सीमा और सचिन से पूछताछ कर सकती है। पुलिस को अब भी मोबाइल डेटा रिकवरी रिपोर्ट का इंतजार है। सीमा-सचिन की प्रेमकथा पर भले ही अब मामला शांत पड़ गया है। लेकिन विभिन्न एजेंसियों द्वारा जांच के चलते सीमा-सचिन पुलिस सुरक्षा में ही रहना होगा।

परिजनों व करीबियों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रहेगी। किसी वक्त भी किसी से पूछताछ की जा सकती है। विगत दो दिन से भले ही भीड़ भाड़ वाला माहौल सन्नाटा में तब्दील हो गया है। अभी तक कि पूछताछ में जांच एजेंसियां किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी हैं। लेकिन प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस, एटीएस व केंद्रीय जांच एजेंसी कार्य कर रही हैं । सीमा-सचिन की मुश्किलें बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

सचिन के घर पर पुलिस बल तैनात किया हुआ है और लोगों की नजरों से बचाने के लिये हर रोज उनके रहने का स्थान बदल दिया जाता है। हालांकि की दावा किया जा रहा है कि गुपचुप तरीके से देर-सबेर कुछ लोग अभी भी मुलाकात कर रहे हैं।

पता चला है कि उस दिन उन दोनों ही जगहों से किसी भी थर्ड नेशन सिटिजन ने एंट्री नहीं ली है। केंद्रीय एजेंसियों की जांच में यह बात सामने आई है कि 13 मई को भारत-नेपाल सीमा सुनौली सेक्टर और सीतामढ़ी सेक्टर में किसी भी थर्ड नेशन सिटीजन की मौजूदगी की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

सभी थानों की महिला सुरक्षा इकाई भंग

- निपटान में देरी के चलते नियंत्रण प्राधिकार में किया गया बदलाव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर पुलिस आयुक्तालय ने मामलों को निपटाने में लापरवाही और देरी का हवाला देते हुए जिले के सभी थानों में अपनी महिला सुरक्षा इकाई को भंग कर दिया।

एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, गौतम बुद्ध नगर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने उन्हें पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के आधार पर यह आदेश पारित किया। बयान बृहस्पतिवार देर रात को जारी किया गया। इसमें कहा गया है, निर्देश दिया जाता है कि महिला सुरक्षा इकाई में प्रतिनियुक्त पुलिस बल तुरंत अपने संबंधित क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त को रिपोर्ट करेंगे। उल्लेख किए गए सभी विवेचनाओं की निगरानी एवं प्रशासनिक नियंत्रण का जिम्मा संबंधित जोन के पुलिस उपायुक्त पर होगा। महिलाओं से संबंधित मामलों की जांच और निपटान के लिए जिले के प्रत्एक थाने में तैनात पुलिसकर्मियों की एक इकाई स्थापित की गई थी, जिसे अब भंग कर दिया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये पुलिसकर्मी नोएडा के सेक्टर 108 में आयुक्तालय कार्यालय में पुलिस उपायुक्त की निगरानी में काम करते थे। पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि पुलिसकर्मी अपने-अपने जोन के पुलिस उपायुक्त को रिपोर्ट करेंगे। संदर्भित विवेचना का पर्यवेक्षण तथा प्रशासनिक नियंत्रण संबंधित जोन के पुलिस उपायुक्त का रहेगा। संभावना जताई जा रही है कि नए सिरे से महिला सुरक्षा इकाई का गठन किया जाएगा और इस बार इकाई में उन पुलिस अफसरों को तैनाती दी जाएगी जो मामलों को समय से शिकायतों और विवेचनाओं का निस्तारण करेंगे। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को पिछले कुछ समय से महिला सुरक्षा इकाई द्वारा शिकायतों एवं विवेचना के निस्तारण में बरती जा रही लापरवाही की शिकायतें मिल रही थी।

पुलिस कर्मियों में हड़कंप

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने महिला संबंधी शिकायतों एवं विवेचनाओं का समय से निस्तारण ना होने पर कड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने महिला सुरक्षा इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। पुलिस कमिश्नर के इस फैसले से लापरवाह पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

धर्मांतरण के मामले में पुलिस के रडार पर 12 लोग

- खुफिया विभग की कई टीम गांव में कर रही जांच

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में धर्मांतरण के मामले में पुलिस की रडार पर गांव शाहजहांपुर सहित अन्य गांवों के एक दर्जन से अधिक लोग रडार पर हैं।

धर्मांतरण के मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी होने के बाद खुफि या विभाग की टीम ने क्षेत्र में डेरा डाल दिया है। खुफिया विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि गांव शाहजहांपुर के अलावा और किन किन गांवों में धर्मांतरण किया गया है। गांव शाहजहांपुर में एक सप्ताह पूर्व धर्मांतरण कराने का आरोप लगाकर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया

पुलिस गिरफ्त में मुख्य आरोपी

था। उनका आरोप है कि लालच देकर हिंदू से इसाई बनाया जा रहा है।

गांव शाहजहांपुर निवासी आशीष ने लालच देकर धर्मांतरण कराने का दबाव डालने का आरोप लगाते हुए गांव निवासी रोहित व उसकी मां कुसुम के खिलाफ मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जब रिपोर्ट दर्ज कर इस मामले में जांच शुरू की तो चौकाने वाली बात सामने आई। हापुड़ देहात के गांव सूदना निवासी महेन्द्र व उसकी पत्नी गरीब परिवारों को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराते हैं। वे हापुड़ में बैथहलम गोस्लम नाम से ट्रस्ट के माध्यम से यह काम कर रहे हैं। ट्रस्ट को विदेशों से काफी फंड़िग भी हो रही है। इस खुलासे के बाद खुफिया विभाग की टीम ने गांव शाहजहांपुर सहित आसपास के गांवों में डेरा डाल दिया है। अब खुफि या विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि क्षेत्र के कौन कौन से गांवों में किन किन लोगों ने धर्म परिवर्तन किया है।

मोदीनगर तहसील क्षेत्र के गांव गांव में धर्मांतरण कराने वाला गिरोह सक्रिय है। वह आर्थिक रूप से कमजोर, बीमार व लाचार लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन करा रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक सैकड़ों लोगों का धर्म परिवर्तन किया जा चुका है।

जिन लोगों का धर्म परिर्वतन हुआ है, उन्होंने इस खुलासे के बाद चुप्पी साध ली है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि धर्मांतरण के मामले की जांच गहनता से की जा रही है।

खंड विकास कार्यालय की 60 फीट लंबी दीवार ढही, परिसर में गंदा पानी भरा

- बारिश के चलते आफिस में रखा फर्नीचर हुआ खराब

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर पालिका परिषद द्वारा मलिक नगर चौराहे पर बनाई जा रही पुलिया के चलते नाला चौक हो गई। इसके चलते नाला ओवर फ्लो हो गया। खंड विकास कार्यालय की 60 फीट लम्बी ढह गई और दो फीट तक गंदा पानी भर गया। नगर पालिका परिषद की नाला खंड विकास कार्यालय के पास से होता हुआ मलिक नगर कॉलोनी होते रावली रोड तक जा रहा है।

नाले पर मलिक चौराहे के पास नगर पालिका परिषद द्वारा पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य होने के कारण नाला बंद कर रखा है। लगातार हो रही बारिश के कारण नाले में पानी का दबाव बढ़ गया है। नाला ओवर फ्लो हो गया और पानी सड़कों पर आ गया। नाला ओवर फ्लो होने के कारण खंड विकास कार्यालय की 60 फीट लम्बी दीवार ढह गई। इतना ही नहीं खंड विकास कार्यालय में नाले का गंदा पानी जमा हो गया है।

बताया जा रहा है खंड विकास अधिकारी व ब्लॉक प्रमुख के कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में दो फीट तक गंदा पानी जमा हो गया है। इस कारण आफि स में रखा फ र्नीचर व फाइल खराब हो गई है। खंड विकास कार्यालय को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में बनी नई बिल्ड़िग में शिफ्ट कर दिया गया है। खंड विकास कार्यालय परिसर में ही पशु चिकित्सालय व होम्योपैथिक अस्पताल के अलावा कर्मचारियों के आवास भी बने हुए है। बताया जा रहा है कि परिसर में कई परिवार रहते है।

गंदा पानी भरने के कारण पशु चिकित्सालय व होम्योपैथिक अस्पताल का कामकाज भी पूरी तरह ठप हो गया। सुधीर कुमार खंड विकास अधिकारी नगर पालिका परिषद को नाला खोलने के लिए कई पत्र लिखे जा रहे है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जिस कारण नाला ओवर फ्लो हो गया और दीवार टूट गई। गंदा पानी कार्यालय में भरा हुआ है। कामकाज करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बाढ़ का पानी उतरने के बाद घर वापसी करने लगे लोग

- नुकसान देखकर लोग बेहाल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हिंडन नदी का जलस्तर कम होने के बाद अब करहेडा और अटोर नंगला में भी पानी काफी हद तक कम हो गया है। पानी उतरने के बाद अब बडी संख्या में लोग अपने घरों को वापस लौटने लगे हैं। हालांकि अभी भी प्रभावित लोगों को नियमित दिनचर्या शुरू करने में समय लग सकता है। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्रों में बिजलीए पानी और सफाई भी बड़ी चुनौती रहेगी।

हिंडन नदी का जलस्तर भी काफ ी कम हुआ है तो वहीं पीछे से भी पानी आने का सिलसिला कम होने से अधिकारियों व प्रभावित लोगों ने राहत की सांस ली हैं। सिटी फॉरेस्ट में भी पानी का स्तर कम हो गया है। लेकिन अभी भी पूरी तरह से पानी उतरने के बाद ही इसे खोला जा सकेगा। वहीं लोग वापस अपने घरों को लौट रहे हैं। घर लौटने के बाद लोग नुकसान को देखकर बेहाल हैं।

गाजियाबद में चंद मिनटों की बारिश से जलभराव

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शुक्रवार दोपहर 12 बजे के आसपास कुछ देर के लिए बारिश हुई। इससे शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। सोसाइटीज में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। मुख्य मार्गों पर कीचड़ फैल गई। आसमान में अभी काले बादल छाए हुए हैं। ऐसे में फिर से बारिश हो सकती है। हालांकि बारिश से उमस से राहत जरूर मिली और तापमान में कुछ कमी दर्ज की गई है। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 में सड़कों पर एक फुट तक पानी जमा हो गया। नहर की तरह पानी का बहाव दिखा। बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया और लोहा मंडी में कीचड़ से बुरे हालात हो गए। यहां पर वाहन फिसलते दिखाई दिए।

JM FINANCIAL

जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
कार्पोरेट पहचान सं. : U67190MH2007PLC174287
पंजी. कार्यालय पता : 7वां तल, सिनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई-400 025
फोन : + 91 22 6630 3030 एफ : + 91 22 6630 3223 www.jmfinancialarc.com

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के तहत। पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः दीवान हाउसिंग ऐंड फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध) ने एक ऋण समूह (निम्नलिखित ऋणों सहित) का समनुदेशन उनके संबंध में सृजित अधोवर्णित प्रतिभूति हित सहित तथा उन पर सभी अधिकारों, स्वाम्वि और हित सहित, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफासी ऐक्ट") की धारा 5(1)(बी) के तहत एक समनुदेशन अनुबंध दिनांकित 29 मार्च, 2023 ("समनुदेशन अनुबंध") के माध्यम से जेएमएफएआरसी (जेएम) (इसमें आगे समनुदेशिती के रूप में संदर्भित) के पक्ष में कर दिया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("उक्त अधिनियम") के तहत। उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचनाएं जारी की हैं, जिनमें निम्नवर्णित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा एक बार पुनः, उक्त कर्जदार(रों) से यहां नीचे निदर्शित राशियां, जो कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित ऋण अनुबंध के साथ पठित अन्य प्रलेखों/विलेखों, यदि कोई, के तहत देय हैं, यहां नीचे वर्णित तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक उक्त मांग सूचना(ओं) में वर्णित आगे ब्याज के साथ जेएम को इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की जाती है। ऋण के सम्यक् प्रतिभुगतान के लिए, कर्जदार(रों) द्वारा निम्नलिखित आस्तियां जेएम के पास बंधक रखी गई हैं।

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम	मांग सूचना	प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति)
1.	(एलसी नंबर 20000042230 नोएडा-सेक्टर 2 शाखा) रजनीश कुमार (कर्जदार) शीला ठाकुर (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 11,63,936/- (रूपए ग्यारह लाख तिरेसठ हजार नौ सौ छत्तीस मात्र)	यूनिट नंबर टी-18 जी 02, भू तल, टावर 18, आम्रपाली ला रेजीडेंशिया प्लॉट नंबर जीएच-06 ए, सेक्टर-2, टेक जोन-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308
2.	(एलसी नंबर 13100000214 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) सुशील कुमार शर्मा (कर्जदार) अंजलि शर्मा (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 27,61,621/- (रूपए सत्ताईस लाख इकसठ हजार छह सौ इक्कीस मात्र) एनपीए (04-08-2019)	फ्लैट नंबर 417, चतुर्थ तल, टावर-2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
3.	(एलसी नंबर 13100000474 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) अनुज वाधवा (कर्जदार) कविता कौर (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 47,23,125/- (रूपए सैंतालीस लाख तेईस हजार एक सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (06-05-2019)	फ्लैट नंबर 0216, द्वितीय तल, टावर नंबर टी-2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
4.	(एलसी नंबर 13100000125 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) मनोज कुमार गुप्ता (कर्जदार) गरिमा गुप्ता (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 40,73,193/- (रूपए चालीस लाख तिहत्तर हजार एक सौ तिरानवे मात्र) एनपीए (06-05-2019)	फ्लैट नंबर 1018, टावर 02, 10वां तल, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
5.	(एलसी नंबर 13100000226 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) परमिंदर सिंह सोहल (कर्जदार) सरबजीत सिंह सोहल (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 54,29,413/- (रूपए चौवन लाख उन्तीस हजार चार सौ तेरह मात्र) एनपीए (04-08-2019)	फ्लैट नंबर 0119, प्रथम तल, टावर -2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
6.	(एलसी नंबर 13100000224 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) योगेश चन्द्रा (कर्जदार) अर्चना चन्द्रा (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 58,64,054/- (रूपए अठ्ठावन लाख चौंसठ हजार चौवन मात्र) एनपीए (04-08-2019)	फ्लैट नंबर 1419, 14वां तल, टावर -2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
7.	(एलसी नंबर 13100000231 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) नरिन्दर सिंह कैंथ (कर्जदार) गुरजीत कौर (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 49,03,431/- (रूपए उन्चास लाख तीन हजार चार सौ इकतीस मात्र) एनपीए (06-05-2019)	फ्लैट नंबर 415, चतुर्थ तल, टावर -2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
8.	(एलसी नंबर 13100000130 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) बलबीर सिंह (कर्जदार) संजीत कौर (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 29,57,806/- (रूपए उन्तीस लाख सत्तावन हजार आठ सौ छह मात्र) एनपीए (04-08-2019)	फ्लैट नंबर 0818, टावर -2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
9.	(एलसी नंबर 13100000074 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) के पी सिंह (कर्जदार) कल्पना खोखर (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 42,89,536/- (रूपए बयालीस लाख नवासी हजार पांच सौ छत्तीस मात्र) एनपीए (06-05-2019)	फ्लैट नंबर 1317, 13वां तल, टावर -02, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
10.	(एलसी नंबर 13100000073 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) उत्तम के सिन्हा (कर्जदार) स्वाति पाल (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 45,80,387/- (रूपए पैंतालीस लाख अस्सी हजार तीन सौ सतासी मात्र) एनपीए (06-05-2019)	फ्लैट नंबर जीएफ-18, भू तल, टावर नंबर 2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
11.	(एलसी नंबर 13100000270 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) हेमंत कुमार अग्रवाल (कर्जदार) दीपाली अग्रवाल (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 37,91,909/- (रूपए सैंतीस लाख इक्यानवे हजार नौ सौ नौ मात्र) एनपीए (06-05-2019)	फ्लैट नंबर 1316, 13वां तल, टावर -2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
12.	(एलसी नंबर 13100000607 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) बृजेश सिंघानिया (कर्जदार) बबीता सिंघानिया (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 47,18,573/- (रूपए सैंतालीस लाख अठारह हजार पांच सौ तिहत्तर मात्र) एनपीए (06-05-2019)	फ्लैट नंबर 1716, 17वां तल, टावर नंबर टी 2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
13.	(एलसी नंबर 13100000608 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) मंजुला नायडू (कर्जदार) पुण्यवती मनोहर दास (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 38,63,347/- (रूपए अड़तीस लाख तिरेसठ हजार तीन सौ सैंतालीस मात्र) एनपीए (06-05-2019)	फ्लैट नंबर 0315, तृतीय तल, टावर नंबर टी 2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
14.	(एलसी नंबर 13100002565 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) पवन कुमार जायसवाल (कर्जदार) नीतू जायसवाल (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 18,34,187/- (रूपए अठारह लाख चौंतीस हजार एक सौ सतासी मात्र) एनपीए (09-07-2021)	अपार्टमेंट नंबर 10038, 10वां तल, ब्लॉक-एफ, प्लॉट नंबर जीएच-03, गौड़ सिटी-02, जीसी-16, सेक्टर-16 सी, नोएडा एक्सटेंशन, गनिडा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-203207
15.	(एलसी नंबर 07700002227 गाजियाबाद शाखा) अतीश दीपांकर (कर्जदार) विनीता अतीश (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 58,88,775/- (रूपए अठ्ठावन लाख अठासी हजार सात सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (08-10-2021)	यूनिट नंबर 1602, 16वां तल, टावर डी 2, ईको विलेज-1, प्लॉट नंबर 08, सेक्टर-1, नोएडा एक्सटेंशन, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301
16.	(एलसी नंबर 11900003076 नोएडा शाखा) अनिल कुमार शारदा (कर्जदार) शशि शारदा (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 95,19,015/- (रूपए पिच्यानवे लाख उन्नीस हजार पंद्रह मात्र) एनपीए (09-07-2021)	फ्लैट नंबर 801, 8वां तल, टावर-टी-8, स्पायर वुड, सेक्टर-103, गुरूग्राम, हरियाणा-122005
17.	(एलसी नंबर 01400005139 नई दिल्ली शाखा) कृतिका अरोड़ा (कर्जदार) ज्योति अरोड़ा (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 56,89,296/- (रूपए छप्पन लाख नवासी हजार दो सौ छियानवे मात्र) एनपीए (09-07-2021)	फ्लैट नंबर 504, 5वां तल, टावर-बी-5, सूर्या टावर वीआईपी रोड जिराकपुर, पंजाब-140603
18.	(एलसी नंबर 19600044853 दिल्ली-सफदरजंग शाखा) अनिल जैन (कर्जदार) मीनाक्षी जैन (सह कर्जदार 1)	20-05-2023 / रू. 82,55,473/- (रूपए बयासी लाख पचपन हजार चार सौ तिहत्तर मात्र) एनपीए (10-03-2021)	सम्पत्ति सं. 1/11470, यू.जी.एफ. गली नंबर 4, सुभाष पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली-110032 गौतमबुद्ध नगर, दिल्ली-110032
19.	(एलसी नंबर 13100000079 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) मोहित अग्रवाल (कर्जदार)	20-05-2023 / रू. 68,40,883/- (रूपए अड़सठ लाख चालीस हजार आठ सौ तिरासी मात्र) एनपीए (06-06-2019)	फ्लैट नंबर 1009, 10 एवं 11वां तल (ड्यूपलेक्स), टावर नंबर 2, आईएलडी स्पायर ग्रीन्स, सेक्टर-37 सी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001

यदि उक्त कर्जदार जेएम को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, जेएम अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण जेएम की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड

तिथि : 29-07-2023
स्थान : दिल्ली

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	बलविंदर सिंह कोहली/गुरप्रीत सिंह कोहली/सतिंदर कौर कोहली/वीरेंद्र कोहली/नौशेर सिंह कोहली/फरहाद सिंह कोहली/शहजादी कोहली/बराज सिंह कोहली/ LBLUD00002417322	फ्लैट नंबर 703, 7वीं मंज़िल, ब्लॉक नंबर 21, हेरिटेज सिटी, ग्राम सिरहौल, तहसील और जिला गुड़गाँव हरियाणा/ जुलाई 26, 2023	अक्टूबर 01, 2022 रु. 46,57,754/-	गुड़गाँव/ चंडीगढ़/मुंबई/ नई दिल्ली
2.	बलविंदर सिंह कोहली/गुरप्रीत सिंह कोहली/सतिंदर कौर कोहली/वीरेंद्र कोहली/नौशेर सिंह कोहली/फरहाद सिंह कोहली/शहजादी कोहली/बराज सिंह कोहली/ LBLUD00002118951	फ्लैट नंबर 703, 7वीं मंज़िल, ब्लॉक नंबर 21, हेरिटेज सिटी, गाँव सिरहौल, तहसील और जिला। गुड़गाँव, हरियाणा/ जुलाई 26, 2023	अक्टूबर 01, 2022 रु. 1,56,31,124/-	गुड़गाँव/ चंडीगढ़/मुंबई/ नई दिल्ली

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 28, 2023
स्थान : गुड़गाँव/ नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/अधिभारित है। उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	लता (कर्ज़दार), दीपक चौधरी (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता नं. LBGUR00004931127	प्रॉप. नंबर 1/6426 पहली और दूसरी मंजिल, गली नंबर 5,

डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली में सख्ती

घर में मच्छरों की ब्रीडिंग मिलने पर अब 1000 और व्यवसायिक जगहों पर 5000 रुपये देना होगा जुर्माना

● इस साल 22 जुलाई तक डेंगू के कुल 187 मामले सामने आए हैं, जो वर्ष 2018 के बाद से इस अवधि में सबसे अधिक हैं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मॉनसून की बारिश ने बाढ़ से तो हालात बेकाबू कर ही रखे थे कि अब नई परेशानी ने दस्तक दे दी है।

राजधानी दिल्ली में बारिश के पानी से कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है जिसके चलते डेंगू की बीमारी पैर पसारने लगी है। दिल्ली नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार इस साल 22 जुलाई तक डेंगू के कुल 187 मामले सामने आए हैं, जो वर्ष 2018 के बाद से इस अवधि में सबसे अधिक हैं।

डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से बचाव व रोकथाम को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को उच्चतरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान डेंगू को लेकर हेल्पलाइन 1031 जारी करने के साथ ही कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में दिल्ली नगर निगम को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि एक-एक घर में जाकर जांच करें कि वहां मच्छर पनप तो नहीं रहे हैं। अगर कहीं पर भी मच्छर पनप रहे हैं तो उसका चालान करें।

सरकार ने चालान का शुल्क भी बढ़ा दिया है। नए आदेश के अनुसार अगर किसी के घर में मच्छर पनपते हुए पाए गए तो एक हजार रुपए का चालान किया जाएगा। वहीं किसी व्यवसायिक स्थान पर मच्छर पाए जाते हैं तो उस पर 5 हजार रुपए का चालान किया जाएगा। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि डेंगू की तैयारियों को लेकर सार्थक बैठक हुई। वह दिल्ली के लोगों को आश्वस्त करते हैं कि डेंगू से निपटने के लिए अस्पताल और चिकित्सा सुविधाएं पूरी तरह से तैयार हैं। साथ ही अपील करते हुए कहा कि सब मिलकर खुद को और अपने प्रियजनों की रक्षा कर सकते हैं। आइए, मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए ठोस उपाय करें।

इस बीच स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में डेंगू से निपटने की तैयारियां को लेकर की गई समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंनें कहा कि बैठक में स्वास्थ्य विभाग, एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली कैंट, दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई विभाग समेत अन्य विभागों के अफसर मौजूद थे।

दिल्ली में बारिश अक्सर जुलाई के महीने में शुरू होती थी। लेकिन इस बार अप्रैल, मई और जून में भी बारिश हुई है। जुलाई में रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई है।

स्कूली बच्चों को पूरी बांह की कमीज पहनने की सलाह

शिक्षा विभाग को जुलाई के पहले सप्ताह में निर्देश दिए थे कि सभी सरकारी, एमसीडी या प्राइवेट स्कूलों को निर्देश दिए जाएं कि बच्चे पूरी आस्तीन की कमीज पहन कर आएंगे। बच्चे फूल टी-शर्ट और फूल पैंट पहनें। अगर लड़कियां स्कर्ट पहन रही हैं, तो उसके नीचे स्लैक्स पहनें। अगर स्कूल ड्रेस में स्लैक्स की अनुमति न हो तो भी स्कूल उसकी अनुमति दे। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को इसे सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया है।

20 नमूनों का जीनोम अनुक्रमण किया गया

सौरभ भारद्वाज ने बताया कि इस बार दिल्ली में मच्छर जनित बीमारियों के चल रहे ट्रेंड की जिनोम सिक्वेंसिंग कराई है। जांच में पाया गया है कि 20 सैंपल में से 19 सैंपल टाइप टू डेंगू के हैं। टाइप टू डेंगू में खतरा ज्यादा रहता है। चूंकि ज्यादातर केस टाइप टू के निकले हैं, इसलिए ये कहा जा सकता है कि दिल्ली में दो स्टेन नहीं है, बल्कि एक ही स्टेन है, जो फैला हुआ है। जिसकी वजह से बीमारी बहुत ज्यादा गंभीर नहीं होती है। फिर भी इसे लेकर सर्तकता बरतने में कोई कमी नहीं करनी है।

राजधानी में बढ़ रहा अपराध का ग्राफ, 24 घंटे में तीन लोगों की हत्या

● दिल्ली में कानून व्यवस्था एक गंभीर मुद्दा बन गया है : केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली आपराधिक गतिविधियों की बढ़ती घटनाओं ने लोगों में डर पैदा कर दिया है। दिल्ली में पिछले चौबीस घंटे में दो महिला समेत तीन लोगों की हत्या कर दी गई है। इन घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से इस दिशा में सख्त कदम उठाने का अनुरोध किया। अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली में एक और बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी गई, यह बेहद दुखद है।

दिल्ली में कानून व्यवस्था एक गंभीर मुद्दा बन गई है। एलजी और गृह मंत्री से अनुरोध है, पुलिस को थोड़ा एक्टिव कीजिए। दिल्ली की बेटियों और दिल्ली के लोगों की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है।

इस बीच मालवीय नगर में शुक्रवार को दिन-दहाड़े एक युवक द्वारा युवती की हत्या करने के मामले में आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला।

आप नेता का कहना है कि दिल्ली में लगातार हत्या की घटनाएं हो रही हैं और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और एलजी वीके सक्सेना लोगों को सुरक्षा देने में असफल साबित हो रहे हैं। गुरुवार को जहां डाबरी में एक महिला की हत्या कर दी गई, वहीं शुक्रवार को मालवीय नगर थाने से महज 100-150 मीटर की दूरी पर एक युवती की हत्या हो गई। इससे पहले करोलबाग में सोना व्यापारी की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई थी। आम आदमी पार्टी की विधायक सोमनाथ भारती ने संवाददाता सम्मेलन में घटना स्थल से करीब 10 मीटर की दूरी पर डीडीए के पार्क में तैनात सुरक्षा गार्ड भी मौजूद थे।

ऐसी जगह पर हत्या की घटना होना ये दर्शाता है कि अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। भारती ने कहा कि ऐसे मौके पर बिल्कुल भी राजनीतिक नहीं करनी चाहिए, लेकिन तथ्यों से मुंह भी नहीं मोड़ना चाहिए।

जनता ने जिसको जो दायित्व सौंपा है, उससे से सवाल किए जाएंगे। कल डाबरी में महिला को गोली मार दी और आज सुबह युवती की हत्या हो गई। इसी तरह मणिपुर और उन्नाव में जो घटना घटी है, इसके पीछे एक मानसिकता यह है कि भाजपा शासित राज्यों में या जहां पर पुलिस भाजपा के अधीन है, उन जगहों पर अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है।

अपराधियों को लगता है कि कुछ भी कर लो, कोई पूछने वाला नहीं है। बृजभूषण सिंह को जिस प्रकार से भाजपा ने सुरक्षा दी, उससे यह बात साफ हो जाती है कि भाजपा का बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा एक प्रकार का ढकोसला है।

सर्दियों में दिल्ली-एनसीआर में भी पुराने वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्धनगर में प्रतिबंध लगाने का दिया निर्देश

राजधानी दिल्ली में सर्दियों के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण से राहत दिलाने के मकसद से केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एनसीआर के राज्यों में भी दस साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाले वाहनों के संचालन पर सख्त प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। इसके अलावा वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 के पार होने पर भोजनालयों, रेस्तरां और होटलों में कोयले और लकड़ी जलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अनुसार, अगर वायु गुणवत्ता 400 का आंकड़ा पार करता है तो दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बौद्ध नगर में बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल चार पहिया वाहनों पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने वायु प्रदूषण विरोधी सक्रिय कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पिछले साल जुलाई में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) में संशोधन किया था, जिसे पहली बार वर्ष 2017 में अधिसूचित किया गया था। इससे पहले, अधिकारी इन उपायों को लागू करते थे, जिनमें निर्माण और विध्वंस कार्य, उच्च उत्सर्जन वाले वाहनों के प्रवेश और कोयले और लकड़ी के जलाने पर प्रतिबंध लगाना शामिल था, जब प्रदूषण का स्तर एक विशेष सीमा तक पहुंच जाता था। जीआरएपी को अब पिछले वर्ष के अनुभव और सीख के आधार पर संशोधित किया गया है। संशोधित जीआरएपी में लक्षित कार्रवाइयां शामिल हैं जिन्हें जिम्मेदार कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा तब किए जाने की आवश्यकता है जब दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक निश्चित सीमा से ऊपर चला जाता है या सीएक्यूएम ने दिल्ली और एनसीआर राज्यों को जारी एक आदेश में कहा, भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान द्वारा प्रदान किए गए गतिशील मॉडल और मौसम, मौसम पूर्वानुमान के अनुसार एक निश्चित सीमा से आगे जाने की उम्मीद है।

जीआरपी को दिल्ली में प्रतिकूल वायु गुणवत्ता के चार अलग-अलग चरणों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। संशोधित ग्रेप अब स्टेज 1 के तहत उम्र पर कर चुके डीजल और पेट्रोल वाहनों पर सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों को सख्ती से लागू करने की सिफारिश करता है।

इसमें एक्यूआई 200 का आंकड़ा पार करने पर भोजनालयों, रेस्तरां और होटलों में कोयले और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी आदेश किया गया है। इससे पहले, अधिकारी इस उपाय को स्टेज 2 (300 से ऊपर क्यूआई) के तहत लागू करेंगे।

आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नई दिल्ली/नोएडा । भाजपा प्रवक्ता ने आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता के खिलाफ नोएडा थाना सेक्टर-20 में केस दर्ज करवाया है।

प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने थाने में आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के खिलाफ शिकायत दी। शिकायत में पूनावाला ने कहा कि 25 जुलाई को सेक्टर 16 ए स्थित एक टीवी चैनल में डिबेट के दौरान कक्कड़ ने उनके धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उन्हें एक आतंकवादी संगठन से जुड़ा बताया। शिकायत पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए , 153 बी , 505 सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

कई इलाकों में रिमझिम बारिश, उमस से राहत

● एक्यूआई 71 दर्ज किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में शुक्रवार सुबह हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई, जबकि न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने बताया कि सिविल लाइंस, लक्ष्मी नगर और लाजपत नगर इलाके में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि जसोला तथा ओखला सहित कई क्षेत्रों में आसमान में बादल छाए रहे।

विभाग के मुताबिक, दिल्ली में शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 85 फीसदी दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में शुक्रवार को सुबह आठ बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 71 दर्ज किया गया।

शराब नहीं पीने वाले 38% फैटी लीवर से पीड़ित : एम्स

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के नए अध्ययन में कहा गया है कि भारत में 38 फीसदी लोग गैर-अल्कोहलिक फैटी लीवर की बीमारी से पीड़ित हैं। यानी यह बीमारी उन लोगों को होती है जो मदिरा का उपयोग नहीं करते या न के बराबर करते हैं।

यह बीमारी केवल वयस्कों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे करीब 35 फीसदी बच्चे भी प्रभावित हैं। इस रिपोर्ट में भारत में गैर-अल्कोहलिक फैटी लीवर रोग पर प्रकाशित विभिन्न रिपोर्ट का विश्लेषण किया गया है। यह अध्ययन रिपोर्ट जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड एक्सपेरिमेंटल हेपेटोलॉजी में प्रकाशित हुई।

अगले सप्ताह अध्यादेश की जगह लेगा विधेयक

● लोकसभा में पेश करने की तैयारी

कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना के लिए एक प्राधिकार के गठन के लिहाज से लाए गए अध्यादेश की जगह लेने वाले विधेयक को अगले सप्ताह लोकसभा में लाया जाएगा।

मेघवाल ने आगामी सप्ताह में सदन में होने वाले कामकाज की जानकारी देते हुए इसका उल्लेख किया। जब निचले सदन में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार (संशोधन)विधेयक को पेश किया जाएगा तो विवादास्पद अध्यादेश के विरोध में वैधानिक प्रस्ताव लाने के लिए विपक्ष के कई नेताओं के नोटिस पर भी विचार किया जाएगा। लोकसभा सचिवालय ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, पार्टी सदस्य डीन कुरियाकोस, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय, द्रमुक के ए राजा और आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन समेत अनेक विपक्षी नेताओं के नोटिस स्वीकार कर लिए हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी थी। यह 19 मई को केंद्र द्वारा लाए गए अध्यादेश की जगह लेने के लिए पेश किया जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी ने अध्यादेश का कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भी इस अध्यादेश के विरुद्ध हैं।

पेरिस रवाना हुआ एअर इंडिया का विमान दिल्ली वापस लौटा

● रनवे पर टायर फटने का संदेह, दिखा था मलबा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पेरिस के लिए रवाना हुआ एअर इंडिया का एक विमान शुक्रवार दोपहर कुछ ही देर बाद वापस दिल्ली लौट आया। विमान के रवाना होने के बाद रनवे पर टायर का संदिग्ध मलबा देखे जाने के बाद यह वापस लौटा।

विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा कि विमान अपराह्न दो बजकर 18 मिनट पर सुरक्षित रूप से दिल्ली हवाई अड्डे पर उतर गया। बयान में कहा गया, 28 जुलाई 2023 को उड़ान संख्या एआई-143 के दिल्ली से पेरिस रवाना होने के बाद दिल्ली हवाई यातायात नियंत्रण कक्ष ने चालक दल को बताया कि रनवे पर टायर का संदिग्ध मलबा दिखा है, जिसके कुछ देर बाद विमान लौट आया। कंपनी के अनुसार, विमान की आवश्यक जांच की गई और एआई143 के यात्रियों के लिए वैकल्पिक प्रबंध किए जा रहे हैं। ज्ञात हो इस परिस्थिति में विमान कंपनियों को निर्देश है कि यात्री की सुरक्षा के लिए अतिरिक्तर सावधानी बरते।

दिल्ली रंगमंच महोत्सव में नसीरुद्दीन शाह, शबाना आज़मी देंगे प्रस्तुति

नई दिल्ली। जाने-माने रंगमंच और फिल्म कलाकार नसीरुद्दीन शाह, शबाना आज़मी, पंकज कपूर और रत्ना पाठक शाह दिल्ली रंगमंच महोत्सव के चौथे संस्करण में अपनी अदाकारी के जौहर बिखेरेंगे।

यह महोत्सव चार अगस्त से यहां शुरू होगा। अल्केमिस्ट लाइव द्वारा आयोजित किए जा रहे इस महोत्सव में रंगमंच के कुछ बेहतरीन कलाकार दिल्ली में सीरी फोर्ट ऑडिटोरियम, कमानी सभागार और ओपी जिंदल सभागार में तथा पड़ोसी हरियाणा के गुरुग्राम के ओराना कन्वेंशन्स में प्रस्तुतियां देंगे। यह महोत्सव तीन साल के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है।

जंतर-मंतर पर कुकी-जो वूमेन्स फोरम का प्रदर्शन

● मणिपुर में की अलग प्रशासन की मांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कुकी-जो वूमेन्स फोरम ने दिल्ली में जंतर मंतर पर शुक्रवार को प्रदर्शन किया और मणिपुर के पर्वतीय जिलों में रहने वाली आदिवासी आबादी के लिए अलग प्रशासन की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने जातीय हिंसा में घिरे पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग रखी। प्रदर्शन में कई लोग शामिल हुए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने खास तरह की टी-शर्ट पहन रखी थी जिनपर लिखा था, अलग प्रशासन ही एकमात्र समाधान है। इस प्रदर्शन में शामिल हुए कई लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में दिखे। प्रदर्शनकारियों ने आदिवासी गांवों पर हो रहे हमलों को रोकने और समुदाय की महिलाओं के साथ बलात्कार के आरोपियों को मौत की सजा देने की मांग की।

जामिया मिलिया इस्लामिया के सहायक प्राध्यापक और आयोजनकर्ताओं में से एक लाल्हमिंगमावी गंगते ने कहा, यह उत्तरजीविता का मामला है। हम अहिंसा के साथ लड़ाई का प्रयास कर रहे हैं। हमें कुचला जा सकता है।

मणिपुर हिंसा के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करते कूकी समुदाय के लोग। फोटो: रंजन डिमरी

शिक्षा मंत्री ने बिजनेस ब्लास्टर्स की टीमों से जाना आइडियाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● बेरोजगारी की महामारी से देश को छुटकारा दिलवाएंगे बिजनेस ब्लास्टर्स : आतिशी

पहले साल की शानदार सफलता के बाद, बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम में दूसरे साल भी छात्रों का जबरदस्त प्रदर्शन रहा है। केजरीवाल सरकार के छात्रों के उद्यमशीलता कार्यक्रम के तहत विभिन्न चरण से होते हुए दूसरे साल में 2 लाख बच्चों में से टॉप 100 स्टार्टअप्स का चयन किया गया।

शुक्रवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने एक्सपो के लिए चयनित कुछ टीमों से मुलाकात की और उनके बिजनेस आइडियाज के बारे में जाना। इस मौका पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह प्रोग्राम साबित कर दिया है कि, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें बस आगे बढ़ने के लिए मौका देने की जरुरत है। अब छात्र अपने बिजनेस मॉडल से न केवल हजारों-लाखों का मुनाफा कमा रहे है बल्कि जरुरतमंदों को रोजगार भी दे रहे हैं।

साथ ही बेरोजगारी की महामारी से देश को छुटकारा दिलवाएंगे बिजनेस ब्लास्टर्स। बिजनेस ब्लास्टर्स में भाग लेने वाले सभी छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा बिजनेस ब्लास्टर्स को दूसरे साल भी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है।

छात्रों के उत्साह और रचनात्मकता के स्तर को देखकर ये साबित हो गया है कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं हैं। ईएमसी और बिजनेस ब्लास्टर्स को छात्रों को सफल उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कार्यक्रम को हमारे छात्रों को रिस्क लेने, रोजमर्रा की चुनौतियों से बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा शिक्षा प्रणाली बच्चों को बाँध कर रखती है लेकिन बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम ने हमारे बच्चों को उनकी क्षमता का एहसास करवाया है और भविष्य में आगे बढ़ने का अवसर दिया है।

इस प्रोग्राम ने ये साबित कर दिखाया है कि शिक्षा प्रणाली के डिजाईन को बदलने की जरुरत है और इसे सकारात्मक ढंग से बदला जाए तो स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की मेहनत की बदौलत देश जरुर दुनिया का नंबर एक देश बनेगा। क्यूआर कोड बेस्ड अटेंडेंस सिस्टम आर.पी.वी.वी सूरजमल विहार के छात्रों द्वारा शुरू किया गया ये बिजनेस आईडिया स्कूलों-शिक्षकों के काम को आसान बनाएगा। यहाँ टीम क्यूआर बेस्ड मोनो-ग्राम विकसित किया है, जो छात्र के वर्चुअल आईडी कार्ड की तरह होगा जिसमें एक छात्र से जुड़ी जानकारियां होंगी और छात्र जब स्कूल में प्रवेश करेगा तो फास्टटैग की तरह एक स्कैनिंग डिवाइस उसकी उपस्थिति दर्ज कर लेगा साथ ही जब वो स्कूल के गेट से बाहर निकलेगा तब क्यूआर कॉड स्कैन के जरिए उसे भी दर्ज करेगा। इससे न केवल शिक्षकों का समय बचेगा बल्कि मैन्युअल रजिस्टरों की जरुरत को समाप्त करके आटोमेटिक डेटा रिकॉर्ड करेगा।

विमान में महिला पर यौन हमले के आरोप में प्रोफेसर गिफ्तार

● बुधवार को महिला डॉक्टर ने दर्ज कराई थी शिकायत

पीएनएस। नई दिल्ली/मुंबई

दिल्ली से मुंबई जा रहे विमान में एक महिला डॉक्टर पर यौन हमला करने के आरोप में एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि घटना बुधवार को हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली से सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर उड़ान भरने वाले विमान में 24 वर्षीय पीड़िता की सीट आरोपी के बगल में ही थी। उन्होंने कहा कि महिला डॉक्टर ने अपनी शिकायत में बताया कि मुंबई हवाई अड्डे पर विमान के उतरने से कुछ समय पहले आरोपी ने उन्हें गलत तरीके से छुआ।

अधिकारी ने कहा कि इसके बाद दोनों के बीच बहस हुई और पीड़िता ने विमान के चालक दल के सदस्यों को सूचित किया, जिन्होंने हस्तक्षेप किया। उन्होंने बताया कि विमान से उतरने के बाद पीड़िता सहार थाने पहुंची। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर प्रोफेसर के खिलाफ यौन हमला और यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत मिल गई। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 बनाने का मकसद देश की आकांक्षाओं को पूरा करना: वरुण मित्रा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

केंद्रीय विद्यालय संगठन के कमिश्नर ने पत्रकार वार्ता में कही यह बात

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर की गई चर्चा

केंद्रीय विद्यालय संगठन के कमिश्नर वरुण मित्रा ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के विद्यालयों ने शिक्षा को बेहतर ढंग से देकर लाखों बच्चों का भविष्य बनाया है। यह बात उन्होंने केंद्रीय विद्यालय एयर फोर्स स्टेशन में केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ पर पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालयों की शुरुआत वर्ष 1963 में मात्र 20 स्कूलों से हुई थी, जो कि अब 1253 हो चुके हैं। इनमें 1250 स्कूल भारत में और 3 स्कूल विदेशों में चल रहे हैं। केंद्रीय विद्यालयों में करीब 14 लाख बच्चे पढ़ रहे हैं। वरुण मित्रा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 बनाने का मकसद देश की आकांक्षाओं को पूरा करना है। किस दिशा में देश जा रहा है। हमें क्या चाहिए। इन सब विषयों पर विचार के बाद भी शिक्षा नीति तैयार की गई। वर्तमान समय में नॉलेज पावर सबसे ज्यादा है। मनुष्य बुद्धि पर विश्वास रखता है। हर बच्चा हर चीज के लिए नहीं होता। हर बच्चे में कुछ ना कुछ खास होता है। देश की आकांक्षा है कि हम आत्मनिर्भर हो जाएं। उन्होंने कहा कि अपने यहां की वेल्यू को समझें। लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दें। अब तक पहली से 12वीं कक्षा की पढ़ाई एक ढर्रे पर कराई जाती रही है। नई शिक्षा नीति में कक्षाओं को बांटकर नया प्रयोग किया गया है।

पत्रकारों से बात करते केंद्रीय विद्यालय संगठन के कमिश्नर वरुण मित्रा।

कमिश्नर वरुण मित्रा ने कहा कि संयुक्त परिवार जब होते थे तो बच्चे आपस में अपनी भाषा में बहुत कुछ सीखते थे। आज एकल परिवार हो गए हैं। बच्चों के पास घरों में वह माहौल नहीं रहा कि वे आपस में कुछ सीखें। इसलिए नई शिक्षा नीति में प्री-प्राइमरी एजुकेशन प्रणाली बनाई गई। बच्चों को बेहतर सिखाने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई का भी ऑप्शन होना चाहिए। इससे बच्चे जल्दी समझेंगे। उन्होंने कहा कि विज्ञान जैसे विषय को सिर्फ अंग्रेजी में ही पढ़ना माना जाता रहा है। अब साइंस पढ़नी है तो अंग्रेजी जरूरी नहीं।

अच्छी शिक्षा के लिए शिक्षकों की भर्ती भी उसी तरह से हो, ऐसा कार्य किया गया है। पहले होता था कि जो कुछ नहीं कर सकता, उसे टीचर बना दो। अब टीचर बनने के लिए पहले से ही तय करना होगा। 12वीं कक्षा के बाद शिक्षक के लिए इंटीग्रेटिड कोर्स लागू किए गए हैं। शिक्षा पर अच्छा-खासा बजट भी खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चे केवल किताबी ज्ञान ना लें, इससे बाहर भी बहुत कुछ सीखने को है। केंद्रीय विद्यालय संगठन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय भी लागू किया है। इस अवसर पर असिसटेंट कमिश्नर टी प्रीतम सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर दीदार सिंह, जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राचार्य राधा कृष्ण पंवार, एयर फोर्स स्टेशन स्कूल से संगीता सिंघल, सोहना रोड केंद्रीय विद्यालय से प्राचार्य कर्मवीर गिल, एनएसजी मानेसर केंद्रीय विद्यालय से शुचिता कौशल के अलावा जेपी सिंह, भारती कुमारी उपस्थित रहे।

फिर एक फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा 5 महिलाओं समेत 12 गिरफ्तार

तकनीकी सहायता देने के नाम पर विदेशी मूल के लोगों से करते थे ठगी

दो महीने में पकड़े गए हैं 6 फर्जी कॉल सेंटर

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

तकनीकी सहायता देने के नाम पर विदेशियों से ठगी करने के लिए चलाए जा रहे एक और फर्जी कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस कॉल सेंटर से 5 महिलाओं समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से 3 मोबाइल, 10 लैपटॉप, 2 मॉडम व 56 हजार रुपये भी बरामद किए गए हैं। 27-28 जुलाई की रात को साइबर थाना पूर्व के प्रबंधक निरीक्षक जसवीर को सूत्रों के माध्यम से सुशांत लोक-3 सेक्टर-57 के मकान नंबर-सी-139 में फर्जी कॉल सेंटर संचालित होने के बारे में जानकारी मिली थी। सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध विपिन अहलावत के नेतृत्व में इसका भंडाफोड़ करने के लिए छापेमारी टीम तैयार की। इसके बाद वहां पर छापेमारी की गई। छापे के दौरान इस कॉल सेंटर फर्जी/अवैध तरीके से संचालित होना तथा विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता देने के नाम पर धोखाधड़ी करके ठगी करना पाया गया।

पुलिस की गिरफ्त में फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले महिलाएं, पुरुष पुलिस गिरफ्त में।

मौके से 5 महिलाओं सहित 12 काबू : मौके पर 5 महिलाओं सहित 12 लोग काम कर रहे थे। उन्हें पुलिस ने काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान हर्षित कश्यप, वरुण दुआ, मनमीत सिंह, राहुल सिंह, पीयूष, सुखमीत सिंह, पारस, शीतल रावत, प्रियंका रावत, ज्योति राय, सलोनी गुप्ता व जयंती राजपूत के रुप में हुई। पुलिस द्वारा इस सम्बन्ध में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

जनवरी-2023 से चला रहे थे फर्जी कॉल सेंटर : एसीपी क्राइम-1 वरुण दहिया ने बताया कि पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी हर्षित कश्यप, वरुण दुआ व मनमीत सिंह कॉल सेंटर के संचालक व साझेदार हैं। वे अपने साथियों/कर्मचारियों के साथ मिलकर इस कॉल सेंटर को चलाते थे। सभी कर्मचारियों को सेलरी व कमीशन पर रखा हुआ था। कॉल सेंटर के मालिक/संचालकों से पुलिस पूछताछ में यह भी पता चला कि ये जनवरी-2023 से इस फर्जी कॉल सेंटर का संचालन कर रहे हैं। यहीं से वे विदेशियों से ठगी करते थे।

गौरतलब है कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा फर्जी कॉल सेंटर्स पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। गत दो महीने में शहर में 6 फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करके 8 महिलाओं, 45 युवकों समेत 53 आरोपियों को काबू किया जा चुका है। इन सभी का अपराध एक ही तरह का है, जो कि फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से विदेशियों से ठगी करते हैं।

मांगों को लेकर बिजली कर्मियों ने दिया धरना

शुक्रवार को सोहना में बिजली कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर निगम के एक्सइएन कार्यालय परिसर में धरना पर बैठे हुए।

सोहना। ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन अगस्त मांग पूरी न होने पर बिजली मंत्री का घेराव करने की चेतावनी दी है। घेराव को लेकर प्रदेश स्तरीय बैठकों का दौर जल्द ही शुरू होगा।

शुक्रवार को बिजली कर्मचारियों ने ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की स्थानीय एक्सइएन कार्यालय परिसर में गेट बैठक की। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के उपप्रधान हासिम खान ने की। इस गेट बैठक में सोहना समेत तावडूए बादशाहपुर और सोहना रोड़ सबडिविजन से बिजली कर्मियों ने भाग लिया। बैठक का संचालन पूर्व प्रधान सतबीर यादव ने किया। बैठक को संबोधन की शुरुआत यूनिट सचिव राजन वर्मा ने की। प्रदेश यूनियन से आए कार्यकारिणी के सदस्य सुदामपाल ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने प्रदेश सरकार को मांगे पूरी ने पर चेतावनी देते हुए अगस्त माह में राज्य सरकार में बिजली मंत्री का घेराव करने की चेतावनी दी है। वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार आज मांगों को पूरा करने में हिचक रही है। लेकिन कर्मचारी अपनी मांगों को पूरा करने की ताकत रखते है।

सरकार की हठधर्मिता का जबाव 2024 में होने वाले लोकसभा उर विधान सभा चुनाव में दिया जाएगा। बेरोजगारी को खत्म करने की बजाय उसे बढ़ाने चा काम किया है। कच्चे कर्मचारियों को पक्का चरने का आश्वासन ने पूरे 9 साल निकाल दिए। लेकिन आज तक मांग ज्यो की त्यो है।वक्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार को धोखेबाज कहते हुए कर्मचारियों को परेशान करने वाली सरकार कहा है।

सोहना में दो घंटा लगातार हुई बारिश ने गर्मी व उमश से दिलाई राहत

सोहना में हुई शुक्रवार को भारी बारिश से शहर की सड़कें हुई जलमग्न।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना में हुई जबरदस्त बारिश से शहर की सड़के हुई जलमग्न। भारी जलभराव से बाजारों से लेकर मुख्य सड़कों पर आम वाहन चलाकों लेकर पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पिछले करीब 15 दिन से भारी गर्मी और उमष से परेशान नागरिकों को शुक्रवार की दोपहर बाद हुई जबरदस्त करीब दो घंटा तक बारिश से राहत की सास ली। दोपहर बाद तीन बजे से रिमझिम से शुरु हुई बारिश साढ़े तीन बजे तेज हो गई। तेज इतनी हुई की साढ़े पांच बजे तक बादल बरसते रहे। तेज बारिश होने के दस मिनट बाद शहर के ठाकूरवाड़ा मौहल्ले से लेकर गूर्जर घाटी से लगती अरावली पहाड़ी का तेज पानी का बहाव आने से बाजार की सड़के एकदम से जलमग्न हो गई। पुरानी सब्जी मंडी खटीक वाड़ा और देवीलाल मार्ग से बारिश पानी ने शहर को पानी-पानी कर दिया। जिसे शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, अस्पताल मार्ग, देवी माता मंदिर मार्ग, अनाज मंडी और बस स्टैंड मार्ग में अरावली पहाड़ी से आया पानी ने जनजीवन को हिला दिया। इन मार्गों की दोनों तरफ बनी दुकानों में पानी चला गया। देवी माता मंदिर मार्ग के साथ बने मकानों के अंदर तक बारिश का पानी घुस गया। जैसे ही छह बजे के बाद बारिश कम हो गई। वैसे ही बारिश से बचकर खड़ें पैदल नागरिक बहते हुए पानी में से ही निकल अपने घर को चल दिए। बाइक व स्कूटी वालों की तो लाइन ही लग गई। जलभराव वाले रास्तों में से कार या चार पहिया वाले वाहन के आने जाने से पानी की उँची-उँची लहरों से पानी दुकानों में चला गया।

किसानों कृषि विभाग अधिकारियों ने फसलों को बीमारी व रहित पैदा करने का पाठ पढ़ाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

खंड के गांव रायसीना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अवसर पर क्षेत्र के किसानों को दलहनी फसलों को कीटों से बचाव और उनकी सुरक्षा को लेकर जानकारी दी। इस अवसर पर किसानों को अपनी फसलों का समय पर बीमा कराने के फायदे भी बताएं गए।

गुरुवार को खंड के गांव रायसीना में कृषि विभाग की तरफसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अवसर पर किसानों के साथ बैठक की। इस बैठक में विभाग के सेवानिवृत डॉक्टर नरेन्द्र सिंह यादव ने किसानों को अच्छी पैदावार के लिए फसलों का हानि पहुंचाने वाले कीटों से बचाव व फसली अच्छी पैदावा के गुण बताएं गए। डॉक्टर नरेन्द्र सिंह यादव ने विशेष रुप से बरसात के मौसम में तथा उसके बाद बिजाई होने वाली खरीफकी फसलों में दलहनी फसल के की जानकारी दी। उन्होने बताया कि खरीफकी फसलों में मूंग व अरहर की फसल को कीट से कैसे बचाना है।

कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को उनकी फसलों की जानकारी देते हुए।

कीट से बचाव करने से फसल की पैदावार 20 से 30 फीसदी अनुमान से अधिक होती है। यादव ने किसानों को फली छेदक और पीला पता रोग के बार में भी विस्तार से किसानों को जानकारी दी।

कपास की फसल में लगने वाले हारे तेलेव सफेद मक्खी को नियंत्रित करने के लिए नीम के तेल का उपयोग करने की जानकारी दी। खंड अधिकारी अरुण कुमार सोलंकी ने किसानों को मेरा ब्योरा पर पंजीकरण कराने की जानकारी दी। जो किसान अपनी फसल का पंजीकरण करा लेता है। उस किसान को सरकार की तरफ से पुरस्कार भी दिया जाता है। इस मौके पर फसल का बीमा करना क्यो जरुरी होता है।

इसका लाभ क्या होता है। किसान कब-कब अपनी फसल का बीमा करा सकता है। यह सब जानकारी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत महावीर सिं ने एटीएम किसानों को दी। इस मौके पर रणजीत सिंह, गोपाल सिंह, पूर्णाराम, नफेसिंह, राकेश, भीमसिंह, महावीर और ओमप्रकाश आदि किसानों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली-वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग पर वाहनों की टक्कर में साधू की मौत

सोहना। दिल्ली-वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग पर हाइवा की टक्कर से कार सवार साधू की सड़क दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मौत हो गई। जिसके शव का सोहना के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने अज्ञात हाइवा डंपर चालक के खिलाफमामला दर्ज करते हुए उसकी पहचान करना शुरु कर दिया है। राजस्थान का जिला दौसा का थाना महवा निवासी रामोतार ने सदर थाना पुलिस को बताया कि गुरुवार को वह और उसके साथ उनके गांव के मंदिर पर रहने वाला साधू हरिदास कार में दिल्ली राष्ट्रीय मार्ग से आ रहे थे। कार को रवि जाटव चला रहा था। जब वें सोहना के नजदीक पहुंचे। तभी उनकी कार को हाइवा डंपर ने चालक की दूसरी तरफ साइड़ मारते हुए क्षतिग्रस्त कर दी। उसी साइड में साधू हरिदास बैठें हुए थे। जिन्हे काफी चोटें आई और चोटें के कारण ही उन्होने वही पर दमतोड़ दिया।

विदेशी महिलाओं का डाटा दर्ज न करने पर केस दर्ज

सोहना। भोंडसी थाना पुलिस ने योगोंडा कूल की दो विदेशी महिलाओं ठहरने की जानकारी ने देने वाले होटल प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज किया है। होटल मैनेजर ने विदेशी महिलाओं का फार्म सी ने भरवाकर सरकारी आदेशों की अवहेना का आरोप किया है। भोंडसी थाना पुलिस ने क्षेत्र में स्थापित वाइट रौक होटल के प्रधंक ललित के खिलाफ सरकारी आदेशों की पालना करने के जुर्म में मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि ड्यूटी पर तैनात प्रबधंक ललित ने देर रात में ठहरने के लिए आई योगोंडा मूल की पौसोबा व किराबौ कमरा नंबर 401 में ठहराया। लेकिन विदेशी मूल की महिलाओं को ठहराते समय प्रबंधक ललित ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना न देकर तथा उनका फार्म नंबर सी ने भरवा कर कानून की अवहेलना की। विदेशी महिलाएं गुरुवार की रात करीब एक बजकर 57 मिनट पर आने का समय दर्ज किया गया। लेकिन उनके होटल छोड़ने का समय रिकार्ड में दर्ज करके कानून की पालना न करने के आरोप में प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर समर ने बताया कि जांच के दौरान उत्तराखड के निवासी होटल प्रबंधक ललित को जल्द ही जांच में पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

मारुति कुंज कॉलोनी में अवैध ओयो संचालक पर केस दर्ज

सोहना। पुलिस ने भोंडसी की श्याम कुंज कॉलोनी के मकान में अवैध रुप से चल रहा ओयो को बंद कराया। ओयो संचालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए कानूनी प्रक्रिया शुरु कर दी है। भोंडसी पुलिस को सूचना मिली कि यहा की श्याम कुंज कॉलोनी में एक मकान के अंदर जिला चरखी दादरी निवासी अनुप चौहान गली नंबर 5 के एक मकान में अवैध रुप से ओयो चला रहा है। जिसने मकान के अंदर कई कमरें किराए पर देने का काम करता है। जिसके अंदर पुरुष व महिलाएं आती जाती रहती है। लेकिन अनुप चौहान यहा आने वाले किसी भी नागरिक का कोई रिकार्ड अपने पास नहीं रखता। पूरे 24 घंटा यहा पर आने जाने वालों का ताता लगा रहता है। पुलिस ने मौके पर पहुंच ओयो संचालक अनुप चौहान को मौके पर ही दबोच लिया। जिससे ओयो चालने का लाइसेंस मांगा तो वह पेश नहीं कर सका। नही यहा आने वाले नागरिको की पहचान पत्र कागजात दिखा सका। जिसके खिलाफमामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

प्रॉपर्टी टैक्स में छूट लाभ के लिए केवल 3 दिन शेष

गुरुग्राम। सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स अदायगी में दी जाने वाली छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए केवल 3 दिन शेष रह गए हैं। सरकार द्वारा 31 जुलाई तक अपने संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करने वालों को ब्याज में 30 प्रतिशत छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त चालू वित्त वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स में भी 10 प्रतिशत छूट का लाभ दिया जा रहा है। छूट योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए केवल 3 दिन शेष रह गए हैं तथा इन तीनों दिन राजपत्रित अवकाश हैं। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रॉपर्टी मालिकों की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया है कि शनिवार, रविवार व सोमवार को तीनों दिन टैक्स ब्रांच कार्यालय तथा सभी भुगतान काऊंटर खुले रखेंगे। इसके साथ ही एनडीसी एडमिन भी प्राप्त होने वाले आवेदनों का निपटान इन तीन दिनों के दौरान करेंगे, ताकि अधिक से अधिक नागरिक सरकार की छूट योजना का लाभ उठा सकें। इस बारे में नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने आदेश जारी कर दिए हैं।

युवाओं को अब छोड़ना होगा अपराध, नशा एंव साइबर क्राइम

नूंह। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूंह उषा कुंडू ने कहा कि जिला नूंह की छवि को सुधारने के लिए यहां के लोगों को अपराध, साइबर क्राइम एवं नशे की लत को छोडना होगा । नशा देश की नींव को कमजोर कर रहा है । चंद लोगों द्वारा क्राइम करने की वजह से सारा नूंह जिला बदनाम हो रहा है । आज राजकीय शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान फिरोजपुर नमक में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई पुलिस की पाठशाला के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूंह स्कूली बच्चों/लोगों को यातायात के नियमों, अपराध, साइबर क्राइम एवं नशे के बारे में संबोधित कर रही थी । उन्होंने कहा इस पाठशाला का उद्देश्य है सभी को कानून की पालना कराना एवं नशे के विरुद्ध अभियान चलाना । यह अभियान छह महीनों तक चलेगा । उन्होंने कहा पहले भी नूंह जिला पुलिस ने अभियान चलाकर काफी नशा तस्करों को दबोचकर उनके पास से काफी मात्रा में नशा की सामग्री बरामद की है। उन्होनें नशा करने से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि पुलिस का उद्देश्य स्वस्थ युवां, स्वस्थ समाज, नशा मुक्त हरियाणा बनाने का है। स्कूल स्टाफ, बच्चों व लोगों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूंह को आश्वासन दिया कि वे अपने-अपने गांव में नशाखोरी, सामाजिक कुरीतियों एवं साइबर क्राइम को पूरी तरह से समाप्त करेंगे। इस अवसर पर उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुरेंद्र किन्हा, नूंह सदर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, सरपंच फिरोजपुर नमक व फिरोजपुर नमक तथा आस-पास के गांवों के मौजीज व्यक्ति, स्कूल स्टाफ/बच्चे सहित काफी लोग मौजूद रहे। पुलिस की पाठशाला में सुरेंद्र किन्हा डीसपी मुख्यालय नूंह ने भी लोगों को नशे के बारे में विस्तार से बताया तथा कहा कि विलेज लैवल की मिशन टीम एवं ग्राम प्रहरी मिलकर अपने-अपने गांव में नशा बेचने, नशा करने वालों की पहचान कर उनसे नशा छुड़वाने का प्रयास करेगें। पुलिस की पाठशाला में जिस तरह से पुलिस अधिकारियों ने जनता के साथ सीधा संवाद किया उसके बेहतर परिणाम सामने आएंगें।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय व माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन इंडिया के बीच एमओयू

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

शैक्षणिक उत्कृष्टता और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने माइक्रोसॉफ्ट कॉपोरेशन इंडिया के साथ एमओयू साइन किया। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया की सीएफओ रेखा तल्लूरी ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस एमओयू के तहत माइक्रोसॉफ्ट इंडिया गुरुग्राम विश्वविद्यालय को अपनी विशेषज्ञता, संसाधन और तकनीकी सहायता,व्यवसायिक अनुभव प्रदान करेगा। गुरुग्राम विवि. के छात्र कंपनी के व्यापक सॉफ्टवेयर, क्लाउड सेवाओं और अन्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की सुविधा का लाभ उठा पाएंगे। माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन इंडिया गुरुग्राम विवि में इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों के लिए सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता का केंद्र) स्थापित करेगी। इसी के साथ सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के तहत विभिन्न शिक्षा-अनुसंधान कार्यक्रम, कार्यशालाएं और संगठनों के साथ सहयोग करके विद्यार्थियों को विशेष ज्ञान और अनुभव प्रदान करेंगे। यह सहयोग संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं और इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे छात्रों को उद्योग के पेशेवरों के साथ काम करने के अमूल्य अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस एमओयू के तहत माइक्रोसॉफ्ट इंडिया द्वारा जीयू में पढ़ने वाले छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स करने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिससे छात्रों के तकनीकी कौशल का निर्माण होगा।

एमओयू साइन करने के बाद फाइलों का आदान-प्रदान करते अधिकारी।

एरिया वाईज सीनियर सिटीजन कमेटी के लिए आवेदन आमंत्रित

गुरुग्राम। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) तथा नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) द्वारा करवाए जाने वाले कार्यों की निगरानी के लिए एरिया वाईज सीनियर सिटीजन कमेटियों का गठन किया जाना है। इसके लिए सेवानिवृत्त रक्षा अधिकारियों या आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से निर्धारित प्रफोमा में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सीनियर सिटीजन कमेटी के लिए 1 अगस्त तक नाम भेजे जा सकते हैं। निर्धारित प्रफोर्मा तथा अधिक जानकारी के लिए जीएमडीए की वेबसाईट पर जाएं। इच्छुक सेवानिवृत्त रक्षा अधिकारी या आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि अपने आवेदन ईमेल आईडी पर भेजें। एरिया वाईज सीनियर सिटीजन कमेटी गठन का फाइनल निर्णय मुख्य कार्यकारी अधिकारी का होगा।

राजकीय कन्या कालेज में लगा सोलर प्लांट

डीसी ने किया रूफ टॉप सोलर प्लांट का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सेक्टर-14 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को 300 किलोवाट के रूफ टॉप सोलर प्लांट का उद्घाटन हुआ। सीएसआर फण्ड के तहत एसबीआई कार्ड्स प्राइवेट लिमिटेड व स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित इस रूफ टॉप सोलर प्लांट के शुरू होने से महाविद्यालय को बिजली के बिल में प्रतिवर्ष 35 से 40 लाख रुपए की बचत होगी।

डीसी निशांत कुमार यादव ने इस अवसर पर कहा कि आज जलवायु परिवर्तन से दुनिया चिंतित है। ऐसे में यदि हमें जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभावों को रोकना है। अपनी आगामी पीढ़ियों को एक स्वच्छ वातावरण देना है तो हमें अपने जीवन में सौर ऊर्जा के विकल्पों को बढ़ावा देकर इसे अपने जीवन मे प्रमुखता से शामिल करना होगा।

गुरुग्राम के सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या कालेज में सोलर प्लांट का उद्घाटन करते डीसी निशांत कुमार यादव।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसे शहर में जहां विभिन्न कॉरपोरेट संस्थानों के बहुसंख्यक ऑफिस है। उनके लिए बिजली आधारित सेवाओं के लिए सौर ऊर्जा का चयन करना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। डीसी ने कहा कि प्रदेश में प्रदूषण न हो इसके लिए हरियाणा सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा ऊर्जा के वैकल्पिक सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में सरकारी संस्थानों, अस्पताल, स्कूल व कॉलेज में सौर ऊर्जा प्लांट लगाने का काम निरंतर जारी है।

कार्यक्रम में हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन बोधराज सीकरी ने कहा प्रदेश में लोकहित के कार्यों सहित जहां कहीं भी पर्यावरण संरक्षण की बात होती है तो हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट पूरी प्राथमिकता के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश जनसंख्या व क्षेत्रफल के हिसाब से भले ही छोटा हो लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में ऊर्जा के क्षेत्र में काम करते हुए पूरे देश मे यह 8वें स्थान पर है।

बोध सीकरी ने कहा कि यदि हमें अपनी आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखते हुए अपने राष्ट्र के साथ न्याय करना है तो जीवन में बिजली पर निर्भरता कम करते हुए सौर ऊर्जा की ओर बढ़ना होगा। इस अवसर पर हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह, एसबीआई कार्ड्स प्राइवेट लिमिटेड से सीमा तिवारी व राजकीय महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. इंदु राव, कॉलेज के प्राध्यापक प्रद्युम्न सिंह, डॉ लोकेश सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

किसान परंपरागत खेती को छोड़कर आधुनिक तरीके से खेती करें : डॉ. अनिल सहरावत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल मैनेजमेंट के बारे में जागरूक किया

खरीफ फसल मैनेजमेंट को लेकर धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर पलवल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पलवल के उपनिदेशक डॉ. अनिल सहरावत ने किया।

इस अवसर पर बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक डॉ. बीएस सहरावत, जिला बागवानी अधिकारी डॉ. अब्दुल रज्जाक, प्रगतिशील किसान क्लब के अध्यक्ष बिजेंद्र दलाल, कृषि विशेषज्ञ सुंदर सिंह, डॉ. वीरेंद्र कुमार, गांव सिहौल के सरपंच प्रतिनिधि बलजीत गहलोत सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पलवल के उपनिदेशक डॉ. अनिल सहरावत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान परंपरागत खेती को छोड़कर आधुनिक तरीके से खेती करें। सरकार द्वारा किसानों को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। किसानों को कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाना चाहिए।

किसान कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक डॉ. बीएस सहरावत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि किसानों की आय को दोगुना किया जाए। इसके लिए किसानों को आधुनिक तरीके से खेती करनी चाहिए। किसान अपने खेतों की मिट्टी व पानी की जांच करवाएं। सॉयल हेल्थ कार्ड के अनुसार फसल चक्र अपनाएं। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार की योजनाओं का भी लाभ उठाना चाहिए। किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। किसानों को मेरा पानी मेरी विरासत, फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य फसलों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि किसान धान व गेहूं की फसलों की बजाय बागवानी की फसलों की तरह अग्रसर हों। किसान अपने खेतों में सब्जियों का उत्पादन करें। बागवानी की फसलें जिनमें फल, फूल व सब्जियां शामिल हैं, ये फसलें नकदी फसलों में आती हैं। यह फसलें कम समय में तैयार हो जाती हैं और बाजार में अच्छा भाव मिलता है। जिससे किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि किसान मक्का की खेती करें। बाजार में मक्का की फसल की मांग लगातार बढ़ रही है। डॉ.बी.एस.सहरावत ने किसानों को एग्रो फोरेस्ट्री को अपनाऐं। किसान फसलों के साथ साथ अपने खेतों में क्लोन सफेदा, पॉपुलर मालाबार, नीम के पौधे लगाएं। मालाबार, नीम की मांग बाजार में अधिक है।

मालाबार नीम के पौधे पांच साल में ही इमारती लकड़ी देने लायक हो जाते हैं। इसका पौधा एक साल में आठ फीट की ऊंचाई तक बढ़ता है। इसके पौधों में जंग नहीं लगने की वजह से इसकी डिमांड मार्केट में बहुत ज्यादा है। इसकी लकड़ी प्लाइवुड उद्योग के लिए सबसे पसंदीदा प्रजाति मानी जाती है। किसान रमेश चौहान ने बताया कि कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसल चक्र के बारे में बताया गया है। इसके अलावा फसलों में लगने वाली बीमारियों की पहचान करने तथा बीमारियों की रोकथाम के बारे में बताया गया।

इस तरह की कार्यशाला से किसान जागरूक होंगे और कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि किसान धान की फसलों की बजाय दलहनी फसलों का उत्पादन करें। धान की फसल के उत्पादन में पानी अधिक खर्च होता है, जबकि अन्य फसलों का उत्पादन कर पानी की बचत कर सकते हैं। किसान ओमबीर डागर ने बताया कि किसानों को मिट्टी, पानी की जांच करने के बारे में बताया गया है। बागवानी की फसलों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है, मोटा अनाज के उत्पादन के बारे में जानकारी दी गई है।

पलवल में अलग-अलग हादसों में चार की गई जान, एक गंभीर

एक युवक की करंट से मौत, दो की सड़क दुर्घटना में मौत, अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

सड़क दुर्घटना में घायल युवक।

अलग अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। जिनमें से एक युवक की बिजली करंट से झुलसने से मौत हुई है, वह हुक्का भरने छत पर गया था। मृतक युवक के पिता की शिकायत पर एक युवक व बिजली निगम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, मोहन नगर निवासी ओमप्रकाश ने दी शिकायत में कहा है कि उसका 19 वर्षीय बेटा गौरव पड़ोस में ही मनीष के घर गया था। आरोप है कि मनीष ने गौरव को अपने मकान की छत पर हुक्का की चिलम भरने के लिए भेज दिया, लेकिन यह नहीं बताया कि छत के ऊपर से 66 केवी हाईटेंशन की तारें जा रही हैं।

गौरव छत पर चिलम भरने के लिए जाते समय 66 केवी हाईटेंशन बिजली की तारों की चपेट में आ गया। जिससे बुरी तरह जल गया। जिसके बाद आरोपी मनीष ने उनके पास फोन किया कि गौरव बिजली से जल गया है और आप सीधे जिला नागरिक अस्पताल आ जाओ। वह जब जिला नागरिक अस्पताल पहुंचा तो गौरव पूरी तरह से जला हुआ था। जिसके चलते डॉक्टरों ने सफदरजंग अस्पताल दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। सफदरजंग अस्पताल वालों ने गंभीर हालत देखते हुए गौरव को प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट के लिए रेफर दिया। वहां एआईआईएमएस वालों ने एमएलसी कटवाई और इलाज शुरू कर दिया। लेकिन इलाज के दौरान गौरव ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक गौरव के पिता ओमप्रकाश की शिकायत पर मनीष व बिजली निगम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं नेशनल हाईवे पर पैदल चल रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। एक युवक की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक की बुआ के बेटे की शिकायत पर अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, जिला एटा (यूपी) के बिल्सड पछाया गांव निवासी योगेंद्र सिंह शाक्य ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी बुआ का लड़का अनुज कुमार व उसका साथी जिला कन्नोज (यूपी) के लालपुर गांव निवासी विशाल स्वाति कंपनी पृथला में नौकरी करते है। दोनों ने बघौला में क्वार्टर लिया हुआ है।

दोनों जब क्वार्टर से पैदल ही ड्यूटी जा रहे थे, तभी रास्ते में फोर्जिंग कंपनी बघौला के निकट पीछे से कोई अज्ञात वाहन आया और दोनों में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े और ड्राइवर अपने वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, किसी राहगीर ने एंबुलेंस का इंतजाम कर दोनों को इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। अस्पताल में डॉक्टरों ने अनुज को मृत घोषित कर दिया, जबकि विशाल की हालत नाजुक देखते हुए नल्हड़ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया।

इसके अलावा अलीगढ़ रोड पर कठिवाड़ी रेलवे पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, बल्लभगढ़ की गर्ग कॉलोनी निवासी जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका चचेरा भाई हरीश किसी काम से अपनी बाइक पर पलवल गया था। कठिवाड़ी रेलवे पुल को क्रॉस करते समय किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से हरीश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में हरीश को राहगीरों ने जिला नागरिक अस्पताल पहुंचा दिया। जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए फरीदाबाद के लिए रेफर कर दिया। फरीदाबाद अस्पताल में चिकित्सकों ने हरीश को मृत घोषित कर दिया।

अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत : पलवल रेलवे स्टेशन के निकट ड्यूटी पर जा रहे एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल भिजवाया। जीआरपी ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार, मोहन नगर निवासी 55 वर्षीय मामराज दिल्ली नगर पालिका समिति में बतौर फिटर नौकरी करता था। मामराज रोजाना की तरफ सुबह करीब सात बजे अपने घर ड्यूटी जाने के लिए निकाला था। लेकिन रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे लाईन क्रॉस करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से मामराज की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान की, पहचान होने पर उनके परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गई।

ब्रज 84 कोस यात्रा में जलपान करा रहे परिवार के साथ मारपीट व लूटपाट

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

ब्रज 84 कोस परिक्रमा में भक्तों को जलपान करवा रहे व्यक्ति व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर लूटपाट करने का मामला सामने में आया है। हसनपुर थाना पुलिस ने नौ नामजद सहित अन्य के खिलाफ मारपीट कर नकदी व सोने के आभूषण लूटने का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना के पुलिस जांच अधिकारी मोहम्मद आरिफ के अनुसार, हसनपुर निवासी भारतपाल गोयल ने दी शिकायत में कहा है कि वह देर शाम अपने बेटे हर्षित गोयल व हार्दिक गोयल के अलावा वंश, माधव, दक्ष व योगेश के साथ यमुना रोड बाइपास पर ब्रज 84 कोस परिक्रमा कर रहे भक्तों को जलपान करवा रहा था। देर शाम उनके पास हुल्लड, सोनू, कालू, ललित, धर्मबीर, राजकुमार, बंटी, टीटू, लक्खो व अन्य 20-30 लोग हाथों में लाठी-डंडे व सरिया लेकर आ गऐ और बिना वजह उन्हें पीटना शुरू कर दिया।

मारपीट करते हुए आरोपियों ने उन्हें व उनके बेटों को घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपी माधव व हर्षित की सोने की अंगूठी व हार्दिक के जेब में रखे 40 हजार रुपए को लूटकर ले गए। शिकायत में कहा है कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं तथा उनके खिलाफ पहले भी कई मुकदमें दर्ज हो चुके हैं, ये किसी के साथ भी मारपीट कर लूटपाट कर लेते हैं।

किसानों के खाते में तीन करोड़ से अधिक की राशि की गई जारी

फरीदाबाद। हरियाणा उदय /आउट रिच अभियान के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के जरिये किसानों के लिए 14वीं किस्त की लगभग 16819 किसानों के खाते में 3,36,38,000/- रुपये की धनराशि स्थानान्तरण के तहत ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिये जारी की गई है। इसके संबंध में जिला में कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिसमें किसानों द्वारा प्रधानमंत्री सीधे लोगों से बात की गई। किसान एवं कल्याण विभाग की उपनिदेशक डॉक्टर अनिल सहरावत ने बताया कि जिला में किसान समृद्धि केंद्रों पर इस प्रकार के आयोजन किए गए। जिनमें आईएफएफसीओ सेंटर व पीएसीएस एवं उन्नतशील एवं आधुनिक सेंटरों में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने को लेकर उपनिदेशक कार्यालय में कर्मचारियों व अधिकारियों की बैठक में जिम्मेदारियां लगाई गई थी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की डॉक्टर संगीता ने बताया कि अनुमानित 16819 के खातों में 3,36,38,000/- रुपये की धनराशि स्थानांतरण किये गये हैं। वहीं विभिन्न केंद्रों पर किसान एवं कृषि से जुड़े अन्य लोगों, दुकानदारों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सरकार द्वारा किसानों के कल्याण और उसकी आमदनी बढ़ाने के लिए चलाई जा रही स्कीम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों में मेरी फसल मेरा ब्यौरा, जल शक्ति अभियान, मेरा पानी मेरी विरासत, धान की सीधी बिजाई, हर खेत स्वस्थ खेत और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। डॉक्टर संगीता ने बताया कि सभी कार्यक्रमों में विभाग द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पंजीकरण के सहायता केंद्र भी स्थापित किए गए।

योगेश सौरोत व शारदा को यूथ एंड इको क्लब जिला कोऑर्डिनेटर बनाया

पलवल। शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने के लिए यूथ एंड इको क्लब का विद्यालय स्तर पर गठन करने तथा अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए योगेश सौरोत व शारदा पाराशर को जिला कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। अभियान की जानकारी देते हुए योगेश सौरोत ने बताया डीपीसी पलवल सुखबीर तंवर, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश के मार्गदर्शन में सभी माध्यमिक विद्यालय को 10000 रुपए तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को 15000 रुपए की राशि किचन गार्डन, पौधारोपण, सौंदर्यीकरण व संरक्षण के लिए विभाग द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। विभाग द्वारा कुरुक्षेत्र में स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर राम कुमार के नेतृत्व में कोऑर्डिनेटरों तथा एपीसी पीतांबर को राज्यस्तरीय वर्कशॉप में आगामी गतिविधियों के बारे में कार्यशाला के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। निबंध, स्लोगन, पेंटिंग, नाटक, कविता, ग्रुप डांस आदि प्रतियोगिताओं तथा विद्यार्थियों के प्रकृति भ्रमण अभियानों के माध्यम से प्रकृति के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान किया जाएगा तथा इसको एक जन जागरण अभियान बनाया जाएगा।

किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से सीधे पहुंचेगी राशि

पलवल। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने किसान के हितों को ध्यान में रखते हुए कई योजनाएं बनाईं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना उनमें से एक है। यह बात विधायक दीपक मंगला ने असावटा मोड पर उपमंडल कृषि अधिकारी कार्यालय में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 14वीं किस्त जारी करने के अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस योजना से जिला पलवल के करीब 62 हजार किसानों को लाभ मिला है। इस अवसर पर विधायक ने कार्यक्रम में मौजूद समस्त किसानों के साथ राजस्थान के सीकर से प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना व देखा। जिले के सभी खंड कार्यालयों में भी किसानों की उपस्थिति में कृषि विभाग द्वारा इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया व सुनाया गया। दीपक मंगला ने कार्यक्रम में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश की अधिकतम भूमि पर कृषि कार्य किया जाता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से देश के करोड़ों कृषकों को सीधा लाभ मिल रहा है। मंगला ने कहा कि देश में ऐसे भी किसान हैं, जिनके पास खेती की जमीन कम हैं, लेकिन उनके परिवार बड़े हैं। ऐसे किसानों के लिए खेती हेतु खाद-बीज की खरीद करना कठिन होता था। देश के प्रधानमंत्री ने ऐसे किसानों के कल्याण के लिए इस योजना को शुरू किया। इस योजना के तहत वर्षभर में मिलने वाले छह हजार रुपए से किसान खेती के लिए खाद-बीज की खरीद करके खेती कर रहे हैं। इससे साल भर के लिए अपने परिवार के लिए अन्न पैदा करते हैं।

लीवर में सूजन होने पर तुरंत कराएं डॉक्टरी जांच : डॉ. सोनी

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर एकॉर्ड अस्पताल में लगाया जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 220 लोगों ने अपनी जांच कराई। अस्पताल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रामचंद सोनी ने कहा कि चीन के बाद भारत में इस रोग से सबसे ज्यादा लोग पीड़ित हैं। अस्पताल में हर महीने 30 से 35 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। सावधानी बरत कर इस बीमारी से आसानी से बचा जा सकता ही।

डॉ. रामचंद सोनी ने बताया कि हेपेटाइटिस एक गंभीर एवं जानलेवा बीमारी है, जिसमें लीवर में सूजन आ जाती है। इस वायरस के पांच तरह के वायरस से होता है। हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी, एवं ई नाम से पहचाना जाता है। हेपेटाइटिस वायरस से फैलने वाला इंफेक्शन है, जो सीधे तौर पर लीवर में संक्रमण फैलाता है। इससे लीवर को नुकसान पहुंचने के बाद उसे रिकवर करना मुश्किल हो जाता है। शहर में सबसे ज्यादा लोग हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी के शिकार हैं।

इस बीमारी की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि इसका पता जल्दी नहीं लगता और न ही शुरुआत में कोई खास लक्षण नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि हर महीने 30 से 35 नए मरीज अस्पताल में अपना इलाज कराने पहुंच रहे हैं। इनमें बी और सी के मरीजों की संख्या अधिक है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस बी और सी ऐसे वायरस है, जो एक व्यक्ति से दूसरे में पहुंचते हैं। यह यौन संबंधों के अलावा लार, पसीना, संक्रमित सूइयों, घाव, चोट, रेजर और टूथब्रश से फैलता है। इसका संक्रमण एड्स की तुलना में 80 गुना तेजी से फैलता है। हेपेटाइटिस ए और सी हाइजेनिक फूड, खराब भोजन, सड़े-गले फल खाने व दूषित पानी पीने से फैलता है। कुछ मामलों में यह मां से उसके होने वाले बच्चे को भी हो जाता है, लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि सभी बच्चों में इसका संक्रमण हो ही। अगर मां इससे पीड़ित है, तो उचित इलाज की मदद से बच्चे को इससे संक्रमित होने से रोका जा सकता है।

हिंटक्लब फाउंडेशन ने चलाया पौधारोपण और वितरण कार्यक्रम

पलवल। हिंटक्लब फाउंडेशन ने अपना द्वितीय स्थापना दिवस गांव पेलक में पौधारोपण और वितरण कार्यक्रम अभियान के साथ मनाया। गांव के सरपंच जगदीश प्रसाद ने पौधारोपण किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जीवन का आधार है, इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। अभियान में गुलमोहर के 20, जामुन के 50, इमली के 10, गुड़हल के 15, चांदनी के 15, कनेर के 15 एवं पिलखन के 25, कुल 150 पौधे वितरित किए गए। फाउंडेशन के संस्थापक राष्ट्रपति अवार्डी हरीश पेलक ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। निदेशक दिनेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दलीप कुमार, जयप्रकाश, मनोज, नानकचंद, प्रेम, जितेंद्र, मनीष मुख्य रूप से मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

नौ पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त, पुलिस आयुक्त ने दी विदाई पार्टी

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार डीसीपी मुख्यालय नीतीश अग्रवाल हेमेंद्र कुमार मीणा ने फरीदाबाद पुलिस परिवार के नौ सदस्यों का सेवाकाल पूर्ण होने उपरांत विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आज पुलिस आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में फरीदाबाद पुलिस विभाग के सेवानिवृत्ति पाने वाले उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, बेग राज, असरू खान, कप्तान सिंह, सहायक उप निरीक्षक बुधराम व दनवीर की सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। डीसीपी मुख्यालय पुलिस ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की समारोह में आने पर अभिनंदन स्वागत किया। इस विदाई आयोजन के दौरान सेवानिवृत्त हुए जवान के परिजनों के साथ-साथ डीसीपी मुख्यालय, वैलफेयर इंचार्ज व संपूर्ण आयुक्त मुख्यालय स्टाफ साथ सेवानिवृत्ति पाने वाले पुलिसकर्मियों के परिजन भी उपस्थित रहे। सभी सेवानिवृत्ति पाने वाले सदस्यों को फूल माला, स्मृति चिन्ह और भेंट स्वरूप उपहार देकर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई।

केएमपी के पास चारदीवारी के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

पलवल। जिलाधीश नेहा सिंह ने केएमपी एक्सप्रेसवे के पास चारदीवारी और डब्लूएसए के जीर्णोद्धार के रुके हुए कार्य के दौरान तत्काल प्रभाव से या अगले दो सप्ताह तक कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए हथीन के एसडीएम लक्ष्मी नारायण को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित भूमि एवं कार्रवाई पर किसी न्यायालय की ओर से कोई रोक/यथास्थिति आदि न हो तथा कार्य नियमानुसार हो और धूल नियंत्रण के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन हो। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और इस संबंध में विभिन्न सीपीसीबी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

पुलिस ने गलत लेन, ओवर स्पीड वाहनों के काटे चालान

पलवल। यातायात पुलिस द्वारा गलत लेन व गलत दिशा तथा निर्धारित गति से तेज गति में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 100 वाहन चालकों के चालान किए गए। जिसमें गलत लेन में वाहन चलाने के 60 व ओवरस्पीड में वाहन चलाने के 40 चालान किए गए। अभियान के संबंध में जिला पुलिस कप्तान लोकेंद्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि वह अपने वाहन सही दिशा व सही लेन तथा निर्धारित गति सीमा में ही चलायें। आपकी थोड़ी सी सावधानी से बड़ी दुर्घटनाएं टल सकती हैं।

गोली मारकर हत्या करने वाले तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

पलवल। क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी अनिल कुमार की टीम ने गांव गहलब में हुए हत्याकांड में शामिल तीसरे आरोपी पर शिकंजा कसा है। आठ मार्च को सहायक उपनिरीक्षक ओम प्रकाश को गांव गहलब से थाना में टेलीफोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि महेश निवासी गहलब ने बस अड्डा गहलब पर गोली मारकर हत्या कर दी है। जिस पर सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश अपनी टीम के साथ गांव गहलब पहुंचे। शेर सिंह निवासी गहलब मिला, जिसने एक लिखित दरखास्त दी। पुलिस ने मुकेश निवासी भुरजा थाना गदपुरी को दिनांक नौ मार्च को गिरफ्तार कर पेश अदालत किया। दूसरे आरोपी गांव गहलब निवासी धर्मपाल को 12 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। अब तीसरे आरोपी शेखर निवासी गहलब को गिरफ्तार किया है।

घर के बाहर बैठी महिला के कानों की बाली लूटी

पलवल। बाली नगर कैंप स्थित अपने मकान के दरवाजे के पास कुर्सी पर बैठी बुजुर्ग महिला के कानों से युवक सोने की बालियां तोड़कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। आरोपी युवक की सीसीटीवी भी सामने आयी है। इसमें वह महिला की तरफ जाते व फिर भागते हुए नजर आया है। पुलिस उसकी पहचान के प्रयास कर रही है। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, बाली नगर कैंप निवासी नरेश कुमार सेठी ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी माता 69 वर्षीय शांति देवी अपने घर के दरवाजे पर कुर्सी डालकर बैठी हुई थी। उसकी माता का चेहरा घर के अंदर की तरफ था। उसी दौरान करीब 23-24 वर्षीय युवक पीछे से आया और उसकी मां के कानों से बालियों को लूटकर फरार हो गया। महिला के साथ छीना झपटी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ब्रज चौरासी कोस परिक्रम में पौधे लेकर रवाना हुए श्रद्धालु

पलवल। श्रावण मास के साथ पुरुषोत्तम अधिक मास चौरासी कोस परिक्रमा का विशेष महत्व है। श्रीशिव मंदिर बघेल धर्मशाला राजीव नगर से लगभग पचास से भी अधिक महिलाओं व पुरुष श्रद्धालुओं का समूह एकादशी एवं विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर बृज परिक्रमा के लिए हाथों में फल तथा छायादार पौधे लेकर चला है। मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा सभी भक्तों को राधाकृष्ण नाम के पटका पहना पौधे भेंट कर यात्रा की शुभकामनाएं दी गईं। संस्था संयोजक ग्रीन एंबेसडर आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि यह माह श्री हरि और भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए विशेष महत्व रखता है। वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे हमें पेड़ों को नहीं काटने और इनका संरक्षण करने का संदेश देता है। जीव-जंतुओं की प्रजातियों के विलुप्त होने से बचाने, आवासों को बचाने पुनर्स्थापित करने, जल बचाने, परिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बढ़ाने तथा जैव विविधता की रक्षा करने के लिए सभी भक्तों के साथ मिलकर मार्ग में लोगों को जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं वीरवती, लीलावती, गंगा, मोना आदि के साथ पुरुष भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। इनके द्वारा फल तथा छायादार पौधों का उचित स्थानों पर रोपण व पर्यावरण संरक्षण का संदेश मार्ग में भी दिया जायेगा। संस्था पदाधिकारी एवं कॉलोनी निवासी हुकम, ओम प्रकाश, बिजेंद्र, अमरपाल, पप्पू, बिजेंद्र आदि का सहयोग रहा।

अविश्वास प्रस्ताव

विपक्षी रणनीति

मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव विभिन्न दलों की स्थिति स्पष्ट करेगा। भारतीय राजनीति के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर विपक्षी दलों ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया है। यह कदम ऐसे समय आया है जब मणिपुर में हिंसा को लेकर पक्ष-विपक्ष में तलवारें खिंची हुई हैं। असम के कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने इसे स्वीकार कर लिया। हालांकि, इस प्रस्ताव के गिरने की पूरी संभावना है क्योंकि संसद के दोनों सदनों में भाजपा नीत राजग के पास पर्याप्त संख्याबल है। यहां तक कि विपक्ष भी यह बात भलीभांति जानता है। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव लाने का तर्क क्या है? गहराई से विचार करें तो विपक्ष का यह कदम उसके समर्थकों की नजर में 'स्मार्ट' लगता है क्योंकि इससे संसद में बहस होगी और प्रधानमंत्री को इसका जवाब देना होगा। पूरा देश यह देखेगा कि उन्होंने मणिपुर पर क्या कहा और विपक्षी सदस्य इस बात पर गौर करेंगे कि उन्होंने मणिपुर पर कितना समय दिया। विपक्ष संसद में मणिपुर पर प्रधानमंत्री के बयान की मांग कर रहा था और इसके बिना वह चर्चा को तैयार नहीं था, जबकि केन्द्रीय गृह मंत्री ने आश्वासन दिया था कि प्रधानमंत्री चर्चा का जवाब दे सकते हैं। लेकिन विपक्ष ने इसके बजाय अविश्वास प्रस्ताव लाने की रणनीति अपनाई है।

हालांकि, अविश्वास प्रस्ताव को केवल मणिपुर मुद्दे तक सीमित करना संभव नहीं होगा। भाजपा के अनेक वरिष्ठ सदस्यों ने पहले ही राजस्थान,

छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल में महिला उत्पीड़न के मुद्दे उठाए हैं। सरकार ने मणिपुर में महिला उत्पीड़न मामलों की सीबीआई जांच की घोषणा कर गेंद विपक्ष के पाले में डाल दी है कि वह भी अपने द्वारा शासित राज्यों में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर लीपापोती बंद करे। अविश्वास प्रस्ताव में अपरिहार्य रूप से मोदी सरकार के नौ साल के कामकाज पर बहस होगी और सरकार को अपनी 'उपलब्धियां' जनता के सामने व्यापक रूप से रखने का अवसर मिलेगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव रख कर अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है क्योंकि इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने राहत की सांस ली है। अविश्वास मत पर बोलने के लिए समय सदस्यों की संख्या पर आधारित होगा और इस प्रकार राजग को 'इंडिया' की तुलना में बोलने के लिए बहुत अधिक समय मिलेगा। मीडिया को 2018 में अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी के शब्द याद आ रहे हैं। उन्होंने कहा था कि ईश्वर विपक्ष को इतनी ताकत दे कि वह फिर उनके खिलाफ 2023 में अविश्वास प्रस्ताव रख सके। मोदी की यह भविष्यवाणी सही सिद्ध हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम में अपने तीसरे कार्यकाल तथा उस कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने का विश्वास व्यक्त किया है। विपक्ष चाहे जो दावा करे, आज कुछ समस्याओं के बावजूद देश की अधिकांश जनता का 'भारत के भविष्य' में विश्वास बढ़ा है और अधिकांश युवा उत्साह से भरे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस अविश्वास प्रस्ताव को भाजपा-आरएसएस के खिलाफ वैचारिक हथियार की तरह प्रयोग करना चाहते हैं, लेकिन उनको याद रखना चाहिए कि 2014 व 2019 में विफल रणनीति की 2024 में सफलता की ज्यादा संभावना नहीं है। ऐसे में विपक्ष द्वारा लाया अविश्वास प्रस्ताव प्रकारान्तर से मोदी व भाजपा की छवि और निखार सकता है।

पढ़ने की संस्कृति का विकास

पढ़ने, सोचने तथा नए विचारों को आगे बढ़ाने वाली सभ्यता को किताबों व पठन सामग्री तक पहुंच बढ़ानी चाहिए, चाहे वह प्रिंट में हो या डिजिटल रूप में।

अर्चना शर्मा अवस्थी युवराज मलिक

पढ़ने की संस्कृति का एक सर्वाधिक उल्लेखनीय आयाम यह है कि यह हमें उन स्थानों तक ले जाने की क्षमता रखती है जहां हम कभी न गए हों। यह उन लोगों को जानने का अवसर देती है जिनसे हम कभी न मिले हों। मुझे अच्छी तरह याद है कि एक बच्चे के रूप में निराशा या खुशी के समय अथवा खाली समय में पुस्तकें पढ़ने का कितना आनन्द मिलता था। पुस्तक के पन्ने उलटने पर जैसे ताजा हवा का कुछ वैसा ही अनुभव होता था जैसा चिड़ियों को आकाश में उड़ते समय होता होगा। मुझे अच्छा लगता था कि इनके माध्यम से मैं सुदूर देशों की रहस्यमय सड़कों पर यात्रा करती थी और उनके चरित्रों के साथ हंसती या रोती थी। अनेक कहानियों के चरित्र मेरे मित्र बन गए थे और उनकी विजय व संघर्ष मेरे अपने बन गए थे। लेकिन पढ़ने का अर्थ केवल कहानियां या कल्पना ही नहीं है। यह विवेक और ज्ञान की खिड़की है। यह एक प्रकार की महाशक्ति है।

पुस्तक के पन्नों में ब्रह्मांड के रहस्य, सभ्यताओं का इतिहास और उत्कृष्ट विचारकों के विचार पाए जाते हैं। पढ़ने से हमारे विचारों और दृष्टिकोण का विस्तार होता है और नए विचार अपनी जड़ें जमाते हैं। पढ़ने के माध्यम से हम महान दार्शनिकों के बारे में सीख सकते हैं, मानव प्रकृति की जटिलतायें समझ सकते हैं तथा अपने चारों ओर की दुनिया के बारे में समझ सकते हैं। पुस्तकें और पाठन किसी व्यक्ति के जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पढ़ने से विचारों को स्वतंत्रता मिलती है तथा जानकारियों, कल्पनाओं व सूचनाओं के दरवाजे खुलते हैं। इससे मनुष्य को सर्वांगीण विकास का अवसर मिलता है। इससे न केवल भाषा का विकास होता है, बल्कि अनेक अन्य उपलब्धियां भी प्राप्त होती हैं। पढ़ने से किसी व्यक्ति, समाज और नीति निर्माताओं को अनेक उपलब्धियां प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इसका प्रभाव बहु-आयामी व बहु-स्तरीय होता है। इससे शब्दज्ञान बढ़ना है, जागरूकता बढ़ती है, आलोचनात्मक व विश्लेषणात्मक सोच का विकास होता है तथा हम जीवन के विभिन्न आयामों के बारे में अपने दृष्टिकोण का विस्तार करते हैं।

छोटी आयु में बच्चों का पुस्तकों से परिचय कराने पर यह शिक्षा के माध्यम का काम करती हैं और अंततः उनमें विचारों को परिपक्व बना कर उनकी सोच को स्वरूप देती हैं। आज की तेज गति वाली दुनिया में जहां चारों ओर से हम पर सूचनाओं की बरसात होती है, पढ़ने के लिए समय निकालना थोड़ा कठिन होता है। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अच्छी किताब में डूबने से असाधारण आनन्द की प्राप्ति होती है। अपने हाथों में किसी उपन्यास का भार अनुभव करना बहुत आनन्ददायक होता है। पहला पेज उलटने के साथ ही पैदा जिज्ञासा और अंत करने के समय प्राप्त संतोष उल्लेखनीय व आनन्ददायक है। यह आत्मिक आनन्द, लिखे शब्दों की शक्ति तथा हमारी आत्मा में एक ज्योति भरने की तरह होता है। सभी बुद्धिजीवियों तथा प्रख्यात लोगों ने पढ़ने के आनन्द के बारे में खूब बात की है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डाक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था, 'पुस्तकें मेरी सर्वाधिक पसंद मित्र हैं। मैं अपने घर को एक पुस्तकालय समझता हूं जहां कई हजार पुस्तकें हैं। यह मेरी सबसे अमूल्य संपदा है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार कहा था, 'जब नागरिक पढ़ते हैं तो देश नेतृत्व करता है।' उनके विचारों के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 में ज्ञान-आधारित समाज की कल्पना करते हुए वैश्विक मूल्यों व वैश्विक दृष्टिकोण वाले वैश्विक नागरिक बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

शिक्षा नीति में स्वयं को चारों ओर दुनिया भर में बदलते घटनाक्रम से स्वयं को जागरूक रखने व उसकी जानकारियां प्राप्त करने को अनिवार्य माना गया है। इससे हम एक राष्ट्र के नागरिक के रूप में काम करने की दिशा तय कर सकते हैं जिसमें समुचित ज्ञान के साथ चुनौतियों से निपटने में क्षमता प्राप्त करने तथा उसकी इच्छाशक्ति समाहित होना शामिल है। अच्छी तरह पढ़े-लिखे मानव संसाधन तथा आवश्यक कौशलों से लैस देश सीधे देश की आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक समृद्धि में योगदान करता है। ज्ञानवान नागरिक देश के विकास में निर्माण इकाइयों का काम करते हैं। पढ़ने, सोचने तथा नए विचारों को आगे बढ़ाने वाली सभ्यता के लिए पुस्तकों और पाठन सामग्री की आसान पहुंच जरूरी है, फिर चाहे वह प्रिंट रूप में हो अथवा डिजिटल रूप में। इस विचार को अब शिक्षा सुधारों में शामिल किया गया है।

अतीत में भी 'वांछे गुजरात', यानी 'पढ़े गुजरात' जैसे अभियान क्षेत्रीय स्तर पर चलाए गए हैं जिनका युवा पीढ़ी पर भारी प्रभाव पड़ा। इस मिशन का लक्ष्य समाज में पढ़ने की आदत तथा पुस्तकों के प्रति प्रेम की संस्कृति विकसित करना था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने एक भाषण में जनता से लोगों का स्वागत करने में गुलदस्तों के बजाय पुस्तकों के प्रयोग का आह्वान किया था। उन्होंने सुझाव दिया था कि इससे उनके जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आएगा। लेकिन सभी बच्चों के लिए उपयुक्त पुस्तकों व पाठन सामग्री की उपलब्धता एक चुनौती है जो खासकर उनकी भौगोलिक स्थिति तथा सामाजिक स्तर को देखते हुए और चुनौतीपूर्ण बन जाती है। विषयवस्तु की डिजिटल उपलब्धता ने आशा की नई किरण दिखाई है। यह उपयुक्त पाठन परिस्थितिकी तंत्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। केन्द्रीय बजट, 2023 प्रस्तुत करते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बच्चों और किशारों के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित करने की घोषणा की थी जिससे 'गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों की उपलब्धता में सहायता मिलेगी।' इसके साथ ही पंचायत स्तर पर भौतिक पुस्तकालय स्थापित करने के साथ ही डिजिटल पुस्तकालय तक पहुंच की घोषणा भी की गई थी। इस दृष्टिकोण से नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया व अन्य संसाधनों को इन पुस्तकालयों के लिए समुचित पुस्तकों के प्रकाशन तथा पुस्तकालय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इससे देश भर में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें क्षेत्रीय भाषाओं व अंग्रेजी में गैर-पाठ्यक्रम पुस्तकों को उपलब्ध कराने पर खास ध्यान दिया गया है ताकि कोरानावायरस वैश्विक महामारी के समय में हुए नुकसान की भरपाई की जा सके।

किसी समाज को समावेशी व प्रगतिशील बनाने के लिए उसे केवल साक्षर नहीं, बल्कि शिक्षित करना जरूरी है। पुस्तकें किसी के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं और उसे इस बात का अनुभव भी नहीं होगा कि उनका उस पर कितना प्रभाव पड़ा है।

पढ़ने के लिए पुस्तक का चयन ही हमारे जीवन और विचारों में परिवर्तन ला सकता है तथा राय व दृष्टिकोण का विकास कर सकता है। इससे तथ्यों पर विचार और उनके अन्वेषण का व्यापक दायरा खुलता है जिससे मस्तिष्क ऊर्जान्वित होता है तथा हमारे मानसिक व भावनात्मक विकास की नई दिशायें सामने आती हैं। प्रतीक रूप से पुस्तकों को एक खुले दरवाजे की तरह समझा जा सकता है जो हमें एक पूरी तरह नई दुनिया में ले जाती हैं जहां अनन्त संभावनायें व अवसर हमारे सामने होते हैं।

इस संदर्भ में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी-एनडीएल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा मंत्रालय में स्थापित की जा रही एनडीएल परियोजना का उद्देश्य आनन्ददायक पाठन सामग्री का एक वर्चुअल भंडार बनाना है जहां 'डिवाइस एग्नोस्टिक सिंगल विंडो सर्च सुविधा' उपलब्ध हो। एल्बर्ट आइन्स्टीन का यह कथन बिल्कुल ठीक है कि 'केवल एक चीज का आपको निश्चित रूप से पता होना चाहिए कि पुस्तकालय कहां है।'

नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी हमारा यह सपना बहुत अच्छे तरीके से पूरा कर सकती है क्योंकि यहां कोई भी बच्चा जहां से चाहे किसी भी डिवाइस पर जो चाहे वह पढ़ सकता है। इस प्रकार सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों समेत पढ़ने का आनन्द सचमुच सबकी पहुंच में आ जाएगा।

आर्थिक प्रगति का केंद्र है एसियान

> आसियान देशों में से कई अमेरिका के नेतृत्व वाले निकाय की तुलना में चीन को नेतृत्व देने के लिए अधिक अनुकूल हैं।

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

जकार्ता में हाल ही में संपन्न आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक का विषय था 'आसियान मामले, विकास का केंद्र।' बैठक का एक महत्वपूर्ण परिणाम इंडो-पैसिफिक (एओआईपी) पर आसियान दृष्टिकोण जारी करना था, जिसने शायद पहली बार आसियान के समग्र द्विपक्षीय और बहुपक्षीय जुड़ाव में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के महत्व को स्वीकार किया। यह ध्यान देने योग्य है कि आसियान के सदस्य देशों और समग्र रूप से समूह को अमेरिका, चीन, भारत और भारत-प्रशांत में महत्वपूर्ण रणनीतिक हित रखने वाले कई अन्य देशों द्वारा लुभाया जा रहा है। जबकि आसियान पर अन्य देशों की तुलना में चीन का पलड़ा भारी है, विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान जारी संयुक्त बयान से पता चलता है कि आसियान देश हिंद-प्रशांत में अन्य क्षेत्रीय समूहों जैसे क्वाड (अमेरिका का एक समूह) के प्रति गर्मजोशी दिखा रहे हैं। , जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया) और आकुस (यूके, यूएस और ऑस्ट्रेलिया का समूह)।

आसियान विदेश मंत्री की बैठक के संयुक्त बयान में कहा गया है, 'हमने क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव पर चिंता व्यक्त की, और आसियान की शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि के लिए एओआईपी के मूल्य और प्रासंगिकता को रेखांकित किया। हम साझेदारों के साथ अपनी बातचीत में एओआईपी को और अधिक बढ़ावा देने और आसियान के नेतृत्व वाले तंत्र के माध्यम से आपसी विश्वास, सम्मान और लाभ को बढ़ावा देने के लिए ठोस परियोजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से एओआईपी के कार्यान्वयन को मुख्यधारा में लाने और बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध थे। हमने संयुक्त बयान जारी करने और सहयोग

और समर्थन के अन्य रूपों के माध्यम से, एओआईपी के लिए अपने सभी भागीदारों के समर्थन का स्वागत किया। हमने अपने साझेदारों को एओआईपी में निहित उद्देश्यों और सिद्धांतों के अनुसार, चार पहचाने गए प्रमुख क्षेत्रों, अर्थात् समुद्री सहयोग, कनेक्टिविटी, एसडीजी) 2030, आर्थिक और पर आसियान के साथ वास्तविक, व्यावहारिक और ठोस सहयोग का समर्थन करने और प्रोत्साहित करना जारी रखा। सहयोग के अन्य संभावित क्षेत्र। यदि हम संयुक्त वक्तव्य में उजागर किए गए कुछ प्रमुख उद्देश्यों को चुनते हैं, तो समुद्री सहयोग, कनेक्टिविटी और आर्थिक सहयोग सभी भारत-प्रशांत में क्वाड के उद्देश्यों के अनुरूप हैं। इस साल मई में, क्वाड नेता के विज़न स्टेटमेंट ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के सिद्धांत-आधारित विकास के लिए आसियान की केंद्रीयता को दोहराया। इसमें उल्लेख किया गया है कि 'हम आसियान की केंद्रीयता और एकता के लिए अपने निरंतर और अटूट समर्थन की पुष्टि करते हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि क्वाड का काम आसियान के सिद्धांतों और प्राथमिकताओं के अनुरूप हो और इंडो-पैसिफिक (एओआईपी) पर आसियान आउटलुक के कार्यान्वयन का समर्थन करना जारी रखे। हम आसियान के क्षेत्रीय नेतृत्व की भूमिका को रेखांकित करते हैं, जिसमें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, रणनीतिक वार्ता के लिए क्षेत्र का प्रमुख नेता-नेतृत्व वाला मंच और आसियान क्षेत्रीय मंच शामिल हैं। हम इंडोनेशिया की 2023 आसियान अध्यक्षता और इसकी अध्यक्षता विषय 'आसियान मामले : विकास का केंद्र' का पुरजोर समर्थन करते हैं।

हालांकि, जैसा कि कई आलोचकों ने बताया है कि आसियान और क्वाड को अपने-अपने संवाद बॉक्स में उनके द्वारा प्रचारित कई समानताओं पर औपचारिक रूप से शामिल होना बाकी है। जैसा कि कुछ लोग बताते हैं, आसियान देश इस क्षेत्र के लिए क्वाड के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से संरेखित या अभ्यस्त नहीं हो सकते हैं। हालाँकि, आसियान का वर्तमान अध्यक्ष, इंडोनेशिया, क्वाड के साथ सार्थक बातचीत करने के लिए अधिक अनुकूल हो सकता है। इससे मदद मिलती है कि क्वाड महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन, समुद्री सहयोग और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं पर एक सैन्य साझेदारी से अधिक सहयोग मॉडल की ओर स्पष्ट रूप से दूर चला गया है।

आसियान के लिए अपने पिछवाड़े में कोलोसियम न रखना मददगार है जहां दो बड़ी शक्तियां, अमेरिका और चीन टकराते हैं। आसियान देशों में से कई अमेरिका के नेतृत्व वाले निकाय की तुलना में चीन को नेतृत्व देने के लिए अधिक अनुकूल हैं।

हालांकि, अमेरिका के नेतृत्व वाले इंडो इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) में छह आसियान देशों को शामिल करने के साथ, जिसमें भारत भी एक संस्थापक भागीदार है, इन देशों को क्वाड में कुछ मूल्य मिलेगा।

आप की बात

पुतिन की साख

यूक्रेन में आक्रमण के बाद तेज़ी से दुनिया में अलग थलग पड़ते जा रहे रूसी तानाशाह पुतिन अपनी साख बचाने के लिए दूसरा रूस-अफ्रीका आर्थिक व मानवतावादी मंच सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने इसमें 6 अफ्रीकी देशों और मध्य अफ्रीकी गणराज्य को 50,000 टन तक अनाज मुफ्त में सहायता स्वरुप भेजने का विचार व्यक्त किया। इस तरह उन्होंने यूक्रेन के साथ काला सागर समझौते से बाहर निकलने को सही ठहराने की कोशिश की। लेकिन वे बुरी तरह विफल रहे। अफ्रीकी फोरम ने संयुक्त बयान जारी करके यूक्रेन से अनाज निर्यात को पुनः बहाल करने की मांग की है। इस बैठक में पहली बार 2019 में 43 अफ्रीकी देश शामिल हुए थे। मगर इस बार उनकी संख्या घट कर केवल 17 रह गई। इसका अर्थ है कि मुफ्त अनाज का ऐलान भी पुतिन की साख बहाल नहीं कर सका। अफ्रीका समेत सारी दुनिया के लोकतांत्रिक देश पुतिन की उत्तर कोरिया व चीन समेत दुनिया के अन्य तानाशाहों से बढ़ती निकटता को देख कर चिन्तित हैं। इससे पुतिन की साख लगातार गिर रही है और रूस आज अपने पूर्व सोवियत संघ से ज्यादा बड़े खतरे का सामना कर रहा है। दुनिया में उसका अलगाव बढ़ता जा रहा है। भारत को भी इस पर गौर करना चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

चावल निर्यात पर रोक

भारत सरकार द्वारा कम वर्षा के कारण धान की कम रोपाई के चलते गैर बासमती चावल पर रोक लगाई गई। फिर भी बासमती चावल का निर्यात जारी है। बरसात की कमी व अन्य कारणों से कुछ समय पश्चात भारत में भी खाद्यान्न की कमी हो सकती है। ऐसे में समय की नजाकत को देखते हुए बासमती चावल पर भी रोक लगाना अत्यावश्यक हो गया है। रहा सवाल अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर इसके प्रभाव का तो कोई भी देश पहले अपने देशवासियों की भूख मिटाने का प्रबंध करेगा। उसके बाद ही वह निर्यात करेगा। सरकार ने समय रहते यह सटीक निर्णय लिया है। अभी भी भारत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न दे रहा है। इस बार सरकार को पर्याप्त मात्रा में गेहूं भी संग्रहीत करने का अवसर नहीं मिला। भविष्य में भोजन की मांग को देखते हुए सभी प्रकार के अनाजों, चावल आदि के निर्यात पर रोक लगाना देश हित में है। खाद्यान्न के मामले में सरकार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय दबाव में नहीं आना चाहिए और राष्ट्रहित प्रथम होना चाहिए। विश्व में खाद्यान्न की व्यवस्थित आपूर्ति के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध रोका जाना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

किताबों की दुनिया

दुनिया की पहली किताब आज की तरह नहीं थी। हाथ से लिखी चर्मपत्रों वाली इस किताब के अलग-अलग पन्नों को ऊपर-नीचे क्रम में रखकर सिला जाता था। इसके ऊपर यानी शुरू में चमड़े का कवर और अंत में लकड़ी का आधार होता था। उन दिनों कुछ किताबें इतनी बड़ी और भारी होती थीं कि उन्हें एक तह में लपेटा ही नहीं जा सकता था। ऐसी किताबों के लिखने में लाखों घंटे और हजारों लोगों की जरूरत पड़ती थी। दुनिया की सबसे पुरानी पन्नों के रूप में लिखी और क्रम से रखकर सिली हुई पहली कोडेक्स किताब 390 ईस्वी में ग्रीक भाषा में लिखी गई थी। इसमें 700 से ज्यादा चर्मपत्र थे। बाद में ज्यादातर किताबें बौद्ध विहारों में बौद्ध भिक्षुओं द्वारा लिखी जाती थीं। छपाई का आविष्कार चीन व कोरिया में हुआ था। शुरू की ज्यादातर किताबें बाइबिल और बुद्ध की शिक्षाएं जैसी धार्मिक किताबें थीं। अब किताबों की दुनिया पूरी तरह बदल गई है जिसमें औद्योगिक क्रांति व प्रिंटिंग तकनीक में परिवर्तन ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। लेकिन आज छपी किताबों को एलेक्ट्रानिक व डिजिटल माध्यमों से चुनौती मिल रही है।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

दिल्ली की बाढ़

देश की राजधानी में इस बार बाढ़ का प्रकोप ऐसा रहा कि 1978 में आई बाढ़ का भी रिकॉर्ड टूट गया। दिल्ली के राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने बचाव और राहत कार्य की निगरानी करते हुए यमुना के किनारे से विस्थापित परिवारों की मदद की और मंत्रियों को भी जिम्मेदारी दी गई। एनडीआरएफ भी लगाई गई ताकि राहत कार्यों में तेजी आ सके। लेकिन इसके बावजूद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी देखा गया। सच तो यह है कि दिल्ली को बाढ़ से बचाने के लिए एक ठोस नीति अपनानी होगी। यमुना नदी और नालों को साफ करना होगा, हथनीकुंड बैराज को ऊंचा उठाना होगा एवं वहां बांध बनाने पर भी विचार करना होगा। इसके अलावा दिल्ली की सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करना होगा। दिल्ली में यमुना नदी के किनारे अतिक्रमण को पूरी तरह समाप्त करना होगा। देश की राजधानी को हमेशा के लिए बाढ़ से मुक्त करने हेतु विशेषज्ञों की राय से दीर्घकालीन योजना बनानी होगी तथा उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। यह न केवल दिल्ली, बल्कि भारत की छवि के लिए जरूरी है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

सीएम योगी ने की नियोजन विभाग की समीक्षा

फैमिली आईडी के साथ अब तैयार होगी परिवार कल्याण ई-पासबुक

● बहुआयामी व दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखकर हो बुंदेलखंड और पूर्वांचल विकास निधि का उपयोग

●20 प्रशित की बढ़ोतरी के साथ 2021-22 में उत्तर प्रदेश की आय हुई 1974532 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा की और प्रदेश में सेक्टरवार पोटेंशियल को प्रोत्साहित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हुए नियोजित और समन्वित प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश की वार्षिक आय में सतत बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद 1645317 करोड़ थी, जो 2021-22 में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1974532 करोड़ हो गई है। वहीं 2022-23 के लिए तैयार अग्रिम अनुमानों के आधार पर राज्य आय 21.91 लाख करोड़ से आंकलित हुई है। यह स्थिति संतोषप्रद है। वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के साथ सतत प्रयास जारी रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर परिवार के कम से कम एक सदस्य को नौकरी-रोजगार-सेवायोजन से जोड़ने के लागू फैमिली आईडी कार्यक्रम के बारे में आमजन के बीच जागरूकता बढ़ाई जाए। अब तक प्राप्त 98046 आवेदनों में से 41440 फैमिली आईडी निर्गत की जा चुकी है। फैमिली आईडी के आधार पर योजनाओं की मैपिंग कर परिवारों को प्रदान की जा रही योजनाओं को सम्मिलित करते हुए परिवार कल्याण ई-पासबुक जारी करने की तैयारी करें। योगी ने कहा कि बुंदेलखंड और पूर्वांचल में विकास की अपार संभावनाएं हैं। हमें इन संभावनाओं को एक्सप्लोर करना होगा। विश्वविद्यालयों-तकनीकी संस्थाओं को इस महत्वपूर्ण कार्य से जोड़ें। कहां कौन से सेक्टर में प्रयास की आवश्यकता है, किस प्रकार की सहायता दी जानी चाहिए, इन सबका गहन अध्ययन कराया जाए। यह अध्ययन रिपोर्ट नियोजन विभाग में संकलित हों और उपयोगिता अनुसार उन्हें कार्ययोजना में शामिल किया जाए। बुंदेलखंड और पूर्वांचल के विकास के लिए आवंटित निधि का उपयोग बहुआयामी एवं दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखकर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार हो।

उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश के सभी चिन्हित जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। नीति आयोग द्वारा डैशबोर्ड चैम्पियन्स आफ चेन्ज पर मई 2023 की सूचना के अनुसार समग्र रूप से देश के प्रथम 10 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 6 जनपद आए हैं। इसी प्रकार, स्वास्थ्य एवं पुष्टाहार विषयगत क्षेत्र में देश के प्रथम 10 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 5 जनपद आए है। वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास विषयगत क्षेत्र में देश के प्रथम 10 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 2 जनपद आए हैं। कार्यक्रम में अच्छी रैंक प्राप्त होने पर नीति आयोग द्वारा प्रदेश के 8 महत्वाकांक्षी जनपदों को अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन भी प्राप्त हुआ है। यह प्रयास सतत जारी रखा जाए। आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम शासन की प्राथमिकता में है। शासन स्तर से हर विकास खंड का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है। मार्च 2022 से मार्च 2023 तक ओवरऑल डेल्टा रैंकिंग में जनपद कुशीनगर का बिशुनपुरा विकास खंड सर्वश्रेष्ठ रहा है। ओवरऑल डेल्टा रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ विकास खंड को 2 करोड़ विषयगत क्षेत्र में प्रथम स्थान पर रहे विकास खंडों को 60-60 लाख का वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा

आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात सीएम फेलो अच्छा कार्य कर रहे हैं। इनके प्रदर्शन-योगदान की मासिक रैंकिंग तैयार की जाए। आवश्यकतानुसार इनकी ट्रेनिंग भी कराई जाए। इस कार्यक्रम से शोधार्थियों को विकास के विभिन्न क्षेत्रों को समझने तथा उनमें सहयोग करने का सुअवसर प्राप्त हो रहा जो उनके भविष्य निर्माण में भी सहायक होगा।

प्रदेश के विकास के संबंध में दीर्घकालिक नियोजन के लिए स्टेट ट्रांसफ ार्मेशन कमीशन का सृजन किया गया है। कमीशन में सभी महत्वपूर्ण पदों पर योग्य विशेषज्ञों का चयन/नामांकन यथाशीघ्र कर इसे क्रियाशील किया जाए।

12 प्रमुख विभागों के समन्वय से धरातल पर उतरेगी सेफ सिटी परियोजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सीएम योगी के निर्देश पर परियोजना को अमली जामा पहनाने के लिए मिशन मोड में जुटे विभाग

योगी सरकार ने 12 प्रमुख विभागों के समन्वय से प्रदेश में सेफ सिटी परियोजना को अमली जामा पहनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसके लिए शासन स्तर पर विभिन्न विभागों को परियोजना के पहले चरण का काम पूरा करने के लिए डेडलाइन भी जारी कर दी गयी है। पहले चरण का काम तीन माह में पूरा किया जाना है। मालूम हो कि प्रदेश में सेफ सिटी परियोजना तीन फेज में परवान चढ़ेगी। इसमें पहले फेज में 17 नगर निगमों के साथ गौतमबुद्धनगर भी शामिल है। वहीं दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालय की नगर पालिकाओं और तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना से जोड़ा जाएगा। इस परियोजना में मुख्य रूप से महिलाओंए बच्चोंए बुजुर्गों और दिव्यांगों पर फोकस किया जा रहा है। सीएम योगी समय-समय पर विभिन्न मंचों से शहरों को स्मार्ट बनाने के साथ-साथ सुरक्षित बनाने पर भी जोर दिया है। सेफ सिटी परियोजना पर सीएम की इसी मंशा के अनुरूप तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश को सेफ सिटी बनाने का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए एक सुरक्षित, संरक्षित एवं सशक्त वातावरण प्रदान करना है।

परियोजना के तहत पहले चरण में सरकारी और निजी सीसीटीवी, अंधेरे वाले स्थानों, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था वाले स्थानों एवं टॉयलेट बनाने के लिए स्थानों की पहचान का काम डेडलाइन के तहत पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही संवेदनशील स्थानों जैसे कोर्ट, जेल, वाइन शॉप, गर्ल्स कॉलेज, पार्क एवं हॉट स्पॉट की पहचान का काम भी डेडलाइन के अनुसार पूरा कर लिया गया है ताकि इन स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के साथ पेट्रोलिंग को बढ़ाया जा सके। वहीं नगर विकास विभाग की ओर से नागरिकों की सहायता के लिए सेफ सिटी एप तैयार किया जा रहा है, जिसे स्मार्ट सिटी एप में समाहित किया जाएगा। इसके अलावा परिवहन विभाग हर नागरिक को सुरक्षित सफ र का अहसास कराने के लिए नयन एप तैयार कर रहा। इसी तरह यूपी पुलिस द्वारा बुजुर्गों की हर संभव मदद करने और उन्हे उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त के लिए सवेरा स्कीम लागू किया जा रहा है।

इसके तहत यूपी पुलिस के बीट सिपाही अपने इलाकों के बुजुर्गों का डाटा तैयार करने के साथ समय-समय पर उनके घर पहुंचकर उनका हाल चाल जानेंगे। वहीं उन्हे कोई समस्या होने पर तत्काल मदद करने के साथ उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे। इसको लेकर यूपी-112 एसओपी को तैयार कर रही है। मालूम हो कि यूपी पुलिस के रिकॉर्ड में प्रदेश में कुल 964168 बुजुर्ग रजिस्टर्ड हैं।

अब शिक्षकों को भी डिजिटली स्मार्ट बना रही योगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रेरणा एप पर डिजिटल रजिस्टर्स को भरने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी

उत्तर प्रदेश के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ योगी सरकार प्राइमरी के शिक्षकों को भी स्मार्ट वर्किंग स्टाइल अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसी क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर्स नाम से नए मॉड्यूल का विकास किया जा रहा है। इस मॉड्यूल के आधार पर डिजिटल रजिस्टर्स के उपयोग के संबंध में शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद ये शिक्षक स्मार्ट तरीके से विद्यालय से जुड़े रोजमर्रा के काम को डिजिटली अपडेट कर पाएंगे। उन्हें मैनुअली रजिस्टर नहीं भरना होगा बल्कि मोबाइल पर ही उनके ये सारे काम हो जाएंगे। शिक्षकों के प्रशिक्षण के संबंध में विभाग द्वारा जल्द ही नियमावली जारी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्राथमिक विद्यालयों में मैनुअल रजिस्टर के बजाए अब शिक्षक डिजिटल रजिस्टर का उपयोग करेंगे। इसके लिए सरकार की ओर 12 रजिस्टर्स को डिजिटल करने का निर्देश दिया गया है। आगे चलकर इन पर ऑनलाइन रियल टाइम अपडेशन भी किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने इस संबंध उप शिक्षा निदेशक और समस्त जनपदों के जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य को टाइम एंड मोशन स्टडी के आधार पर विद्यालय रजिस्टर्स के डिजिटलाइजेशन और शिक्षकों के प्रशिक्षण के संबंध में पत्र जारी करके जानकारी दी है। इसके अनुसार, डिजिटल रजिस्टर्स का उपयोग विद्यालयों में प्रभावी होने के पहले के समस्त रजिस्टर विद्यालय स्तर पर अभिलेख के रूप में संरक्षित किए जाएंगे। डिजिटल रजिस्टर्स के प्रभावी होने पर इन रजिस्टर्स का अवलोकन खंड शिक्षा अधिकारीए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी एवं राज्य उच्चाधिकारियों द्वारा प्रेरणा एप पर किया जाएगा एवं प्रेरणा पोर्टल के नए डिजिटल रजिस्टर्स मॉड्यूल में डिजिटल किए गए रजिस्टर्स में अंकित विवरण ही प्रमाणित माने जाएंगे। विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ शिक्षकों को दिन भर की तमाम गतिविधियों के लिए कई सारे रजिस्टर पर भी काम करना होता है। इसमें शिक्षकों का काफी समय चला जाता है। योगी सरकार का प्रयास है कि शिक्षक इस समय का सदुपयोग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में करें। इसीलिए डिजिटल रजिस्टर के कांसेप्ट पर काम किया जा रहा है। जो रजिस्टर डिजिटल किए जाने हैं, उनमें उपस्थिति रजिस्टर, प्रवेश रजिस्टर, कक्षावार छात्र उपस्थिति रजिस्टर, एमडीएम रजिस्टर, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण रजिस्टरए स्टॉक रजिस्टर शामिल हैं। इसके अलावा आय-व्यय व चेक जारी करने वाला रजिस्टर, बैठक रजिस्टरए निरीक्षण रजिस्टर, पत्र व्यवहार रजिस्टर, बाल गणना रजिस्टरए पुस्तकालय व खेलकूद रजिस्टर को भी डिजिटलाइज किया जाएगा। इससे पूर्व अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने भी रजिस्टर्स के डिजिटलाइजेशन के विषय में निर्देश दिए थे।

निर्देश में कहा गया था कि शिक्षक व प्रधानाध्यापक डिजिटल रजिस्टर एप का प्रयोग अपने मोबाइल-स्मार्टफ ोन से करते हुए सभी सूचनाओं को अपलोड करेंगे। बीईओ, बीएसए, सीडीओ, डीएम व राज्य स्तर के अधिकारी इससे संबंधित सूचनाओं को प्रेरणा एप पर देख सकेंगे। रजिस्टर के डिजिटल होने के बाद किसी भी तरह के रजिस्टर का प्रयोग विद्यालय या अन्य स्तर पर नहीं किया जाएगा। डिजिटल रजिस्टर में दर्ज सूचनाएं ही प्रामाणिक मानी जाएंगी। इससे पारदर्शिता आएगी और डाटा में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हो सकेगी।

जनता की समस्याओं का समाधान न करने वाले अफसरों पर मुख्यमंत्री सख्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जिन जिलों से लगातार समस्याएं लेकर आ रहे लोग, वहां के अफसरों पर गिर सकती है गाज

मुख्यमंत्री आवास पर शुक्रवार को जनता दर्शन कार्यक्रम में 170 लोगों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा। इस दौरान मुख्यमंत्री एक एक कर सभी से मिलने पहुंचे और समस्याओं को न सिर्फ सुना बल्कि आलाधिकारियों को उसके गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फ रियादियों की समस्याएं सुनने के बाद डीजीपी और प्रमुख सचिव गृह को ऐसे जिलों की लिस्ट बनाने के लिए भी कहा जहां से लोग लगातार समस्याएं लेकर आ रहे हैं। उन्होंने थाना, ब्लॉक और तहसील स्तर पर सही ढंग से समस्याओं का निस्तारण न करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए लापरवाह अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए भी आलाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी ने फ रियादियों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उनकी हर समस्या का समाधान निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से जल्द से जल्द कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी प्रार्थना पत्रों को विषयानुसार प्रशासन व पुलिस के अफसरों को हस्तगत करने के निर्देश दिए। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि हर परेशान व्यक्ति के साथ पूरी तरह संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में ज्यादार लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए।

बांग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से जाली भारतीय मुद्रा की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ। राज्य के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस ने) जाली भारतीय मुद्रा की बांग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से तस्करी कर देश के भिन्न-भिन्न राज्यों में सप्लाई करनेवाले अंतरराज्यी गिरोह के सदस्य सुभाष मंडल को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज कमिश्नरेट में गिरोह के आधा दर्जन अभियुक्तों के खिलाफ 11 अगस्त 2022 को थाना नैनी में मुकदमा दर्ज किया था। शेष अभियुक्त तो गिरफ्तार हो गए थे लेकिन सुभाष मंडल निवासी जयपुर, थाना वैष्णवनगर, जिला मालदा, पश्चिम बंगाल वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया गया था। सुभाष मंडल द्वारा पाकिस्तान में अवैध तरीके से छपे उच्च गुणवत्ता के भारतीय नोटों को भारत बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय बार्डर से अपने सहयोगियों की सहायता से हासिल कर भारत के अलग-अलग राज्यों में तस्करी करता था। सुभाष मंडल थाना मांडा और प्रयागराज के थाना सिविल लाइंस के मुकदमों में भी वांछित है। इस अभियोग में अभियुक्त के विरुद्ध स्थाई वारंट भी जारी है। एटीएस की वाराणसी यूनिट द्वारा 28 जुलाई को सुभाष मंडल को मोहनसराय थाना, रोहनिया, वाराणसी से गिरफ्तार किया। अभियुक्त को थाना नैनी, कमिश्नरेट, प्रयागराज में दाखिल किया गया।

छोटे-छोटे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को कांग्रेस से जोड़ें: खाबरी

● लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई मुछआरा कांग्रेस की बैठक आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव हमारे निकट है, ऐसे में हम सभी को पूरी ताकत के साथ संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारे समक्ष विभिन्न स्थितियां हैं जिन्हें हमें समझने की जरूरत है। छोटे-छोटे कार्यक्रमों के माध्यमों लोगों को जागरूक कर कांग्रेस से जोड़ने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। किसी भी सूरत में हम लोगों को लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर श्री राहुल गांधी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। जिसके लिए हमें वोटर लिस्ट में अभी से ही अपने लोगों के नाम जुड़वाने के लिए लगने की आवश्यकता है।

खाबरी शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश मछुआरा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक का आयोजन आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर किया गया था। खाबरी ने कहा कि आज हमारे देश का संविधान एवं लोकतंत्र खतरे में है। पूरे देश में नफरत एवं विघटन का माहौल व्याप्त है, मणिपुर हिंसा इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां महिलाओं को नग्न घुमाया गया जो कि पूरे देश को शर्मसार करने वाली घटना है। महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याएं जैसे गंभीर मुद्दों पर बात न करके मन की बात सुनाई जा रही है, जिससे देश एवं प्रदेश की जनता का कोई लाभ नहीं होने वाला।

भाजपा ने देश को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया: अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने दस साल में देश को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया। भाजपा सरकार ने अपने स्वार्थ के लिए मणिपुर जैसी घटना होने दी। हालात यह है कि आज प्रधानमंत्री जी लोकसभा का सामना नहीं कर पा रहे हैं। भाजपा की सरकारों ने देश की जनता का भरोसा तोड़ा है। महंगाईए बेरोजगारी बढ़ायी है। किसानों की आय नहीं बढ़ी। देश की जनता ने भाजपा को दस साल तक देख लिया। श्री अखिलेश यादव आज राजस्थान में अजमेर यात्रा पर थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग इंडिया गठबंधन से घबराए हुए हैं। ये लोग देश को क्या आगे बढ़ाएंगेघ् भाजपा वाले इंडिया गठबंधन का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। भाजपा की सरकार ने महंगाई बहुत बढ़ा दी। डीजलए पेट्रोलए गैस सिलेण्डरए सरसों का तेलए खाने.पीने की चीजें सब महंगी हैं। इस सबका मुनाफा किसकी जेब में जा रहा हैघ् भाजपा सरकार गरीब और मध्यम वर्ग की जेब काटकर मुनाफा अपने उद्योगपति मित्रों की तिजोरियों में डाल रही है। इंडिया गठबंधन में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के सवाल पर श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन में बहुत से अनुभवी नेता हैं। सभी ने अपने-अपने राज्यों में अच्छे और बड़े विकासकार्य किये हैं। गठबंधन के लिए पीएम पद कोई मुद्दा नहीं है। हमारे पास कई चेहरे हैं। कई च्वाइस हैं। जबकि भाजपा के पास तो सिर्फ एक चेहरा है। बीजेपी के पास कोई च्वाइस नहीं है।

उपभोक्ता हित हमारी शीर्ष प्राथमिकता: डॉ. आशीष कुमार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● यूपी पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने शक्ति भवन में कार्यभार ग्रहण किया

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा है कि उपभोक्ता सेवा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हम बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। हर उपभोक्ता को समय पर सही रीडिंग का बिल उपलब्ध करायें तथा उपभोक्ता की समस्याओं का तत्काल निराकरण करें।

अधिकारियों से वार्ता करते हुये उन्होनें कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था बेहतर हो इसके लिये यह भी जरूरी है कि हम जितने मूल्य की बिजली दें उतना राजस्व वसूलें। लेकिन यह तभी सम्भव होगा जब सभी उपभोक्ताओं को समय से सही रीडिंग का बिल प्राप्त हो। इसके लिये हमे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक उपभोक्ता को समय से सही रीडिंग का बिल प्राप्त हो जाये।

अध्यक्ष ने कहा कि इस समय भीषण गर्मी के कारण विद्युत की मॉग अत्याधिक है। पावर कारपोरेशन मॉग के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत प्राप्त हो इसके लिये अधिकारी पूरी सजगता बरतें। स्थानीय दोषों को तत्काल ठीक किया जाये। क्षतिग्रस्त परिवर्तक निश्चित समय.सीमा में बदले जायें। अधिकारी फोन उठायें और उपभोक्ता को सही जानकारी दें। उन्होनें कहा कि बिजली चोरी पर प्रभावी रोक लगे और लाइन हानियॉ कम हो इसके लिये लगातार अभियान चलाकर चोरी रोकी जाए साथ ही ये भी सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी उपभोक्ता का उत्पीड़न न हो।

अध्यक्ष ने उपभोक्ता सेवा को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुये कहा कि उपभोक्ता हमारे लिये देवो भव है। हमारा उनके प्रति व्यवहार अच्छा होना चाहिए तथा ऐसा वातावरण बनाना चाहिए कि उसे किसी भी तरह की कोई समस्या न हो। यदि उसकी कोई समस्या हो भी तो उसका कम से कम समय में निस्तारण सुनिश्चित हो। इसके लिये अधिकारी लगातार सजग रहें तथा 1912 यदि सेवाओं पर आने वाली सूचनाओं और समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

यूपी पावर कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहाकि हमें प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाना है इसके लिये यह जरूरी है कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कड़ी मेहनतए ईमानदारी तथा लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। डा. गोयल ने शुक्रवार को शक्ति भवन में विधिवत कार्य शुरू कर दिया। उनसे मिलने आज अनेक संगठनों के श्रमिक नेता पहुँचे जिनसे अध्यक्ष ने शिष्टाचार भेट भी की।

अध्यक्ष ने सुबह शक्ति भवन पहुँच कर कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमे उन्होंने सभी से परिचय प्राप्त किया। सामने कारपोरेशन की वित्तीय स्थिति के साथ विभिन्न कार्यों तथा योजनाओं का प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष ने कहा हमें विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिये परिवर्तकों के मरम्मत के कार्य की मानीटरिंग को और व्यवस्थित करना चाहिए। जिससे ट्रांसफार्मर मरम्मत के बाद पुन: जल्दी क्षतिग्रस्त न हों। उन्होंने ट्रांसफार्मर वर्कशापों के परफार्मेन्स की लगातार मानीटरिंग के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से यह भी पूँछा कि राजस्व वसूली क्यों नहीं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब तक अधिशाषी अभियन्ता इसमें ठीक से काम नहीं करेगा तब तक राजस्व वसूली नहीं बढ़ेगी। राजस्व वसूली के लिये कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि नये पावर परिवर्तकों को भारित उपकेन्द्रों पर ही लगाया जाये। शक्ति भवन में सम्पन्न इस बैठक में प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार सहित सभी निदेशक तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थति थे।

'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान 9 से होगा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सीएम ने कहा, हर गांव, हर नगर से आएगी मिट्टी, निकलेगी अमृत कलश यात्रा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यूम के तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में आदरणीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में स्वाधीनता दिवस के अवसर पर 'मिट्टी को नमन, वीरों का वन्दन' के संदेश के साथ 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का कार्यक्रम है। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस पुनीत कार्यक्रम में हर उत्तर प्रदेश वासी को सहभागी बनना चाहिए।

उन्होंने कहा कि 9 से 15 अगस्त तक की अवधि के इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों, स्थानीय निकायों में शिलाफलकम का लोकार्पण हो। प्रधानमंत्री द्वारा तय किए गए 'पंच प्रण' के प्रति हर प्रदेशवासी संकल्पबद्ध हो। वसुधा वंदन करते हुए पौधरोपण किया जाए। वीरों के वंदन के भाव के साथ स्वाधीनता संग्राम सेनानियों, अमर शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जाए।

मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अपने देश, अपनी मातृभूमि के लिए श्रद्धा, आदर एवं सराबोर हो जाने जैसे अपनेपन के भाव से प्रेरित है। इसके तहत हर विकास खंड और नगरीय निकाय से वहां की पावन मिट्टी लेकर अमृत कलश तैयार किया जाए। प्रत्येक जिले में सभी स्थानीय नगरीय निकायों का एक सम्मिलित अमृत कलश बनाएं। जबकि हर विकास खंड का एक-एक पृथक अमृत कलश तैयार किया जाए। यह अमृत कलश लखनऊ और देश के राजधानी दिल्ली में आजादी के अमृत वर्ष की स्मृति के साथ संग्रहीत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमृत कलश में हर गांव-हर शहर की मिट्टी हो। यह कलश गांव से ग्राम पंचायत, फि र ब्लॉक मुख्यालय होते हुए जिला मुख्यालय पर एकत्रित हो। इसी प्रकार सभी नगरीय निकायों के कलश जिला मुख्यालय स्थित नगर निगम-नगर पालिका पर एकत्रित हो। तदुपरांत यह कलश प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचेंगे और फि र नोएडा होते हुए राजधानी दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पूरे देश से आए अमृत कलश के साथ एकत्रित होंगे। अमृत कलश देश की पावन मिट्टी से पूरित हैं। इसका पूरा सम्मान हो। अमृत कलश यात्रा भव्य हो। जगह.जगह आमजन की सहभागिता के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा इसका सम्मान किया जाए। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से कर ली जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर ग्राम पंचायत-नगरीय निकाय में शिलाफलकम स्थापित किया जाना है। शिलाफलकम पर आजादी के अमृत वर्ष के विजन प्रदर्शित होगा। स्थानीय वीरों-शहीदों का परिचय प्रदर्शित होगा। हर ग्राम-नगर में शिलाफलकम का पूरे सम्मान के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित कर लोकार्पण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन के लिए सभी जिलाधिकारियों से संवाद कर बेहतर कार्ययोजना तैयार कर लें। 9 से 15 अगस्त तक हर दिन का कार्यक्रम तय करें राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन, प्रभात फेरियां, नुक्कड़ नाटक आदि के आयोजन भी किए जाएं।

डायट, पीएस राजापुर तक बनेगी क्रिटिकल गैप से सीसी रोड, जिलाधिकारी ने दी स्वीकृति

● नौनिहालो, प्रशिक्षुओं की आवागमन में आ रही दिक्कतें होंगी दूर, जल्द बनेगा मार्ग

लखीमपुर खीरी। डायट, पीएस राजापुर जाने वाले मार्ग के दिन अब बहुरेंगे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने क्रिटिकल गैप से सीसी रोड बनने की स्वीकृति दी। डीएम के निर्देश पर सीडीओ के नेतृत्व में अफसरों का दल ने स्थलीय निरीक्षण कियाए उसकी नाप जोक की। मुख्य मार्ग से डायट, प्राथमिक विद्यालय, अभ्युदय कक्षाओं को जाने वाले मार्ग जीणशीघ्र होने से काफी सुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था, जिसका डीएम ने स्वत संज्ञान लिया। फौरन इस मार्ग को बनाने के लिए निर्देशित किया। डीएम ने इस 100 मीटर मार्ग पर छह मीटर चौड़ाई की सीसी सड़क नाली सहित न केवल बनाने की स्वीकृति दी बल्कि सीडीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण के लिए भेजा। डीएम के निर्देश मिलते ही अधिकारी हरकत में आ गए। शुक्रवार को सीडीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता आरईडीए जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरविंद वर्मा उक्त मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया वस्तुस्थिति देखीए इस दौरान सीडीओ ने अपने सम्मुख उस मार्ग की नापजोख कराई और जल्द ही इस पर गुणवत्तायुक्त सीसी रोड का काम शुरू करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि इस जीर्ण.शीर्ण मार्ग पर जलभराव के चलते नौनिहालोंए प्रशिक्षुओंए प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। डीएम के इस निर्णय से आवागमन में हो रही कठिनाइयों से राहत मिलेगी। इस मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की कक्षाएं भी संचालित है।

बैराजों से हर रोज छोड़ा जा रहा लाखों क्यूसेक पानी

सीतापुर। सीतापुर में लगातार सरयू के घटते-बढ़ते जलस्तर से ग्रामीणों की नींद उड़ी हुई है। जनपद की तहसील महमूदाबाद क्षेत्र के दर्जनों गावों के ग्रामीण बीते कई दिनों से सरयू के बढ़ते जलस्तर से डरे और सहमें हुए है। उन्हे बाढ़ आ जाने का भय सता रहा है। हालाकिं शुक्रवार को सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया है, फिर भी नदी के किनारे बसे गांव अखरी, अंगरौरा, शंकरपुरवा, बाबाकुटी, फत्तेपुरवा, निरंजनपुरवा, प्यारेपुरवा, मिश्रनपुरवा, बक्शीपुरवा, सोतीपुरवा, कनरखी, खुन्नापुरवा सहित करीब तीन दर्जन गांवों के ग्रामीणों को बाढ़ का भय सता रहा है, क्योंकि विगत बुधवार को सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से पार कर दस सेंटीमीटर ऊपर हो गया था। पानी घटते ही कटान होने लगी है। अखरी निवासी जुगुल किशोर के मुताबिक पानी घटा है, लेकिन कटान बढ़ गई है। शंकरपुरवा,अखरी, बाबाकुटी के पास कटान हो रहा है। शंकरपुरवा में हरी रामचंद्र, अमरजीत का घर कट चुका है। उधर बैराजों से लगातार पानी छोड़े जाने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को बनबसा बैराज से 54 हजार 743,शारदा बैराज से 1 लाख 38 हजार 707 और गिरिजा बैराज से एक लाख 34 हजार 435 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे जलस्तर बढ़ने का अंदेशा बना हुआ है।

एसडीएम ने किया सरकारी स्कूल का निरीक्षण, बच्चों से पूछे सवाल

मोहम्मदी खीरी। उप जिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय शंकर पुर का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में पहुंचकर बच्चों से सामान्यत ज्ञान के प्रश्न पूछे एजिसमें सब्जियों के नामए हमारे देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कौन है, जिसमें विद्यालय के कुछ बच्चों ने सही उत्तर दिया विद्यालय में उप जिलाधिकारी ने बच्चों के भोजन की व्यवस्था भी देखी और खंड शिक्षा अधिकारी को समय से एमडीएम बनाने के निर्देश दिए, उन्होंने शौचालय सहित अन्य का भी निरीक्षण किया। स्कूल के निरीक्षण में उप जिलाधिकारी को विद्यालय में साफसफाई सही मिली तथा अन्य के बारे में प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया।

स्कूल की टीचर की लापरवाही ने छात्र की ले ली जान

बरेली। बरसात के दौरान स्कूल की टीचर ने बच्चों की छुट्टी कर दी, घर जाते समय रास्ते मे बच्चा तालाब में गिर गया। तालाब में डूबने के कारण बच्चे की मौत हो गई परिवार वालों ने टीचर पर लापरवाही का आरोप लगाया। थाना फत्तेहगंज पश्चिमी के गांव रुकमपुर निवासी मैकूलाल ने बताया उसका पुत्र अनमोल 12 वर्षीय प्राथमिक विद्यालय माधोपुर में कक्षा 6 का छात्र स्कूल पढ़ने गया था स्कूल की छुट्टी के दौरान बारिस हो गई स्कूल की टीचर ने बंच्चो की छुट्टी कर दी और बैग रख लिए , बच्चे भीगते हुए स्कूल से घर को निकले अनमोल का पैर फिसल गया सड़क किनारे बने तालाब में अनमोल गिर गया तालाब में डूबने से अनमोल की मौत हो गई। अनमोल कक्षा 6 का छात्र था। मैकूलाल का आरोप है बारिश हो रही थी स्कूल की टीचर को छुट्टी नहीं करना चाहिए थी बारिश रुक जाती तब स्कूल की छुट्टी करते अनमोल की जान नही जाती।

पांच दशक पुराने मुख्य मार्ग पर किया जा रहा कब्जा

● कब्जा हटवाने के लिए भटक रहे ग्रामीण

● शिकायत पर कई बार मौके पर गई पुलिस कार्यवाही शून्य ● क्यो कार्यवाही करने से कतरा रही पुलिस

सीतापुर। योगी सरकार में जहां सरकारी जमीनों पर से अवैध कब्जे हटवाए जा रहे हैं अनाधिकृत मकानो, बिल्डिंगों को ढहाने के लिए बुल्डोजर गरज रहा है। ग्रामीण इलाकों में जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। गांव में सक्रिय दबंग मुख्य मार्ग पर कब्जा करने में भी डर नहीं रहे है। मुख्य मार्ग पर कब्जा किए जाने से ग्रामीणों का आवागमन रूक गया है। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचती तो है लेकिन मौका मुआयना कर चुपचाप वापस चली आ रही है। ताजा मामला सीतापुर के ब्लाक व थाना रेउसा की ग्राम पंचायत करसा का सामने आया है। पुलिस से न्याय न मिलते देख शुक्रवार को गांव के ग्रामीणों ने ब्लाक मुख्यालय रेउसा पहुंचकर अपनी समस्या ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के समक्ष रखी। ग्रामीणों का आरोप है कि पचास वर्षों से जो मुख्य मार्ग गांव का था उस पर गांव के ही इश्तियाक, अशफाक पुत्रगण रफीक ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। रास्तें पर ट्रेक्टर ट्राली खड़ी करने के साथ ही अस्थाई कब्जे के लिए दीवार बना रहे। ग्रामीण अपनी फरियाद बीडीओ विवेकमणि त्रिपाठी को सुनाना चाह रहे थे लेकिन वह ब्लाक मुख्यालय पर मौजूद नहीं मिले। बीडीओ की नामौजूदगी में ग्रामीणों ने शिकायती पत्र सहायक विकास अधिकारी विजय कुमार श्रीवास्तव को सौंपा।

पीएचडी की उपाधि से परिवार का नाम किया रोशन

संवाददाता। निघासन.खीरी

यह सत्य है की सफलता एक दिन मे नही मिलती पर यदि ठान लो तो एक दिन जरूर मिलती है जी हाँ मैं सुधाकर त्रिपाठीएपुत्र राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी माता गौरी देवी ग्राम पोस्ट बरोठाए तहसील निघासन का एक साधारण मध्यम वर्गीय परिवार का विद्यार्थी जिसनें अपनें जीवन की बड़ी से बड़ी विपरीत परिस्थितियों के सामनें हार नही मानी चाहे वो माँ का दो बार का लखनऊ मे आपरेशन हो, या पिता की पसलियों का टूटना हो और या फिर बड़े भाई स्वर्गीय भास्कर त्रिपाठी की अचानक दुर्घटना मे मृत्यु हो और उसके बाद भाभी उनकी तीन बेटियां मम्मी पापा के प्रति कर्तव्यों का निरन्तर निर्वाह करने की जिम्मेदारीयो को निभाते हुएएअपनें घर पर ही स्वाध्याय के द्वारा अर्जुन की आंख की तरह अपनें लक्ष्य की तरफ लगे रहने के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर बननें और पीएचडी करनें हेतु आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा मे ईश्वर की असीम अनुकम्पा माता पिता तथा गुरूजनों के आशीर्वाद और आत्मीय बन्धुओं की शुभकामनाओं से चार बार नेट और इस बार जेआरएफ की सफलता प्राप्त की।

जो मेरे जीवन की बहुत बडी सफलता है ये मेरे लिए किसी सपनें के पूरे होने सा है, मैनें अपनी प्राथमिक शिक्षा हमनें अपनें गांव के प्राथमिक विद्यालय के साथ भजन पुरवा, देवीदीनपुरवा से 6 से 8 की शिक्षा झण्डी के उच्च माध्यमिक विद्यालय से, 9 से 12 तक की शिक्षा द्वारिका प्रसाद गायत्री इण्टर कालेज से बीए की शिक्षा डा. भीमराव आंबेडकर तराई किसान महाविद्यालय लालपुर से एमए की शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से और बीएड की शिक्षा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से प्राप्त की है जिसमे मेरी मेहनत के साथ मेरे माता पिता का अथक परिश्रम जुडा हुआ है जिसके लिए मैं उनके प्रति सम्पूर्ण हृदय की गहराई से आदरांजलि समर्पित करता हूँ। अन्त मे मैं यही कह सकता हूँ की कभी दरिया के भीतर भी समन्दर जाग उठता हैएमिले सम्मान हीरे का तो पत्थर जाग उठता हैएमेरा ईश्वर तेरा अल्लाह मालिक एक है सबकाए मेहरबानी हो गर उसकी तो मुकद्दर जाग उठता है।

मस्जिद में राख डाल कर मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओ को भड़काने की कोशिश

बरेली। जमात रजा ए मुस्तफा के उपाध्यक्ष सलमान मियां के दिशा निर्देश अनुसार मोइन खान के नेतृत्व में जमात रजा ए मुस्तफा का प्रतिनिधि मंडल जोगी नावादा के क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने वालों को खिलाफ क्षेत्रीय लोगों द्वारा 23 जुलाई को स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया था उसमें बारादरी पुलिस द्वारा आज तक मुकदमा पंजीकृत नहीं करा उसी संबंध में आईजी साहब से मिलकर मुकदमा पंजीकृत कराने के संबंध में एक प्रार्थना पत्र स्थानीय लोगों द्वारा आईजी जोन को दिया गया। जिसमे मांग की गई है जो भी लोग इस प्रकरण में दोषी हैं उनके खिलाफमुकदमा पंजीकृत कर के सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधिमंडल में मुख्यरूप से मोईन खान, शईबउद्दीन रजवी हाजी सैयद रहमत अली जुबैर नबी,अब्दुल कासिम, सय्यद इकरार अली, सलमान खान नजीर खान व स्थानीय निवासी आदि लोग मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

कॉलेज की छात्राओं ने प्राचीन इतिहास और संस्कृति विभाग एमजेपी रोहिलखंड विवि के पांचाल संग्रहालय का किया भ्रमण

बरेली। दूरदर्शन केंद्र के सामने स्थित शांतिकुंज गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने आज एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली के प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग के पांचाल संग्रहालय का शैक्षिक भ्रमण किया। पांचाल संग्रहालय के उत्कृष्ट इतिहास पर डॉ हेमंत शुक्ला ने प्रकाश डालते हुए बताया कि पंचाल के इतिहास में बरेली का भी उत्कृष्ट इतिहास रहा है। राजा द्रुपद ने पांचाल के दक्षिणी भाग में बदायूं, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद आदि जिले थे, जिनकी राजधानी कपिल थी। उत्तरी पांचाल में बरेली जिले में आंवला अहिच्छत्र उत्तरी राजधानी था। एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय में आज का यह शैक्षिक भ्रमण पांचाल संग्रहालय के कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर विजय बहादुर यादव के निर्देशन में डॉ. अनूप रंजन मिश्रा, डॉ. हेमंत शुक्ला, डॉ. पंकज शर्मा और गौरी शंकर के सानिध्य में कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ। शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्राओं को प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में पांचाल संग्रह के पूरे इतिहास से परिचित कराया गया तत्पश्चात प्रश्नकाल के दौरान छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा प्रश्नों से अपनी जानकारी और समझ को विस्तार दिया। शांतिकुंज गर्ल्स इंटर कॉलेज की 65 छात्राओं के साथ उनके शिक्षक अजय कुमार एवं रेनू यादव शैक्षिक भ्रमण के दौरान पूरे समय उपस्थित रहे।

युवक की गोली मारकर हत्या

बरेली। रात के समय घर से बाहर निकले युवक की देर रात सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई सुबह होने पर उसकी लाश घर से दूर खून से लथपथ पाई गई। पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला गंगापुर निवासी 26 वर्षीय शिवम गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता की लाश आज गंगापुर में नाग पंचमी मेला ग्राउंड में स्थित एक छप्पर के नीचे पाई गई उसके सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी मृतक के भाई मनोज ने बताया कि शिवम लगभग 4 वर्ष से एक विधवा महिला के साथ उसके घर में रहता था बीती रात लगभग 10 बजे शिवम जब घर में मौजूद था तब किसी ने फोन करके उसे बुलाया वह कुछ देर बाद वापस लौटने की बात कहकर घर से बाहर चला गया लेकिन वापस नहीं लौटा रात लगभग 12 बजे उसके साथ रहने वाली महिला ने उसे फोन करके बातचीत की कोशिश की उसने कुछ देर बाद आने की बात कह दी और फोन काट दिया इसके बाद उससे फोन पर बातचीत नहीं हो सकी सुबह होने पर एक युवक ने उसकी लाश को नाग पंचमी मेला ग्राउंड में छप्पर के नीचे देखा और उसके भाई को सूचना दे दी तब घर के लोग मौके पर पहुंचे कुछ देर बाद सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक के घरवालों ने किसी भी रंजिश से इनकार किया बताया जाता है कि मृतक सट्टा लिखने का काम करता था और इसी विवाद के चलते उसकी हत्या की गई है।

तालाब में डूबने से छात्र की मौत

बरेली। बारिश के चलते प्राथमिक विद्यालय के स्टॉफने बच्चों का बस्ता स्कूल में जमा कराकर घर जाने के लिए कह दिया लगभग एक किलोमीटर दूर कक्षा 6 के छात्र का पैर फिसल गया और उसकी तालाब में डूबने से मौत हो गई परिजनों ने विद्यालय के स्टॉफपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।फत्तेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव रूकमपुर निवासी मैकुलाल का 12 वर्षीय बेटा अनमोल गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा छह का छात्र था। गुरुवार को अनमोल स्कूल गया था लगभग एक बजे बारिश होने लगी तो स्कूल के स्टॉफने सभी बच्चों का बैग स्कूल में ही जमा कर लिया और उनसे घर जाने के लिए कह गया अनमोल भी गांव के चार बच्चों के साथ बारिश में भीगते हुए घर आ रहा था लगभग एक किलोमीटर चलने के बाद उसका पैर फिसल गया और वह गहरे तालाब में डूबने लगा साथ चल रहे बच्चों ने शोर मचा दिया लेकिन जब तक लोग मौके पर पहुंचे तब तक अनमोल की मौत हो चुकी थी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन हंगामा करने लगे कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के चाचा ने आरोप लगाया कि विद्यालय के स्टॉफकी लापरवाही के कारण उनके बच्चे की मौत हो गई वह पोस्टमार्टम कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग करेंगे ।

दबंगों ने युवक को स्कूटी से बांधकर घसीटा वीडियो वायरल

बरेली। दबंगों ने एक युवक को स्कूटी से बांधकर काफी दूर तक घसीटा घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया लेकिन किसी ने घटना की शिकायत पुलिस से नहीं की । बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर स्थित होली चौराहा से शमशान भूमि की तरफआने वाले मार्ग पर स्कूटी सवार तीन युवक संजय नगर पुलिस चौराहा से स्कूटी में एक युवक को रस्सी से बांधकर घसीटते दिखाई दे रहे है 2 दिन पूर्व सुबह तड़के की इस घटना का वीडियो रास्ते में सड़क किनारे लगे सीसीटीवी में कैद हो गया जो आज वायरल हो गया लेकिन किसी ने भी घटना की शिकायत पुलिस से नहीं की पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

हिस्ट्रीशीटर और इसके साथी ने की कार सवार लोगों पर फायरिंग

बरेली। कांवड़ का सामान लेकर जा रहे कार सवारों पर हिस्ट्रीशीटर ने अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग कर दी उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों को तलाशने में जुट गई ।बिथरी थाना क्षेत्र के पुन्नापुर निवासी जितेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार शाम को अपनी कार से कांवड़ का सामान लेकर आ रहे थे कार में चन्द्रप्रकाश और अमित सवार थे गांव के चौराहे पर हिस्ट्रीशीटर संजीव, उसका भाई गिरीश, सतीश, कमल, प्रमोद पकौड़ी, कैलाश व कई अज्ञात पहले से घात लगाए बैठे थे उन्होंने कार का रास्ता रोक लिया यह देख जितेंद्र ने कार दौड़ा दी संजीव अपनी स्कॉर्पियो से पीछा करने लगा रास्ते में अचानक गाय आ गई जिस कारण उन्हें कार रोकनी पड़ी इसी दौरान संजीव ने फायरिंग कर दी गोली की आवाज सुनकर गाय भाग खड़ी हुई और जितेंद्र ने कार दोबारा दौड़ा दी जितेंद्र ने बताया कि आरोपी गांव में दहशत फैलाना चाहते थे।

अस्पताल में नहीं मिलते डॉक्टर मरीजों को करना पड़ता है इंतजार

● सरकार की तमाम सख्ती बेअसर

● सीएचसी मीरा नगर में चार डॉक्टरों की है तैनाती

● शुक्रवार को अस्पताल में कोई नहीं मौजूद था चिकित्सक

सीतापुर। यूपी के सीतापुर में सरकार की तमाम सख्ती और प्रयासों का कोई असर नहीं दिख रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अक्सर डॉ. नदारद रहते है जिससे मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। कुल मिलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सेवाएं बेपटरी है। एक तरफ जहां अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं नहीं है तो डाक्टर भी मनमानी पर उतारु है। यह हकीकत शुक्रवार को उस समय बेपर्दा हुई है जब आई इंडिया ने जनपद के तहसील महमूदाबाद क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरा नगर में जायजा लिया। आई इंडिया टीम पूर्वाहन 11 बजे सीएचसी मीरा नगर पहुंची। 11 बजे तक कोई डॉ. अपने कक्ष में मौजूद नहीं था। मौके पर फार्मासिस्ट शशिकांत मिश्रा और एक कक्ष सेवक रामगोपाल उपस्थित थे। परिसर में मौजूद मरीज चिकित्सकों के आने का इंतजार कर रहे थे। जबकि सीएचसी में चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित महेश, डॉ. अनम फारुकी, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. धनंजय यादव, फार्मासिस्ट शशिकांत मिश्रा, सरोज पांडेय, जितेन्द्र मिश्रा, मनोज कुमार, शिवकुमार, भगौती गीता, रामगोपाल आदि की तैनाती है। डॉक्टरों की लापरवाही और मनमानी का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है बता दें कि सीएचसी मीरा नगर में आसपास के करीब 20 गांवों की आबादी बीमार पड़ने पर इलाज के लिए पहुंचती है।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल से दिल्ली में मांगी गई जोगी नवादा की रिपोर्ट

बरेली। श्रावण मास के पावन अवसर पर नाथ नगरी बरेली के जोगी नवादा से कावड़ ले जा रहे शिवभक्त श्रद्धालुओं पर दिनांक 23 जुलाई को दूसरे समुदाय के लोगों के द्वारा पथराव किया गया संपूर्ण घटनाक्रम से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल को दिल्ली अवगत कराया गया। उपरोक्त घटना के संबंध में राजेश अग्रवाल ने सरकार व पुलिस के आला अधिकारियों से वार्ता कर वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष अग्रवाल को निर्देशित किया की वह घटनास्थल जाएं और पीड़ित पक्ष से संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें तब पीड़ित पक्ष की तरफ से अमित प्रजापति ने पूरी घटना का विस्तार से वर्णन किया अमित प्रजापति सहित घटनास्थल पर मौजूद अन्य लोगों ने भी आंखों देखा हाल बताया हमारे द्वारा पीड़ित पक्ष को यह आश्वासन दिया कि सरकार व संगठन आपके साथ हैं किसी भी रूप में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

हेल्थ एटीएम मशीन का विधायक ने किया लोकार्पण

मोहम्मदी खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी में अपनी विधायक निधि से दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने हेल्थ एटीएम मशीन का किया लोकार्पण इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंहए चेयरमैन ने कहा मोहन जी की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए मैंने अपने नेट से इस डिजिटल मशीन लगवाने का निर्णय किया इस मशीन से आपको हर प्रकार की जांच हो सकेगी एक बार में इस मशीन के माध्यम से आप अपने शरीर मैं व्याप्त रोगों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं इस मशीन से हेल्थ स्क्रीनिंग पूरी तरह संभव है उदधाटन मे चैयरमैन संदीप मेहरोत्रा कन्हैया एसीएमओ डॉ संतोष गुप्ता एअधीक्षक डॉ मयंक मिश्राए डॉ सुशील शुक्लाए वरिष्ठ पत्रकार सुभाष चंद्र गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।'

मणिपुर में जारी हिंसा के विरोध में ईसाई समाज ने निकाला शांति मार्च

बरेली। मणिपुर में हो रही घटनाओं के विरोध में ईसाई समाज ने गांधी उद्धान से शांति मार्च निकालकर जिला अधिकारी कार्यालय पहुचकर पास्टर विलियम सैमुअल के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एसीएम प्रथम को ज्ञापन सौंपा ।पास्टर विलियम सैमुअल ने कहा मणिपुर में महिलाओं को नग्न कर घुमाया गया एवं उनके साथ बर्बरता की गई, सामूहिक बलात्कार कर उनकी हत्या कर दी गई है। हजारों बच्चों को आनाथ कर दिया गया। माता पिता ने अपने बच्चों को खो दिया। कई हजार घरों को जला दिया गया। कई हजार लोग जंगल में रहने को मजबूर हैं। इसको लेकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन दिया। राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश भारत, लोकसभा एवं राज्यसभा के सभापतियों, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से मणिपुर हिंसा के दोषियों पर कारवाही को लेकर निवेदन किया गया है और मांग की है कि मणिपुर में हिंसा पर रोक लगाई जाए। इसमें बरेली के सभी चर्च के पादरी एवं समस्त ईसाई समाज के लोग मौजूद रहे।

कैम्प में आंखों की समस्या से ग्रस्त मिले 16 वृद्ध

लखीमपुर खीरी। एनसीडी के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम बुजुर्गों की देखभाल के अंतर्गत वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में कैंप स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला पुरुष अस्पताल की टीम ने कैंप लगाया। 16 मरीज आंखों की समस्या से ग्रस्त मिले तो वहीं नौ मानसिक स्वास्थ्य से परेशान थे। जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉण् शिखर बाजपेई ने बताया कि बुजुर्गों की देखभाल कार्यक्रम एनपीएचसीई के माध्यम से बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ सेवाएं देने की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। 49 वृद्धों की जांच की गई। 9 मानसिक बीमारियों से ग्रस्त मिले जिनका इलाज मानसिक चिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला द्वारा किया गयाए तो वहीं 16 वृद्धजनों में आंखों की समस्या मिली। इन सभी को दवा उपलब्ध करा कर इलाज शुरू कर दिया गया है। उनके साथ नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ए स्टाफ नर्स विवेक मित्तल और ऑप्टोमेट्रिस्ट अरविंद वर्मा मौजूद रहे।

परीक्षण में चार विद्यार्थियों की नेत्र दृष्टि मिली कमज़ोर

● अथर्व भारत ने कराया नेत्र शिविर का आयोजन

● करीब 70 बच्चों की आंखों का कलर ब्लाइंडनेस का हुआ परीक्षण

सीतापुर। अथर्व भारत फाउंडेशन के द्वारा ग्राम पंचायत दुबावाँ के प्राथमिक विद्यालय में नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं की नेत्र परीक्षा की गई। नेत्र परीक्षण शिविर में लखनऊ से आये डॉ मनीष सिंह (एम.डी. एम्स दिल्ली) के द्वारा करीब 70 बच्चों की आंखों का कलर ब्लाइंडनेस का परीक्षण किया गया। जिसमें 4 विद्यार्थियों की नेत्र दृष्टि कमज़ोर पायी गई। डॉ सिंह नें चिकित्सीय सलाह प्रदान करते हुए आंखों को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न एक्सरसाइज का प्रशिक्षण भी दिया साथ ही उन्हें उचित दवाएं भी लिखी एवं नेत्र दोष अनुसार चश्मा पहनने की सलाह प्रदान की। साथ ही उन्होंने सभी को आंखों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। अथर्व भारत फाउंडेशन की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान कुशाग्र दीक्षित नें बताया कि बिना किसी सरकारी वित्त का प्रयोग करते हुए अथर्व भारत फाउंडेशन के द्वारा ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र व बालक बालिका शौंचालय का भी कायाकल्प कराया जाना अत्यंत सराहनीय कदम है। साथ ही उन्होंने बताया स्कूल के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य में सुधार हेतु भविष्य में फाउंडेशन के सहयोग से अनेकों शिविरों का आयोजन कराया जाएगा एवं उन्हें बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की जाएगी। अथर्व भारत टीम की इण्डिया हेड शिप्रा, यूपी हेड मुकेश मिश्रा, एवं संस्थापक कैप्टन प्रियव्रत त्रिवेदी, कमलेश पाण्डेय, ग्राम प्रधान दुबावाँ कुशाग्र दीक्षित सहित स्कूल के शिक्षक/शिक्षिकाओं की मौजूदगी रही।

चोरी की दो बैटरी समेत एक गिरफ्तार

संवाददाता। बरेली

पुलिस ने चोरी की दो बैटरी के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव ब्लूलिया निवासी शमशेर पुत्र नूर मोहम्मद को पुलिस ने आज वन विभाग चौकी के पास से गिरफ्तार कर लिया उसके पास चोरी की दो बैटरी बरामद की गई पुलिस के अनुसार थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपनी दो बैटरीया चोरी की बात कही थी तब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए चोर को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी और आज वन विभाग चौकी के पास मुखबिर की सूचना के बाद चोर को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर दोनों बैटरी बरामद कर ली गिरफ्तार चोर को पुलिस ने जेल भेजा ।

नई परंपरा डालने में सहयोग करने वाले लोगों की एसएसपी से शिकायत

बरेली। नई परंपरा को रोकने को लेकर निषाद पार्टी के नेतृत्व में आज कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए कार्यवाही तथा नई परंपरा को रोकने की मांग की है।आज कल समाज के लोगों की नसों में धार्मिक जहर बहने लगा है। जिस देश को आजाद कराने में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी ने कुर्बानियां दीं आज उसी देश के नागरिकों को सियासत ने ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है कि लोग एक दूसरे से नफरत करने लगे हैं। अगर कोई इस नफरत को कम करने का काम करता है तो उसी के समाज के लोग उसके दुश्मन बन जाते है। मामला भमोरा थाना क्षेत्र के गांव हर्रामपुर का है जहां के रहने वाले लोग एक सियासी निषाद पार्टी के नेतृत्व में बरेली एसएसपी को संबोधित प्रार्थनापत्र लेकर पहुंचे और गांव के पूर्व प्रधान बुद्धसेन,नन्हे लाल,पंचम एवं सोहन लाल कश्यप के खिलाफ शिकायत की कहा कि ये लोग मोहर्रम में मेहंदी की रस्म की नई परंपरा मुस्लिम समाज के लोगों से डलवाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा गांव में मुस्लिम समाज के द्वारा बनाई जा रही मस्जिद के निर्माण में सहयोग किया जा रहा था जिसका हिंदू समाज के लोगों ने विरोध किया , तब मस्जिद निर्माण का कार्य रुका। साथ यह मेहंदी की रस्म को एक ओर नया बता रहे हैं वहीं दूसरी और यह भी कह रहे हैं कि प्रशासन ने मुस्लिम समाज के मुहर्रम त्योहार में निकलने वाली मेहंदी को शांतिपूर्वक निकलवा दिया है। साथ ही यह लोग पूर्व प्रधान और मुस्लिम समाज के लोगों को असामाजिक तत्व बता रहे हैं। इसी तरीके के लोग खुराफात करते हैं जिससे कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ता है। इसी तरीके के लोग दिलों में नफरत पैदा करने का काम करते हैं।

खेत तालाब का लक्ष्य पूरा न हुआ तो अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

● किसानों की सफलता की कहानी नामक पुस्तक का डीएम ने किया विमोचन

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में 'सब मिशन आंन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन' के अंतर्गत आत्मा गवर्निंग बोर्ड एवं कृषक उत्पादक संगठन एफपीओ की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि दलहन, तिलहन,मोटे अनाज एवं सब्जी उत्पादन आदि विभिन्न फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिए जनपद के विभिन्न कृषकों को जबलपुर, बनारस आदि जनपदों पर स्थापित अनुसंधानों में भेज कर प्रशिक्षण दिलाया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि से कहा कि जो किसान फसलों के उत्पादन में अच्छा कार्य कर रहे हैं उनका एक पीपीटी फोटोग्राफ्स के साथ बनाया जाए। किसानों को जिन फसलों के बीज अनुदान पर उपलब्ध कराएं गए हैं तो उनको समय से डीडीटी के माध्यम से भुगतान कराएं।

इसके बाद जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण विभाग के खेत तालाब योजना की समीक्षा करते हुए भूमि संरक्षण अधिकारियों से कहा कि जो शासन से खेत तालाब योजना का लक्ष्य दिया गया है उसमें प्रगति बहुत कम है इसको बढ़ाया जाए। जिन किसानों के खेत तालाब का सत्यापन हो गया है उसमें तत्काल कार्य शुरू कराएं। इस वर्ष भी शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य को अगर पूरा नहीं किया गया तो मैं सभी भूमि संरक्षण अधिकारियों एवं इंस्पेक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करूंगा।

उन्होंने नमशा योजना, किसान समृद्धि योजना,एमकेएसवाई आदि विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र गनींवा द्वारा तैयार की गई किसानों की सफलता की कहानी नामक पुस्तक का विमोचन भी किया।

फर्रुखाबाद स्टेशन का 16.85 करोड़ लागत से होगा सुंदरीकरण

संवाददाता। फर्रुखाबाद

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 16,85 करोड़ की लागत से मुगलकालीन बादशाह फर्रुखाशियर के नाम से स्थापित फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन का सौन्दरीकरण होगा। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल रेल प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल का फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन उत्तर प्रदेश के कानपुर मंडल का एक प्रमुख हिस्सा है जो मुगलकालीन बादशाह फर्रूखशियर के नाम से रखा गया है। फर्रुखाबाद जिले में प्रमुख तीर्थ स्थल कम्पिल, पांचाल घाट, महाभारत कालीन पांडेश्वर नाथ मंदिर आदि हैं। उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन का सौन्दरीकरण किये जाने के प्रस्ताबित कार्यों में रेल प्रतिक्षालय कक्ष रिटायरिग रूम, शौचालय ब्लॉक को विकसित किया जाएगा।

रेलवे सुरक्षा बल थाना को स्थानांतरित किया जाएगा। फसाड एवं सर्कुलेटिंग परिसर को सुदृढ़ कर स्टेशन परिसर में वाहनों के लिए पार्किंग क्षेत्र को विकसित करने का प्रावधान किया जाएगा।

खरीफ गोष्ठी में किसानों को मिलेट्स की दी विस्तृत जानकारी

● श्रीअन्न कृषक जागरूकता व कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

● डीएम ने कृषकों को कृषि निवेश व्यवस्था, उर्वरक आदि के बारे में दी जानकारी

संवाददाता। फतेहपुर

प्रेक्षागृह में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी, श्रीअन्न कृषक जागरूकता व कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित किसानों को जहां योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई वहीं किसानों को बीज भी वितरित किए गए। वहीं कृषि विभाग की ओर से स्टाल भी लगाये गये। जिनका अवलोकन मुख्य अतिथि विधायक विकास गुप्ता के अलावा जिलाधिकारी श्रुति ने किया। खरीफ गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रुति ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता ने हिस्सा लिया। डीएम व विधायक ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार ने संचालन करते हुए कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण एवं उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं विधायक का स्वागत एवं माल्यापर्ण कर शासन द्वारा संचालित लाभार्थी परख योजनाओं की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डा. जितेन्द्र सिंह ने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जल संचयन, हरी खाद हेतु देवा की कुआई करने एवं मृदा प्रबन्धन एवं जैविक खाद के अधिक प्रयोग की जानकारी तथा अपने व कृषकों के अनुभवों को सीधे कृषक/वैज्ञानिक संवाद के माध्यम से जारी कृषकों के मध्य साझा की गयी।

विधायक विकास गुप्ता ने शासन द्वारा चलायी जा रही लाभार्थी पर योजनाओं की जानकारी किसानों से साझा की। सीईओ नोएडा प्रदीप द्विवेदी ने मोटे अनाज की बुआई, विपणन एवं उसके लाभ आदि के बारे कृषकों को विस्तार से बताया। जिलाधिकारी ने कृषकों को कृषि निवेश व्यवस्था, उर्वरक व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी। इसके साथ ही यह भी बताया कि जनपद स्तर पर मिलेट्स को बोये जाने हेतु अर्न्तराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अर्न्तगत मोटे अनाजों के क्षेत्रफल विस्तार हेतु मिनीकिट्स के रूप में कृषकों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

एडीजी प्रयागराज के साथ एसपी वृंदा शुक्ला ने किया पैदल गश्त

चित्रकूट। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर, आईजी प्रयागराज रेंज चंद्र प्रकाश व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने मोहर्रम एवं श्रावण मास के मद्देनजर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने की गरज से कर्वी शहर की मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। शुक्रवार को पुलिस टीमों ने क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिया। उन्होंने त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने को सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिए। पैदल गश्त दौरान एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ प्रज्ञान अनुज मिश्र, सीओ नगर हर्ष पाण्डेय, सीओ लाइन्स शीतला प्रसाद पाण्डेय आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मोहर्रम को लेकर एसपी ने आधी रात में किया निरीक्षण

कोंच, जालौन। मुस्लिमों के प्रमुख त्योहार मोहर्रम को लेकर शुक्रवार को सीओ रामसिंह की अगुवाई में कोतवाली पुलिस और अंडर ट्रेनिंग करीब दो दर्जन दरोगाओं ने नगर में फुट पेट्रोलिंग कर नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिया तथा खासतौर पर ताजिया जुलूस के रूट पर जाकर आम लोगों से संवाद स्थापित किया। इधर, गुरुवार शुक्रवार की आधी रात को जिले के पुलिस कप्तान डॉ. ईराज राजा भी भ्रमण करते हुए कोंच पहुंच गए। उन्होंने कोतवाली पुलिस के साथ ताजिया रूट का निरीक्षण किया और अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

एसपी के आदेश पर बसपा नेता व अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज

फर्रुखाबाद। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अधिवक्ता राजीव वाजपेयी ने संजीब परिया, बसपा नेता अनुपम दुबे व चीनू के खिलाफ एफआईआर पंजीकृत करायी है। पुलिस ने मामले में तफ्तीश शुरू कर दी है। शहर कोतवाली के मोहगा न्यामत खां पश्चिम निवासी अधिवक्ता राजीव वाजपेयी ने दर्ज कराये गये मुकदमे में कहा है कि आरोपी संजीब पारिया, डॉ. अनुपम दुबे, शिव प्रताप उर्फ चीनू को बार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश इलाहाबाद द्वारा दस वर्ष के लिए डिबार घोषित 9 सितम्बर 2019 को किया गया था। इसके बाद भी संजीब पारीया बार एसोसिएशन बतौर महासचिव के नाम से पत्राचार करते हैं। अवैध रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव अधिकारियों को भेजते हैं और न्यायिक कार्य में गुंडई व दबंगई से बाधा पैदा करते हैं। संजीब परीया के साथ अनुपम दुबे की गिरफ्तारी होने पर संजीब परिया नें अपने अपराधी साथियों के साथ न्यायिक कार्य से अधिवक्ताओं को विरत किया गया और कचेहरी परिसर में अराजकता और भय का माहौल पैदा कर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नही किया। सीजेएम के खिलाफ योजना बनाकर हड़ताल करायी गयी। सीजेएम न्यायालय को मुख्य द्वार को बंद करा अपनी दबंगई के बल पर न्यायिक कार्य नही होने दिया। बीते 5 मार्च 2019 को कचेहरी में समय लगभग 11 बजे भारी मात्रा में गोला बारूद, अवैध असलहा अन्दर ले जाकर विस्फोट कर दीवानी न्यायालय की सुरक्षा को भंग किया गया ।

ढाई किलो से कम वजन के बच्चों की पेश करें सूची: अभिषेक आनंद

● डीएम ने पोषण समिति की बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला पोषण समिति की बैठक में सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनएफएचएस-5 सर्वे को ध्यान में रखते हुए संभव अभियान 3.0 में सभी बच्चों का पुन: वजन, लंबाई, ऊंचाई की नाप कराकर पोषण ट्रैकर एप पर फीड करायें। सैम बच्चों की सूची ईकवच एप पर फीड करायें। जो बच्चे पोषण पुनर्वास केंद्र से ठीक होकर जाते हैं, उनकी पुन: जांच आरबीएसके टीम करें।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को क्षेत्र में भ्रमण करने को कहा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जो ढाई किलोग्राम से कम वजन वाले बच्चे हैं, उनकी सूची सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को दें। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि गोद लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर मैत्री शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करायें।

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जो आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण हो रहा है उन्हें तत्काल पूर्ण करायें। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि समीक्षा कर काला चार्ट पेंट जो रामनगर, मऊ व कर्वी में नहीं हुआ, सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तत्काल करायें। उन्होंने कहा कि सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनिश्चित करें कि अगले माह पोषण ट्रैकर की फीडिंग पंचानवे प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए।

क्विक न्यूज

दो महिलाओं ने फांसी लगाकर दी जान, हत्या का आरोप

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो महिलाओं ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतकों के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के तौरा गांव निवासी शिवा की 20 वर्षीय पत्नी रेशमा देवी ने गुरूवार की शाम घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका की मां सुनीता देवी पत्नी स्व. रामसुमेर निवासी औरेई थाना थरियांव ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी 27 फरवरी 23 में किया था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन बीस ग्राम सोने की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न होने पर सांस चंदा देवी, ननंद रेखा सहित अन्य लोगों ने उसकी पुत्री की हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटका दिया। इसी प्रकार चांदपुर थाना क्षेत्र के परसेठा गांव निवासी रोहित की 25 वर्षीय पत्नी रानी देवी ने बीती रात संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

नए बिजनेस प्रीमियम में बड़ी उपलब्धि

कानपुर। एसबीआई लाइफइंश्योरेंस ने 30 जून को समाप्त अवधि के लिए 6,207 करोड़ रुपये का नया बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया। जबकि पिछले साल इसी अवधि में यानी 30 जूनए 2022 को समाप्त अवधि के लिए यह राशि थी 5.591 करोड़ रुपये। इसी तरह 30 जूनए 2022 को समाप्त इसी अवधि की तुलना में एकल प्रीमियम में 18 फीसद की वृद्धि हुई है। सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुएए एसबीआई लाइफका सुरक्षा न्यू बिजनेस प्रीमियम 30 जूनए 2023 को समाप्त अवधि के लिए 781 करोड़ रुपये रहा जो 12 फीसद की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी के पास प्रशिक्षित बीमा पेशेवरों का एक विविध वितरण नेटवर्क है और देश भर में 996 कार्यालयों के साथ कंपनी की व्यापक उपस्थिति है, जिसमें मजबूत बैंकएश्योरेंस चैनलए एजेंसी चैनल और कॉर्पोरेट एजेंटए ब्रोकरए पॉइंट ऑफसेल पर्सन ;पीओएसद्धए बीमा विपणन फर्मए वेब एग्रीगेटर और प्रत्यक्ष व्यवसाय शामिल हैं।

मूल्य परामर्श दात्री परिषद के सदस्य बने सांसद पटेल

चित्रकूट। किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने एवं कृषि लागत एवं मूल्य आयोग भारत सरकार के चिन्हित कृषि उपजों के मूल्य निर्धारण की संस्तुति भेजने को उप्र शासन ने 17 जुलाई 1991 मूल्य परामर्श दात्री परिषद का पुनर्गठन किया है। इसी क्रम में राज्यपाल ने उप्र की बांदा लोकसभा क्षेत्र से सांसद आरके सिंह पटेल को परिषद में सदस्य नामित किया है। शुक्रवार को सांसद आरके सिंह पटेल खुद एक किसान हैं। इस चयन से किसानों की मेहनत से पैदा फसल का अच्छा दाम सरकारी खरीद केंद्र में मिलेगा। भारत सरकार के चिन्हित स्थानों पर गेहूं-धान के साथ तिलहन व दलहन की भी खरीद होती है। बिचौलियों से बचत और किसान का पैसा सीधे बैंक खाते में पारदर्शी ढंग से पहुंचता है। केंद्र सरकार ने किसानों की फसल के एमएसपी के निर्धारित दाम समय-समय पर बढ़ाए जाते हैं।

लो वोल्टेज की समस्या पर तिरहार के किसानों का प्रदर्शन

चित्रकूट। भारतीय किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह के नेतृत्व में भदेहदु, सरधुआं, व्योहरा, बरेठी, पनौटी, लोहदा, सिंघौली आदि ग्राम पंचायतों के सैकड़ों किसानों ने लो वोल्टेज की समस्या को लेकर तहसील परिसर राजापुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम प्रमोद कुमार झा को ज्ञापन दिया। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष जसवन्त सिंह चौहान ने बताया कि तिरहार क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसानों ने लो-बोल्टेज की समस्या को लेकर तहसील परिसर राजापुर में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया है। किसानों की धान की बेड तैयार है।

दिव्यांग छात्रों के अभिभावकों की हुई कार्यशाला

हुसैनगंज, फतेहपुर। आर्थिक रूप से कमजोर और विकलांग छात्रों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें भी शिक्षित कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। बीआरसी हुसैनगज में आयोजित दिव्यांग छात्रों के अभिभावकों की कार्यशाला में बीईओ डा. विनोद कुमार गौतम ने व्यक्त किये। कार्यक्रम में दिव्यांगों के विशेष प्रशिक्षक रमा शंकर त्रिपाठी और महेंद्र प्रताप सिंह ने अभिभावकों से कहा कि नियमतः बच्चों को विद्यालय भेजे किसी भी तरह की दिक्कत नही होगी। कार्यक्रम में रिशोर्स पर्सन राम किशोर विकलांग शिक्षा ने विस्तार से कार्यक्रम की जानकारी दी।

प्रधान संघ ने डीएम से की भूसा खरीद भुगतान की मांग

जालौन, उरई। प्रधान संघ ने पुनः डीएम को ज्ञापन देकर गौशालाओं में भूसे-चारे का लंबित भुगतान कराने की मांग की है। जालौन ब्लॉक प्रधान संघ के अध्यक्ष अविनाश सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने डीएम को ज्ञापन देकर बताया कि चार महीने से भूसा चारे का कोई भुगतान नहीं किया गया है। इसके बाद भी गौशालाएं चलाने का दवाब बनाया जा रहा है। आखिर प्रधान कब तक जेब से भुगतान करते रहेंगे। यह तीसरा मौका है, जब प्रधान संघ गौशालाओं में लंबित भुगतान, प्रतिदिन मिलने वाली राशि को बढ़ाने और आवारा गौवंश की समस्या के स्थाई हल की माग उठा रहा है।

जन चौपाल में बोरिंग के लाभार्थी किसानों को प्रमाण पत्रों का किया गया वितरण

संवाददाता। जालौन, उरई

● सिंचाई विभाग द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

प्रतापपुरा में आयोजित जन चौपाल में सिंचाई विभाग द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान मध्यम गहरी बोरिंग के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा में जनचौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान लघु सिंचाई विभाग के जेई कृष्णवीर सिंह ने कहा कि सरकार बोरिंग के लिए लघु एवं सीमांत कृषकों को अनुदान देती है। जल के अपव्यय को रोकने एवं सिंचाई दक्षता को बढ़ाने के लिए भी अनुदान दिया जाता है। बोरिंग योजना के अन्तर्गत नाबार्ड द्वारा विभिन्न अश्वशक्ति के पंपसेटों के लिए ऋण की सीमा निर्धारित है। प्रदेश सरकार द्वारा मध्यम गहराई नलकूप फ्री बोरिंग योजना के माध्यम से नलकूप द्वारा सिंचाई की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा रहा है। इस योजना द्वारा किसान अपने खेतो में नलकूप की स्थापना, पाइप सिस्टम की स्थापना एवं नलकूप का ऊर्जीकरण करा सकेंगे। योजना के अंतर्गत मध्यम गहराई वाले नलकूपों का निर्माण किया जाता है। कार्यक्रम में इस योजना के माध्यम से लाभांन्वित किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

संवाददाता। हमीरपुर

कुरारा क्षेत्र में पांच साल पहले ताऊ द्वारा भतीजी के साथ एक वर्ष तक दुष्कर्म करने के आरोप में कोर्ट ने आरोपी को बीस साल का कठोर कारावास की सजा व तीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी एक बालिका के पिता की मौत के बाद अपने ताऊ की देखरेख में रहती थी।मगर उसने भतीजी से एक साल तक अवैध संबंध बनाये। लड़की कस्तूरवा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा सात में पढ़ती थी। ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद जब छात्रा विद्यालय छात्रावास पहुची तो उसने वार्डन से पूरी आप बीती बतायी वार्डन ने पांच जुलाई 2019 को थाना कुरारा में ताऊ रामबाबू के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर मामले को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

चंबल पंजा कुश्ती चैंपियनशिप-2 की तैयारियां जोरशोर से प्रारम्भ

संवाददाता। जगम्मनपुर, जालौन

पंजा कुश्ती के खिलाड़ियों के लिए चंबल परिवार एक बार फिर शानदार अवसर लेकर आ रहा है। चंबल घाटी के रणबांकुरे और मद्रास क्रांति के महानायक शंभूनाथ आजाद की याद में 'चंबल पंजा कुश्ती चौंपियनशिप-2' की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं।

चंबल परिवार द्वारा भदावर पीजी कालेज, बाह में रजिस्ट्रेशन और वजन 11 अगस्त को और चैंम्पियनशिप 12 अगस्त को होगी। इस चैंपियनशिप में चंबल अंचल के तीनों प्रदेशों के खिलाड़ी पंजे का कमाल दिखाएंगें। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ पत्रकार शंकर देव तिवारी ने बताया कि पंजा कुश्ती चौम्पियनशिप का संचालन उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोशियेशन के महासचिव डॉक्टर वीपी सिंह करेंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति से जुड़े बाह क्रिकेट एसोशिएशन के सचिव सतीश पचौरी और खेल जगत से जुड़े मुकेश शर्मा, प्राचार्य डॉक्टर सुकेश यादव, विनीत तिवारी, नरेंद्र काशीवार, विनोद सांवरिया आदि सहयोग प्रदान करेंगे। 5 अगस्त को आगरा में पंजा कुश्ती एसोसिएशन के कार्यालय पर आयोजन समिति बैठक कर चौंपियनशिप के खाके को अंतिम रूप देगी।

पेज एक का शेष

इंडिया के...

प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करना है। उन्होंने कहा, हिंसा अब भी जारी है, इसलिए हम प्रत्यक्ष रूप से जानकारी हासिल करना चाहेंगे तथा लोकसभा में चर्चा से पहले सरकार और संसद को कुछ समाधान एवं सिफारिशें सुझाना चाहेंगे। विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दल मानसून सत्र के पहले दिन से ही मणिपुर में जातीय हिंसा के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद में वक्तव्य देने और चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हंगामे के कारण दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित रही है। कांग्रेस ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच बुधवार को लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर सदन में चर्चा के लिए मंजूरी दे दी गई थी। उस दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा था कि वह सभी दलों के नेताओं से बातचीत करने के बाद इस प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तिथि तय करेंगे। मणिपुर में करीब तीन महीने से जारी हिंसा के कारण 150 से भी अधिक लोगों की मौत हुई है।

धनखड़ और...

कहा, आप वाकिफ हैं लेकिन आपको यह बताने की जरूरत नहीं है। ध्यान से सुनिए। ध्यान से यदि सुनेंगे तो आप समझ जाएंगे। डेरेक ने फिर कुछ कहा तो धनखड़ ने उन्हें टोकते हुए कहा, श्रीमान डेरेक, नाटकीयता में संलग्न होना आपकी आदत बन गई है। आप हर बार उठते हैं। आपको लगता है कि यह आपका विशेषाधिकार है। वह न्यूनतम चीज जिसका आप उदाहरण दे सकते हैं वह कुर्सी के प्रति सम्मान प्रदर्शित करना है। अगर मैं कुछ कह रहा हूं, तो आप खड़े हों और नाटक रचें। क्षमा करें। सभापति की इस टिप्पणी पर डेरेक ने आपत्ति जताते हुए मेज को हाथ से मारा और कुछ कहा। धनखड़ ने उनसे कहा कि आप मेज पर हाथ मत मारिए। उन्होंने कहा, इट इज नॉट ए थिएट्रिक्स (यह नाटकीयता नहीं है)। इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इतने में सभापति खड़े हो गए। उन्होंने कहा, मैं नेताओं को बुलाऊंगा। मैं सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करता हूं। मैं यह बर्दाश्त नहीं कर सकता।

दिल्ली में...

कर हत्या का ब्योरा मांगा है। पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12.08 बजे वारदात की जानकारी मालवीय नगर थाना पुलिस को मिली। फोन करने वाले ने पुलिस को बताया कि मालवीय नगर के शिवालिक ए ब्लॉक के विजय मंडल पार्क में युवक ने एक युवती के सिर पर रॉड से हमला कर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को पार्क की बेंच के पास युवती खून से लथपथ पड़ी मिली। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घा??षित कर दिया। मृतका की पहचान संगम विहार निवासी नरगिस के रूप में हुई। जांच में पुलिस को पता चला कि नरगिस कमला नेहरू कॉलेज से बीए आनर्स की पढ़ाई पूरी कर चकी है। फिलहाल वह वर्तमान में मालवीय नगर में स्टेनो की कोचिंग कर रही थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। गुप्त सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को कुछ देर बाद ही गिरफ्तार कर लिया।

तीन माह...

वह आखिरी बार उससे बात करना चाहता है। यहां पर दोनों के बीच शादी को लेकर कहासुनी हुई। इरफान ने रॉड से उस पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। इरफान बीएससी की पढ़ाई करने के बाद एक कंपनी में खाना डिलीवरी का काम कर चुका है।

अभिषेक बनर्जी...

आरोप हैं, तो पीठ ने कहा कि एक आपराधिक मामले में सभी उचित संदेहों से परे अपने मामले को साबित करना अभियोजन पक्ष का दायित्व है। पीठ ने अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी रुजिरा की याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि एएसजी का कहना है कि यदि याचिकाकर्ता विदेश यात्रा से एक सप्ताह पहले सूचित करते हैं, तो आवश्यक आदेश जारी किए जाएंगे। किसी भी स्थिति में, लुकआउट सर्कुलर वापस लिया जाए।

वैवाहिक मामलों...

हो, तो अदालतों को एक साल की सीमा के भीतर इसका निपटारा करने के लिए सभी प्रयास करने चाहिए, ताकि ऐसा आदेश देने की स्थिति में संबंधित पक्ष नए सिरे से अपने जीवन की शुरुआत कर सकें। यह कहने की जरूरत नहीं है कि जिंदगी जीने में बीत जाती है। यह भी बताने की जरूरत नहीं है कि ऐसे मामलों के निपटारे में देरी से संबंधित पक्षों पर बहुत बुरा असर पड़ता है। उच्च न्यायालय ने परिवार अदालत को सात साल पुराने मामले को तीन महीने के भीतर निपटाने का निर्देश दिया। उसने रजिस्ट्रार जनरल से फैसले को सभी संबंधित लोगों के बीच प्रसारित करने को कहा, ताकि समान परिस्थिति वाले अन्य वादी अपने मामले के शीघ्र निपटारे के लिए बेवजह इस अदालत का रुख न करें।

मुख्तार के...

पार्टी (सपा) गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। आरोप है कि अब्बास ने रैली में कहा था कि राज्य में सरकार बनने के बाद शुरुआती छह महीने में किसी भी सरकारी अधिकारी का तबादला नहीं किया जाएगा, क्योंकि पहले हिसाब किताब होगा। उमर अंसारी के वकील ने कहा, एक युवा लड़के को सिर्फ इसलिए मुकदमे का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि वह उस परिवार में पैदा हुआ है। उसने कथित टिप्पणी नहीं की थी। याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि जब अदालतें अगली सुनवाई और अन्य कार्यवाहियों के दौरान याचिका पर विचार करेंगी, तो उसका आदेश आड़े नहीं आएगा।उमर अंसारी ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार करने के उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती थी। जनवरी में उच्च न्यायालय ने मामले में आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की अब्बास अंसारी की अपील भी ठुकरा दी थी।अब्बास, उसके भाई उमर और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 171एफ (चुनावी रैली में अनुचित प्रभाव या प्रतिरूपण के लिए सजा) और 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

भीमा कोरेगांव...

दी। दोनों कार्यकर्ता उनकी जमानत याचिका बंबई उच्च न्यायालय से खारिज होने के बाद उच्चतम न्यायालय पहुंचे थे। यह मामला पुणे में 31 दिसंबर 2017 को एल्गार परिषद के एक कार्यक्रम से जुड़ा है।

मेहनतकश 11...

पिछले साल भी इसी तरह पैसा इकट्ठा करने के बाद ओणम बंपर खरीदा था और 7,500 रुपए जीते थे। हमने राशि को आपस में बराबर-बराबर बांट लिया था। इससे हमें इस साल मानसून बंपर टिकट खरीदने का हौसला मिला।

पुतिन ने अफ्रीकी नेताओं को व्यापार व अन्य संबंधों को बढ़ाने की पेशकश की

भाषा। सेंट पीटर्सबर्ग (रूस)

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को एक शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी नेताओं का समर्थन प्राप्त करने की कोशिश की और वैश्विक मामलों में महाद्वीप की बढ़ती भूमिका की सराहना करते हुए राजनीतिक एवं व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने की पेशकश की। पुतिन दो दिवसीय रूस-अफ्रीका शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अफ्रीकी नेताओं ने यूक्रेन के लिए शांति प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की जो मांग की है, रूस उसका बारीकी से अध्ययन करेगा। उन्होंने कहा, यह एक गंभीर विषय है और हम इस पर विचार को नहीं टाल रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि रूस अफ्रीकी पहल पर सम्मान के साथ गौर कर रहा है और इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। पुतिन ने अफ्रीकी नेताओं को यूक्रेन से बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसने रूसी सैनिकों के पीछे हटने तक किसी बातचीत में शामिल होने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि दूसरे पक्ष से भी बातचीत जरूरी है, हालांकि हम इस मुद्दे पर अपने अफ्रीकी मित्रों के आभारी हैं, जिन्होंने इस दिशा में ध्यान दिया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि अफ्रीकी नेता अपने शांति प्रस्ताव पर शुक्रवार को पुतिन के साथ आगे बातचीत करने के इच्छुक हैं। सम्मेलन में पुतिन ने अपने संकल्प की पुष्टि की कि यूक्रेन से अनाज लदान की अनुमति संबंधी समझौते से हटने के बाद भी रूस अफ्रीकी महाद्वीप में अनाज और अन्य कृषि उत्पादों की स्थिर आपूर्ति बनाए रखेगा। उन्होंने कहा, 'रूस हमेशा कृषि उत्पादों का जिम्मेदार अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ता बना रहेगा और मुफ्त अनाज एवं अन्य आपूर्ति की पेशकश कर जरूरतमंद देशों और क्षेत्रों का समर्थन करता रहेगा।

मॉस्को के बाहर यूक्रेन के एक ड्रोन को मार गिराया गया: रूस

मॉस्को। मॉस्को के बाहर शुक्रवार सुबह एक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह इस महीने में राजधानी क्षेत्र पर तीसरा ड्रोन हमला या हमले का प्रयास था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तड़के घटी इस घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। उसने यह विस्तृत जानकारी नहीं दी कि ड्रोन को कहां मार गिराया गया, लेकिन बताया कि घटना मॉस्को ओबलास्ट इलाके की है। रूस के यूक्रेन पर हमलों की शुरुआत को 18 महीने होने वाले हैं और इस हमले से मॉस्को की चिंता बढ़ेगी। सोमवार को दो ड्रोन से रूसी राजधानी पर हमला किया गया था। उनमें से एक क्रेमलिन से लगभग तीन किलोमीटर (दो मील) दूर मॉस्को नदी के किनारे रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय के पास, शहर के बीचोबीच गिरा। दूसरे ड्रोन से दक्षिणी मॉस्को में एक कार्यालय भवन पर हमला किया।

गोपनीय दस्तावेजों पर कब्जा जमाने के मामले में ट्रंप पर अतिरिक्त आरोप लगाए गए

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संघीय अभियोजकों ने 27 जुलाई, 2023 को एक बार फिर अभ्यारोपित किया। बहुत से लोग अनुमान लगा रहे थे कि इस अभियोग का संबंध छह जनवरी, 2021 को की गई ट्रंप की उस कार्वाई से है जिसके तहत उनके समर्थकों के एक समूह ने डेमोक्रेट नेता जो बाइडन के चुनाव को प्रमाणित किए जाने की प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयास में राष्ट्रपति परिसर कैपिटल पर हिंसक तरीके से धावा बोल दिया था। लेकिन ऐसा नहीं था, नया अभियोग उस मामले में और आरोपों को जोड़ने के लिए है जिसका सामना पद छोड़ने के बाद राष्ट्रपति कार्यालय से संबंधित दस्तावेजों को अवैध रूप से साझा करने, उन्हें अपने कब्जे में रखने और उन्हें वापस करने से इनकार करने के कारण ट्रंप पहले से कर रहे हैं। नए अभियोग को सीएनएन पर मैनहट्टन के पूर्व अभियोजक कारेन एगनिफिलो ने ब्लॉकबस्टर करार दिया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ट्रंप ने मार-ए-लागो क्लब पर लगे सुरक्षा कैमरा के फुटेज को हटवाने कका प्रयास किया ताकि एफबीआई (फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन) और ग्रांड ज्यूरी से जानकारी को छिपाया जा सके। आरोप है कि ट्रंप ने क्लब के रखरखाव कर्मियों को फुटेज को हटाने के लिए कहा। अभियोग में कार्लोस डी ओलिवेरा नाम के उस कार्यकर्ता पर अब नए अभियोग में बाधा डालने का आरोप है। कन्वरसेशन ने दस्तावेज मामले के विभिन्न पहलुओं और एक पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ अभूतपूर्व अभियोग पर विशेषज्ञों की कई राय प्रकाशित की हैं। दायर किए गए नए आरोपों की पृष्ठभूमि से अवगत करने के लिए यहां उनमें से कुछ का चयन किया गया है। गोपनीय या वर्गीकृत दस्तावेज क्या हैं? अकादमिक जगत में उतरने से पहले सदर्न कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के विद्वान जेफरी फील्ड्स ने कई वर्षों तक राज्य विभाग और रक्षा विभाग, दोनों में एक विश्लेषक के रूप में काम किया।

क्विक न्यूज

ब्रिटेन में बुजुर्गों को निशाना बनाने वाले भारतीय मूल के जालसाज को आठ साल का कारावास

लंदन। ब्रिटेन में पुलिस अधिकारी या बैंक कर्मी बनकर बुजुर्गों व अन्य के साथ ठगी करने वाले भारतीय मूल के 28 वर्षीय जालसाज को लंदन की एक अदालत ने धोखाधड़ी के नौ मामलों में आठ साल के कारावास की सजा सुनाई है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मुताबिक, स्नेरेसबुक क्राउन कोर्ट ने किशन भट्ट को पिछले साल नवंबर में दोषी ठहराया था और मंगलवार को उसको सजा सुनाई। पुलिस के अनुसार, स्पेशलिस्ट इकोनॉमिक क्राइम टीम ने अपनी जांच में पाया कि भट्ट ने नौ पीड़ितों के साथ 2.60 लाख ब्रिटिश पाउंड से अधिक राशि की धोखाधड़ी की थी और उसने ठगी के कई अन्य प्रयास भी किए थे, जिन्हें वित्तीय संस्थानों या आभूषण विक्रेताओं ने नाकाम कर दिया था। पुलिस ने बताया कि भट्ट के सहयोगी आर्टियम किसेलियोव (35) को धोखाधड़ी के एक मामले में पिछले साल अप्रैल में चाढ़े साल वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई थी। किसेलियोव की गिरफ्तारी एक संदिग्ध जौहरी द्वारा 90 वर्षीय पीड़िता के संबंध में पुलिस से संपर्क करने के बाद हुई थी। उसने बताया था कि पीड़िता से एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए संपर्क किया था।

सिंगापुर में भारतीय मूल के दो मंत्री प्रधानमंत्री के भाई के खिलाफ अदालत जाने की तैयारी में

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के दो वरिष्ठ मंत्रियों ने औपनिवेशिक काल के दो बंगलों के किराए के संबंध में आरोप लगाने पर प्रधानमंत्री ली सीन लूंग के भाई ली सीन यांग के खिलाफ मुकदमा दायर करने की धमकी दी है। कानून और गृह मामलों के मंत्री के षणमुगम और विदेश मामलों के मंत्री विवियन बालकृष्णन ने कहा कि अगर ली सीन यांग ने झूठे आरोप लगाने के लिए माफी नहीं मांगी तो वे मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। एक फेसबुक पोस्ट में बृहस्पतिवार को षणमुगम ने कहा कि ली यांग ने उन पर और डॉ. बालकृष्णन पर भ्रष्ट तरीके से काम करने और व्यक्तिगत लाभ के लिए सिंगापुर भूमि प्राधिकरण (एसएलए) से मंजूरी लिए बिना पेड़ों को अवैध रूप से काटने और 26 तथा 31 रिडआउट रोड के नवीनीकरण के लिए एसएलए से भुगतान कराने का आरोप लगाया है।

NAME CHANGE

I, Ram Avtar S/o Shri Bhawnar Singh R/o House No. 361 101 Block-12, Near Jhilmil Metro Station, Dilshad Garden, Jhilmil, Delhi - 110095 have inform that my name written as RAMAVTAR in my Passport No. K0153019 and RAM AVTAR in my all Documents. RAM AVTAR and RAMAVTAR both are same and one person. In future I will be known as RAM AVTAR in all purpose. My father's name wrongly mentioned BHAWAR SINGH in my passport. My father's correct name is BHAWNAR SINGH which is mentioned in my Adhaar Card No. 4114-9153-9013.

RAM AVTAR

फिलीपीन में पलटी नौका में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे:अधिकारी

मनीला। फिलीपीन की झील में बृहस्पतिवार को पलटी नौका के नाविक को क्षमता से अधिक यात्रियों के सवार होने की जानकारी थी, लेकिन तब भी उसने इसे चलाने का फैसला लिया था। तटरक्षक प्रमुख ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारी ने बताया कि एमाबी अया एक्सप्रेस बृहस्पतिवार को मनीला के दक्षिणपूर्वी शहर बिनानगोनान से रवाना होने के थोड़ी देर बाद ही लगुना डे बे झील में डूब गई। नौका पास के तालिम द्वीप की 30 मिनट की यात्रा पर रवाना हुई थी।तटरक्षक, पुलिस और अन्य सरकारी जवानों ने शुक्रवार को भी झील में तलाश अभियान जारी रखा लेकिन उन्होंने बताया कि हमें नहीं पता है कि कोई लापता है या नहीं क्योंकि नौका पर सवार यात्रियों की सही संख्या ज्ञात नहीं है। वहीं इस दौरान कोई लापता या शव नहीं मिला है। तटरक्षक प्रमुख एडमिरल आर्टेमियो अबू ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि दो तटरक्षक निरीक्षकों ने एक संबंधित दस्तावेज दिखाने के बाद नौका को रवाना होने की अनुमति दी थी। दस्तावेज में नौका के तीन सदस्ईय चालक दल के अलावा केवल 22 यात्रियों को सूचीबद्ध किया गया था। तटरक्षक अधिकारी ने बताया कि दोनों निरीक्षकों को उनके पद से हटा दिया गया है और मामले की जांच की जाएगी।उन्होंने बताया कि चालक दल और नौका के मालिक को आपराधिक मामलों का सामना करना पड़ सकता है। तटरक्षक ने बताया कि अया एक्सप्रेस की क्षमता 42 यात्रियों की थी।अबू के अनुसार, नाविक ने पूछताछ में बताया कि नौका में शुरुआत में 22 यात्री सवार थे लेकिन बाद में और लोग यात्रा के लिए आ गए जिससे संख्या बढ़ गई। इस सप्ताह की शुरुआत में तूफानी मौसम के कारण नौका सेवाओं को स्थगित करने के बाद यात्री कई दिनों तक फंसे रहे।

तख्तापलट का नेतृत्व करने वाले नाइजर के जनरल ने लोगों, अंतरराष्ट्रीय साझेदारों से समर्थन मांगा

नियामी (नाइजर)। नाइजर में तख्तापलट का नेतृत्व करने वाले जनरल ने शुक्रवार को सरकारी टेलीविजन पर लोगों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारों का समर्थन मांगा। सेना ने दो दिन पहले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को हिरासत में ले लिया था जिससे देश में राजनीतिक अराजकता पैदा हो गई। जनरल अब्दुर्हमान त्चियानी को उन विद्रोही सैनिकों का नेता घोषित किया गया है जिन्होंने तख्तापलट करते हुए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को हिरासत में ले लिया है। नाइजर सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। त्चियानी ने सैन्य तख्तापलट के दो दिन बाद शुक्रवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश को विनाश से बचने के लिए दिशा बदलने की जरूरत है और इसलिए उन्होंने तथा अन्य लोगों ने हस्तक्षेप करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैं तकनीकी और वित्तीय साझेदारों से, जो नाइजर के मित्र हैं, हमारे देश की विशिष्ट स्थिति को समझने का आग्रह करता हूं ताकि इसे चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक सभी सहायता प्रदान की जा सके। इससे पहले, नाइजर में सेना के विभिन्न गुट शुक्रवार को सत्ता के लिए संघर्षरत दिखे। एक विश्लेषक और एक पश्चिमी सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। पड़ोसी देश नाइजीरिया का एक प्रतिनिधिमंडल आने के तुरंत बाद ही लौट गया और एक क्षेत्रीय निकाय की ओर से मध्यस्थ नामित किए गए बेनिन के राष्ट्रपति नहीं पहुंचे। इस संबंध में एक वार्ता के दौरान प्रतिभागियों से बातचीत में एक विश्लेषक ने कहा कि तख्तापलट करने वाले राष्ट्रपति गार्ड के सदस्य सेना के साथ इस मुद्दे पर बातचीत कर रहे हैं कि किसे प्रभारी नेता होना चाहिए। विश्लेषक ने हालात की संवेदनशीलता के मद्देनजर अपना नाम उजागर नहीं करने का अनुरोध किया। वहीं, एक पश्चिमी सैन्य अधिकारी ने पुष्टि की कि विभिन्न सैन्य गुट वार्ता कर रहे हैं।

जनरल अब्दुर्हमान त्चियानी को विद्रोही सैनिकों का नेता घोषित किया गया: नाइजर सरकारी टेलीविजन

नियामी (नाइजर)। जनरल अब्दुर्हमान त्चियानी को उन विद्रोही सैनिकों का नेता घोषित किया गया है जिन्होंने तख्तापलट करते हुए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को हिरासत में लिया था। नाइजर सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। त्चियानी ने सैन्य तख्तापलट के दो दिन बाद शुक्रवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश को विनाश से बचने के लिए दिशा बदलने की जरूरत है और इसलिए उन्होंने और अन्य लोगों ने हस्तक्षेप करने का फैसला किया।

दमिश्क में शिया मस्जिद के पास धमाके में छह की मौत

बेरूत। आशूरा के पवित्र मौके से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को दमिश्क में एक शिया इबादत स्थल के पास एक टैक्सी में रखे गए विस्फोटकों में विस्फोट किया गया जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया में गृह मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी गई। सरकार द्वारा संचालित अल-इखबरिया टीवी और सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि सीरियाई स्वास्थ्य मंत्री हसन अल-गबाश ने भी बताया कि निकटवर्ती सईदा जैनब में विस्फोट में घायल हुए 26 लोगों का कई अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 20 अन्य लोगों का मौके पर ही उपचार किया गया या उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। ब्रिटेन स्थित विपक्षी युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि मरने वालों में एक महिला भी शामिल है और उसके तीन बच्चे घायल हो गए हैं। ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि विस्फोट सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद के प्रमुख सहयोगी ईरानी मिलिशिया के ठिकानों के करीब हुआ।

हांगकांग : अदालत ने ग्लोरी टू हांगकांग गीत पर प्रतिबंध लगाने का सरकार का अनुरोध ठुकराया

हांगकांग। हांगकांग की एक अदालत ने प्रदर्शन का पर्याय बने गीत ग्लोरी टू हांगकांग के प्रसारण और वितरण पर रोक लगाने का सरकार का अनुरोध ठुकरा दिया है। इस फैसले को शहर में अभिव्यक्ति की आजादी के लिहाज से ऐतिहासिक माना जा रहा है। ग्लोरी टू हांगकांग गीत 2019 में चीन के नियंत्रण वाले हांगकांग में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान लिखा गया था। इसके बोल लोकतंत्र और आजादी का समर्थन करते हैं। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में चीन के राष्ट्रगान मार्च ऑफ द वॉलंटियर्स की जगह गलती से यह गाना बजाया गया है।न्यायाधीश एंथोनी चान ने शुक्रवार को ग्लोरी टू हांगकांग के प्रसारण और वितरण पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया। गाने के प्रतिबंधित होने की सूरत में इसका इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति पर हांगकांग को चीन से अलग करने की वकालत करने के आरोप लगाए जा सकते थे।ब्रिटिश उपनिवेश रह चुके हांगकांग का नियंत्रण 1997 में फिर से चीनी शासन को सौंप दिया गया था। इस दौरान हांगकांग से वादा किया गया था कि वह उसे चीन को सौंपे जाने के 50 वर्ष बाद तक अपनी पश्चिमी शैली की नागरिक स्वतंत्रता को बरकरार रख सकता है। लेकिन 2019 के विरोध-प्रदर्शनों के बाद बीजिंग की ओर से लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और अन्य बदलावों ने वहां नागरिक अधिकारों और स्वतंत्रता में कमी की है।

सार्वजनिक सूचना

[illegible]

[illegible]

[illegible]

दिनांक 29 जून, 2023

आवेदक (आवेदकों) का नाम:
1. [illegible]
2. [illegible]

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that my client kamal gavli is in process to avail credit facility on account of Mix Sky Buildtech Pvt. Ltd. against his property i.e. Rear Portion of First Floor being ½ of the Entire First Floor) part of Property bearing No 6-5-18, area measuring 1000 sq. yds. situated at Greater Kailash Part-I, New Delhi, whereas he has lost the following original documents pertaining to the said property although he has also lodged a complaint in lieu of that on dated 27/7/2023 with the concerned Police station

Original Sale Deed dated 30.07.2008 executed by Hardeep Chhabra (98% undivided share) and Himesh Chhabra (2% undivided share) in favour of Mix Prime Quality Constructions (Doc No. 11833)

All persons having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF 2, First floor, Mahaveer Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 8010000291

मतदान संकेत-2

[illegible]

[illegible]

[illegible]

शिया मुसलमानों ने कई देशों में यौम-ए-आशूरा का जुलूस निकाला

भाषा। तेहरान

ईरान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और दुनिया के कई हिस्सों में शुक्रवार को यौम-ए-आशूरा (इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्म की 10 तारीख) का मातमी जुलूस निकाला गया। सातवीं सदी में इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद के नवासे हुसैन की शहादत की याद में ए मातमी जुलूस निकाले जाते हैं। अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार ने इस आशंका के मद्देनजर कई अहम शहरों में मोबाइल फोन सेवा को बंद कर दिया है कि जुलूस के दौरान आतंकवादी शियाओं को निशाना बना सकते हैं। सुन्नी चरमपंथी शियाओं को विधर्मी मानते हैं। वहीं पाकिस्तान में मातमी जुलूस को लेकर सुरक्षा बल चौकन्ने हैं, क्योंकि इन पर अतीत में हमले किए जा चुके हैं। हालांकि सभी शिया शुक्रवार को आशूरा का जुलूस निकाल रहे हैं। इराक और लेबनान में शनिवार को आशूरा का मातमी जुलूस निकाला जाएगा। भारत में भी कल ही यह जुलूस निकाला जाएगा। इराकी शहर करबला में जहां इमाम हुसैन का मकबरा स्थित है, वहां शिया समुदाय के लोग बड़ा जुलूस निकालेंगे। दुनिया में मुस्लिमों की आबादी 1.8 अरब है जिनमें से 10 फीसदी शिया समुदाय की जनसंख्या है जो हुसैन को पैगंबर मोहम्मद का ज़ायज़ उत्तराधिकारी मानते हैं। करबला की लड़ाई में दसवें दिन इमाम हुसैन को कत्ल कर दिया गया था। उनकी शहादत ने इस्लाम में मतभेद को काफी गहरा कर दिया था।

यूनान के जंगलों में लगी आग के कारण वायु सेना के हथियार डिपो में बड़े धमाके

भाषा। रोड्स

यूनान में तेज हवाओं के कारण जंगल में फैली आग से बृहस्पतिवार को वायु सेना के आयुध डिपो में कई धमाके हुए तथा कुछ एफ-16 लड़ाकू विमानों को एहतियात के तौर पर एक नजदीकी वायु सेना अड्डे पर ले जाया गया। यूनान की वायु सेना ने कहा कि सैन्य अड्डे को अभी कोई खतरा नहीं है। विस्फोट से पहले ही डिपो को खाली करा दिया गया था तथा किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, लगातार विस्फोटों के कारण दमकल कर्मी घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाए। यूनान के कई हिस्सों में पिछले दो सप्ताह से लगी आग में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन तथा यूरोपीय संघ की एक जलवायु परिवर्तन सेवा ने बृहस्पतिवार को बताया कि जुलाई के पहले तीन सप्ताह में तापमान ने वैश्विक स्तर पर गर्मी का एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

चीन से भागे मानवाधिकार वकील को लाओस में गिरफ्तार किया गया

बीजिंग। चीन में संवेदनशील मामलों की पैरवी के लिए वकालत का लाइसेंस गंवाने वाले एक मानवाधिकार वकील लू सिवेई को पड़ोसी देश लाओस में गिरफ्तार कर लिया गया है। सिवेई के परिजन और कार्यकर्ता इस बात को लेकर चिंतित है कि उन्हे चीन प्रत्यर्पित किया जा सकता है, जहां उन्हे जेल की सजा काटनी पड़ सकती है।लाओस पुलिस ने सिवेई को शुक्रवार को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह थाईलैंड जाने के लिए ट्रेन में सवार हो रहे थे। उन्हे अमेरिका में अपनी पत्नी और बेटी के पास जाने के लिए बैंकॉक से उड़ान पकड़नी थी।सिवेई की पत्नी झांग चुनझीओ ने एक संदेश में कहा, मैं उनकी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हूं। अगर उन्हे वापस चीन भेजा जाता है, तो उन्हे निश्चित तौर पर जेल में डाल दिया जाएगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने सिवेई की गिरफ्तारी पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सिवेई का वकालत का लाइसेंस वर्ष 2021 में छीन लिया गया था, जब उन्होंने ताइवान भागने की कोशिश कर रहे हांगकांग के एक लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता के मुकदमे की पैरवी की थी।

PUBLIC NOTICE

I, Archita Baweja (Aadhaar no. 7630 5088 8556) Daughter of Late Sh. Jatinder Mohan Singh Resident of 811, Anand Kunj, Near PVR Vikas Pun, New Delhi-110018 do hereby declare as under :-

that my Father died on 17-02-2020. That after my Father death leaving behind following legal heirs:-

1. Archita Baweja age 36Y Relation with deceased Daughter
2. Panzika Baweja age 40Y Relation with deceased Daughter

That there are no any legal heirs except these mentioned above. That I shall be responsible for all kinds of payments/ formalities/ dues regarding the said property and shall abide by all the rules & regulations of HSVP/HUDA and all other concerned authorities framed time to time. That the ownership of the Plot No. 3126 SP, measuring 512 Sq Yards, Situated at Sector 46, Gurugram, Haryana be transferred in favour Archita Baweja Daughter of Late Sh. Jatinder Mohan Singh. If anyone having any objection regarding this he/she can raise objection with in 30 days from the date of publication.

Archita Baweja
Legal Heir

2023 की अत्यधिक गर्मी और जलवायु आपदाओं के चार कारक

भाषा। सेंट लुइस

रिकॉर्ड तोड़ वैश्विक गर्मी और अत्यधिक बारिश के बीच, इस बात को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि 2023 में मौसम के साथ कुछ असामान्य हो रहा है। लोग जलवायु परिवर्तन को दोष देने में लगे हैं - और वे एक बिंदु तक सही हैं: मानव-जनित ग्लोबल वार्मिंग इसमें सबसे बड़ी भूमिका निभाती है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि टेक्सास और मैक्सिको में जून 2023 में शुरू हुई सप्ताह भर की गर्मी की लहर इसके बिना लगभग असंभव होती।हालाँकि, इस वर्ष चरम सीमा अधिक तीव्र है और इसके लिए सिर्फ मानवजनित ग्लोबल वार्मिंग ही एक कारण होने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।मानवीय गतिविधियाँ जो वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैस छोड़ती हैं, तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि कर रही हैं, प्रति दशक औसतन 0.2 डिग्री फ़ारेनहाइट (0.1 सेल्सियस)।तीन अतिरिक्त प्राकृतिक कारक भी इस वर्ष वैश्विक तापमान और ईंधन आपदाओं को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं: अल नीनो, सौर उतार-चढ़ाव और पानी के नीचे एक विशाल ज्वालामुखी विस्फोट।दुर्भाग्य से, ए कारक इस तरह से मिल रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। इससे भी बदतर, हम कम से कम 2025 तक असामान्य रूप से उच्च तापमान जारी रहने की उम्मीद कर सकते हैं, जिसका मतलब है कि निकट भविष्य में मौसम और भी अधिक चरम होगा। अल नीनो इसमें कैसे शामिल है, अल नीनो एक जलवायु घटना है जो हर कुछ वर्षों में घटित होती है जब उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में सतही जल दिशा बदल देता है और गर्म हो जाता है। इससे ऊपर का वातावरण गर्म हो जाता है, जो दुनिया भर में तापमान और मौसम के पैटर्न को प्रभावित करता है।मूलतः, वायुमंडल प्रशांत महासागर से गर्मी उधार लेता है और वैश्विक तापमान थोड़ा बढ़ जाता है। य ह 2016 में हुआ था, जो आखिरी मजबूत अल नीनो का समय था। वैश्विक तापमान में औसतन लगभग 0.25 एफ (0.14 सी) की वृद्धि हुई, जिससे 2016 रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष बन गया। 2019-2020 में एक कमजोर अल नीनो भी आया, जिसने 2020 को दुनिया का दूसरा सबसे गर्म वर्ष बनने में योगदान दिया। अल नीनो के विपरीत, ला नीना में सामान्य से अधिक ठंडी प्रशांत धाराएँ पश्चिम की ओर बहती हैं, जो वायुमंडल से गर्मी को अवशोषित करती हैं, जो दुनिया को ठंडा करती हैं। दुनिया ला नीना के लगातार तीन वर्षों से बाहर आ गई है, जिसका अर्थ है कि हम और भी अधिक तापमान में उतार-चढ़ाव का अनुभव कर रहे हैं। 2023 के मध्य में प्रशांत महासागर की सतह के बढ़ते तापमान के आधार पर, जलवायु मॉडलिंग अब 90 प्रतिशत संभावना सुझाती है कि पृथ्वी 2016 के बाद से अपने पहले मजबूत अल नीनो की ओर बढ़ रही है।

लगातार मानव-प्रेरित वार्मिंग के साथ, पृथ्वी जल्द ही फिर से अपने वार्षिक तापमान रिकॉर्ड तोड़ सकती है।जून 2023 आधुनिक रिकॉर्ड में सबसे गर्म था। जुलाई में सबसे गर्म दिनों के वैश्विक रिकॉर्ड और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रिकॉर्ड देखे गए, जिनमें ईरान में 152 एफ (67 सी) का समझ से बाहर ताप सूचकांक भी शामिल है।

सौर उतार-चढ़ाव :सूर्य एक स्थिर दर से चमकता हुआ प्रतीत हो सकता है, लेकिन यह प्लाज्मा की उबलती हुई, मथती हुई गेंद है जिसकी विकिरण ऊर्जा कई अलग-अलग समय के पैमाने पर बदलती रहती है। सूर्य धीरे-धीरे गर्म हो रहा है और आधे अरब वर्षों में पृथ्वी के महासागर उबल जाएंगे।हालाँकि, मानव समय के पैमाने पर, सूर्य का ऊर्जा उत्पादन 11 साल के चक्र को दोहराते हुए केवल थोड़ा सा बदलता है।

एक विशाल ज्वालामुखी विस्फोट

ज्वालामुखी विस्फोट वैश्विक जलवायु को भी महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते है। वे आमतौर पर वैश्विक तापमान को कम करके ऐसा करते है जब सल्फेट एरोसोल का विस्फोट होता है और सूरज की रोशनी के एक हिस्से को अवरुद्ध कर देता है - लेकिन हमेशा नहीं। एक असामान्य मोड़ में, 21वी सदी का अब तक का सबसे बड़ा ज्वालामुखी विस्फोट, 2022 में टोंगा के हंगा टोंगा-हंगा हा आपाई के विस्फोट का प्रभाव ठंडा नहीं बल्कि गर्म रहा है। विस्फोट से असामान्य रूप से कम मात्रा में शीतलन सल्फेट एरोसोल लेकिन भारी मात्रा में जल वाष्प निकला।पिघला हुआ मैग्मा पानी के भीतर फट गया, जिससे समुद्र के पानी की एक बड़ी मात्रा वाष्पीकृत हो गई जो गीजर की तरह वायुमंडल में ऊपर उठी।एक अनुमान के अनुसार, जल वाष्प एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है, और विस्फोट से पृथ्वी की सतह लगभग 0.06 एफ (0.035 सी) तक गर्म हो सकती है।कूलिंग सल्फेट एरोसोल के विपरीत, जो वास्तव में सल्फ्यूरिक एसिड की छोटी बूंदे होती है जो एक से दो साल के भीतर वायुमंडल से बाहर गिर जाती है, जल वाष्प एक गैस है जो कई वर्षों तक वायुमंडल में रह सकती है। टोंगा ज्वालामुखी का वार्मिंग प्रभाव कम से कम पाँच वर्षों तक बने रहने की उम्मीद है। यह सब ग्लोबल वार्मिंग के शीर्ष पर आता है।मनुष्यों ने वायुमंडल में बड़ी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसे छोड़ कर 1900 के बाद से वैश्विक औसत तापमान लगभग 2 एफ (1.1 सी) बढ़ा दिया है।दाहरण के लिए, मनुष्यों ने मुख्य रूप से वाहनों और बिजली संयंत्रों में जीवाश्म ईंधन के दहन के माध्यम से वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा 50 प्रतिशत तक बढ़ा दी है।ग्रीनहाउस गैसों से होने वाली गर्मी वास्तव में 2 एफ (1.1 सी) से अधिक है, लेकिन इसे वायु प्रदूषण जैसे शीतलन प्रभाव वाले अन्य मानवीय कारकों द्वारा छिपा दिया गया है।

मणिपुर हिंसा को लेकर लंदन में प्रदर्शन, महिलाओं ने मौन जुलूस निकाला

लंदन। मणिपुर में हिंसा के खिलाफ विरोध जताने के लिए ब्रिटेन स्थित भारतीय मूल के एक महिला समूह ने लंदन में प्रदर्शन करते हुए मौन जुलूस निकाला। द वूमन ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया सपोर्ट नेटवर्क (डब्ल्यूएनईएसएन) संगठन से जुड़े पुरुषों और महिलाओं ने यहां भारतीय उच्चायोग के समक्ष मौन प्रदर्शन किया। चेहरे पर मास्क लगाए प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां भी ले रखी थी। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने बुधवार शाम को पार्लियामेंट स्क्वायर से जुलूस निकाला जो संसद भवन परिसर के सामने स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष खत्म हुआ। डब्ल्यूएनईएसएन ने एक बयान में कहा, हमने मणिपुर में दो कुकी आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और सामूहिक बलात्कार की घटना के खिलाफ अपना दर्द और क्षोभ व्यक्त करने और पीड़ाओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए जुलूस निकाला। इस समूह को समुदाय आधारित महिलाओं की सहायता के नेटवर्क के तौर पर वर्ष 2020 में महामारी के दौरान स्थापित किया गया था।

रूस में दिवाली को एक संघीय अवकाश घोषित करने की जरूरत: अमेरिकी सांसद ग्रेस मेंग

वॉशिंगटन। अमेरिका की प्रमुख सांसद ग्रेस मेंग ने कहा है कि अमेरिका में रह रहे हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन सहित विभिन्न धर्मों के लाखों लोग दिवाली मनाते है, इसलिए इस दिन को संघीय अवकाश घोषित करने की जरूरत है। वकील से नेता बनी मेंग न्यूयॉर्क के छठे संसदी जिले का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने देश में दिवाली को संघीय अवकाश घोषित कराने के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में द

शाह ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की आलोचना की, कहा- नाम बदलने से कुछ नहीं होगा

भाषा। रामेश्वरम



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहित उसके सहयोगियों की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके गठबंधन का नाम बदलकर इंडिया करने से कुछ नहीं होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई की राज्यव्यापी एन मन, एन मक्कल (मेरी भूमि, मेरे लोग) पदयात्रा की शुरुआत से पहले शाह यहां एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस और द्रमुक सहित उसके सहयोगी दल लोगों के पास वोट मांगने जाएंगे, तो जनता को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान 2जी घोटाले और राष्ट्रमंडल खेल घोटाले सहित भ्रष्टाचार याद आएगा। कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने हाल में 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा से मुकाबला करने के लिए गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का गठन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तमिल पैरोकारी को आगे बढ़ाते हुए शाह ने कहा कि मोदी ने नए संसद भवन में सेंगोल (राजदंड) स्थापित करके तमिल संस्कृति का सम्मान किया है। उन्होंने द्रमुक शासन पर निशाना साधते हुए इसे देश का सबसे भ्रष्ट शासन बताया और कहा कि भाजपा की यात्रा तमिलनाडु में विकास और सुशासन की राजनीति शुरू करने का एक प्रयास है।

प्रयोग की तिथि खत्म होने के बाद दवाओं को फिर बाजार में उतारने की शिकायत मिली: राज्यपाल बोस

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने कहा है कि उन्हें एक शिकायत मिली है जिसमें कहा गया है कि उन दवाओं को बाजार में दोबारा उतारा जा रहा है जिनके इस्तेमाल की तिथि पहले ही समाप्त हो चुकी है। राज्यपाल ने कहा कि अगर आरोप सही पाए गए तो सख्त कार्वाई की जाएगी। बोस ने कहा कि उन्हें अपने एडीसी के माध्यम से एक ईमेल प्राप्त हुआ है जिसमें आरोप लगाया गया कि दवा बाजार में एक गिरोह सक्रिय है। आरोप के मुताबिक जिन दवाओं के इस्तेमाल की तिथि समाप्त हो चुकी है (एक्सपायरी दवा) उन्हें नई पैकेजिंग में बाजार में दोबारा उतारा जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि आरोप लगाया गया है कि, यह कई करोड़ रुपए का व्यवसाय है, इस्तेमाल करने की अंतिम तिथि को पार कर चुकी पुरानी दवाओं का नई दवा के रूप में विपणन किया जा रहा है।

देश के उच्च न्यायालयों में 71,204 मामले 30 वर्ष से अधिक समय से लंबित: सरकार

भाषा। नई दिल्ली

देश के उच्च न्यायालयों में 71,204 मामले 30 वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं जबकि जिला एवं अधीनस्थ अदालतों में यह संख्या।,01,837 है। सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को यह जानकारी दी। लोकसभा में मनोज तिवारी, राहुल कस्वां, गुमान सिंह दामोर, संघमित्रा मौर्य, अरविंद सावंत, राजेश नारणभाई चुडासमा, ओम पवन राजेनिंबालकर, डा. निशिकांत दुबे, विनायक राउत, संजय जाधव, एस ज्ञानतिरावियम और लाबू श्रीकृष्णा के प्रश्न के लिखित उत्तर में विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यह जानकारी दी। सदस्यों ने विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की संख्या के बारे में जानकारी मांगी थी। विधि एवं न्याय मंत्री मेघवाल ने राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि उच्च न्यायालयों में 71,204 मामले 30 वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं जबकि 2,17,010 मामले 20 से 30 वर्षों से लंबित हैं।।,11,847 मामले 15 वर्ष से लंबित हैं और।,83,146 मामले 10 वर्ष से लंबित हैं।राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के अनुसार, जिला एवं अधीनस्थ अदालतों में।,01,837 मामले 30 वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं जबकि 5,20,588 मामले 20 से 30 वर्षों से लंबित हैं। 3,09,792 मामले 15 वर्ष से और 8,73,587 मामले 10 वर्ष से लंबित हैं। मंत्री ने 20 जुलाई को संसद के उच्च सदन को बताया था कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मामले पांच करोड़ का आंकड़ा पार कर गए हैं। मेघवाल ने कहा था कि विभिन्न अदालतों - उच्चतम न्यायालय, 25 उच्च न्यायालय और अधीनस्थ अदालतों में 5.02 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। मेघवाल ने बताया कि न्यायालयों मे लंबित मामल ों का निपटारा न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र का विषय है और अदालतों में मुकदमों के निपटारे में सरकार की कोई भूमिका नहीं होती है।

क्विक न्यूज

त्वरित ओपीडी पंजीकरण के लिए 32 राज्यों के।,774 स्वास्थ्य केंद्रों ने अपनाई स्कैन एंड शेयर सेवा

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को बताया कि 32 राज्यो और केंद्रशासित प्रदेशो मे।,774 स्वास्थ्य केंद्रो ने स्कैन एंड शेयर सेवा अपनाई है जिससे स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हुए रोगियो का ओपीडी पंजीकरण बहुत तेजी से हो सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा मे एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत इस सेवा का इस्तेमाल करते हुए कुल 52 लाख टोकन जारी हुए है। मंत्री ने अपने जवाब मे जो आंकड़े प्रस्तुत किए, उनके मुताबिक उत्तर प्रदेश मे 552 स्वास्थ्य केंद्रो ने इस सेवा को अपनाया है जो पूरे देश मे सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद आंध्र प्रदेश मे 336, बिहार मे 227, कर्नाटक मे 224 और महाराष्ट्र मे 137 स्वास्थ्य केंद्रो ने इस सेवा को अपनाया है। उन्होने कहा कि मिशन के तहत स्कैन एंड शेयर सुविधा से रोगियो को अस्पतालो मे अपने स्मार्ट फोन का इस्तेमाल करते हुए त्वरित ओपीडी पंजीकरण कराने मे सुविधा मिली है।

मणिपुर में हिंसा की शुरुआत से 319 गर्भवती महिलाओं को प्रसव-पूर्व उपचार मिला: सरकार

नई दिल्ली,। सरकार ने लोकसभा को बताया कि मणिपुर मे हिंसा शुरू होने के बाद से 24 जुलाई तक 319 गर्भवती महिलाओ का प्रसव-पूर्व उपचार किया गया जिनमे 19 महिलाएं अत्यंत जोखिम मे थी। इस अवधि मे 139 गर्भवती महिलाओ ने बच्चो को जन्म दिया। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने लोकसभा मे एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि उत्तर पूर्व राज्य के प्रत्एक प्रभावित जिले मे पीड़ितो को निर्धारित राहत शिविरो मे स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सा दल बनाए गए है। पवार ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मई मे राज्य मे छह दल तैनात किए थे जिनमे चार-चार चिकित्सक थे। जुलाई मे चार डॉक्टरो के एक और दल को तैनात किया गया।

दल बदल विरोधी कानून में संशोधन का कोई प्रस्ताव नही है :सरकार ने लोस को बताया

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि दल बदल विरोधी कानून मे संशोधन का कोई प्रस्ताव नही है। लोकसभा मे धर्मेन्द्र कश्यप के प्रश्न के लिखित उत्तर मे विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यह जानकारी दी। सदस्य ने पूछा था कि क्या सरकार दल बदल विरोधी कानून को मजबूत करने की योजना बना रही है।विधि एवं न्याय मंत्री मेघवाल ने कहा, भारतीय संविधान की दसवी अनुसूची अर्थात दल परिवर्तन रोधी कानून मे संशोधन का कोई प्रस्ताव नही है।भारतीय संविधान की दसवी अनुसूची मे निर्वाचित एवं मनोनीत जन प्रतिनिधियो को उनके राजनीतिक दल से दल बदल करने पर रोक्थाम और इस बुराई पर लगाम लगाने के लिए सख्त प्रावधान किए गए है। पिछले वर्ष जुलाई मे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता मे हुई पीठासीन पदाधिकारियो की बैठक मे कानून मे संशोधन को लेकर कोई आम-सहमति नही बनी थी।

देश में मंकीपॉक्स के 27 मामलों की पुष्टि हुई: सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश मे 24 जुलाई तक मंकीपॉक्स के 27 मामलो की पुष्टि हुई जिनमे 15 मामले दिल्ली और 12 केरल से थे। स्वास्थ्य राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने लोकसभा मे एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे यह जानकारी दी। बघेल ने बताया, देश मे 24 जुलाई तक मंकीपॉक्स के 27 मामलो की पुष्टि हुई जिनमे 15 मामले दिल्ली और 12 केरल से थे।

रूरल बिजनेस फाइनेंस में 41 प्रतिशत की ग्रोथ

मुंबई। देश की लीडिंग नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों में शामिल, एलएंडटी फाइनेंस ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रूरल बिजनेस फाइनेंस (ग्रामीण व्यापार वित्त) वर्टिकल में मजबूत व्यावसायिक प्रदर्शन किया है. एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों) में 41 फीसदी ग्रोथ और 70 फीसदी डिस्बर्समेंट ग्रोथ के साथ कंपनी की इस वर्टिकल में ग्रोथ इंडस्?ट्री की ग्रोथ से आगे निकल गई है। मजबूत कस्टमर प्रोफाइल- ग्राहक मूल्य प्रबंधन (कस्टमर वैल्यू मैनेजमेंट) पर लगातार फोकस करने से रूजस्र को 50 फीसदी से अधिक बार-बार होने वाले व्यापार संस्करणों द्वारा प्रदर्शित मजबूत कस्टमर प्रोफाइल का लाभ उठाने की अनुमति मिली है। इसके अलावा, कंपनी के 40 फीसदी ग्राहक रूजस्र के लिए खास हैं, जो केवल कंपनी की कस्टमर एंगेजमेंट (ग्राहक सहभागिता) और बेस्ट लोन ऑफर करने की ताकत को दिखाता है। डिजिटल रूप से सक्षम वर्कफ्लोज़-इन-हाउस टेक आर्किटेक्चर द्वारा सहायता प्राप्त डिजिटल संचालित प्रक्रियाओं पर लगातार ध्यान देने के चलते एफिशिएंसी यानी दक्षता और कस्टमर जर्नी में सुधार के साथ साथ कंपनी के प्रोडक्ट की ग्राहकों तक पहुंच बढ़ रही है, वहीं कंपनी के डिमांड पूरी करने और रेवेन्यू बढ़ाने की क्षमता में भी ग्रोथ हुई है। एलएंडटी फाइनेंस के चीफ एग्जीक्यूटिव- रूरल बिजनेस फाइनेंस, कस्टमर सर्विसेज एंड ऑपरेशन, सोनिया कृष्णनकुट्टी ने इस ग्रोथ पर कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रूरल बिजनेस फाइनेंस का मजबूत प्रदर्शन हमारे लक्ष्य 2026% के अनुरूप है।

क्या समलैंगिकों से बर्ताव के बारे में पुलिस नियमावली में संशोधन किया जा सकता है: अदालत ने पूछा

मुंबई।बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को जानना चाहा कि क्या ट्रांसजेंडर और समलैंगिक व्यक्तियो से बर्ताव के तरीके के बारे मे पुलिस बल को संवेदनशील बनाने के लिए महाराष्ट्र पुलिस नियमावली मे संशोधन किया जा सकता है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की पीठ ने जेलो मे बंद ट्रांसजेंडर और समलैंगिक व्यक्तियो के साथ बर्ताव के संबंध मे समाधान तलाशने के लिए महाराष्ट्र के महानिरीक्षक (कारागार) से सुझाव भी मांगे। अदालत एक समलैंगिक जोड़े द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमे रिश्ते पर आपत्ति जताते हुए उनके माता-पिता मे से एक के द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी की शिकायत के मद्देनजर सुरक्षा का अनुरोध किया गया है।पीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान समलैंगिक जोड़े के वकील विजय हिरेमथ से पूछा था कि क्या इस मुद्दे पर कोई दिशा-निर्देश तैयार किया जा सकता है।

सिद्धरमैया को अयोग्य करार देने की अपील, उच्च न्यायालय ने जारी किया नोटिस

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक याचिका पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को नोटिस भेजा, जिसमें उन्हे कथित चुनावी कदाचार के आरोप मे वरुणा विधानसभा क्षेत्र से अयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया गया है। सिद्धरमैया को नोटिस पर एक सितंबर तक जवाब देने के लिए कहा गया है। न्यायमूर्ति सुनील दत्त यादव ने यह आदेश सुनाया और सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका मे कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणापत्र को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (2) के तहत रिश्वतखोरी और अनुचित प्रभाव के समान भ्रष्ट आचरण कहा गया है। इस घोषणापत्र मे कांग्रेस ने पांच गारंटियो का वादा किया गया था। याचिका मे आरोप लगाया गया है कि सिद्धरमैया ने संविधान के प्रावधानो और जन प्रतिनिधित्व कानून के नियमो और दिशा-निर्देशो का उल्लंघन किया है। याचिका मे यह दावा भी किया गया है कि उम्मीदवार और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने ए गारंटी दी थी। ऐसा प्रतिवादी (सिद्धरमैया) की सहमति से किया गया था। वरुणा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओ को लुभाने और उन्हे कांग्रेस के उम्मीदवार यानी प्रतिवादी को वोट देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ए गारंटी दी गई।

जयशंकर ने विदेश नीति के बारे में ट्विटर पर बयान पोस्ट किया

भाषा। नई दिल्ली,

संसद में विदेश नीति पर अपने बयान के दौरान विपक्ष के विरोध पर निशाना साधते हुए, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं का विवरण सूचीबद्ध किया गया है। जयशंकर ने ट्विटर पर एक वीडियो बयान में कहा, दुख की बात है कि विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों में मेरे बयान को बार-बार बाधित किया। जाहिर है, उनके लिए दलगत राजनीति राष्ट्रीय प्रगति से अधिक महत्वपूर्ण थी। विपक्षी सदस्यों ने बृहस्पतिवार को संसद के दोनों सदनों में जोरदार विरोध जताया था जब विदेश मंत्री ने विदेश नीति की उपलब्धियों को सूचीबद्ध किया और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की भारत यात्राओं के साथ-साथ मुर्मू और मोदी के विदेश दौरों का विवरण साझा किया था। जयशंकर ने कहा, कई स्तरों पर इन प्रयासों के माध्यम से, हम एक अस्थिर और अनिश्चित दुनिया में अपने राष्ट्रीय उद्देश्यों और हितों को आगे बढ़ाने में सक्षम हुए। जयशंकर ने कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति उन मुद्दों पर केंद्रित है जो सीधे तौर पर जनता के कल्याण और आम नागरिक के जीवन को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा, ए आम नागरिक विदेश में हिरासत में लिए गए हमारे मछुआरे या संघर्ष क्षेत्रों में फंसे हुए लोग हो सकते हैं। उन्होंने कहा, यह विदेशों में छात्रों और पेशेवरों के लिए बेहतर वीजा सुविधाएं या काम करने की स्थिति हो सकती है। यह महत्वपूर्ण क्षेत्रों और प्रौद्योगिकियों में प्रगति के माध्यम से हमारे देश के भविष्य के बारे में हो सकते हैं। चाहे वह इंजन प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर हो, ड्रोन हो या फिनटेक, ए नए भारत के निर्माण खंड हैं। जयशंकर ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मामलों पर उस गंभीरता के साथ चर्चा और बहस करने की अनुमति नहीं दी गई जिसके वे हकदार थे।

यूएई में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र खोलने की समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखा गया : सरकार ने बताया

नई दिल्ली। सरकार ने संसद की एक समिति को बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत के मजबूत, सतत सामरिक और सांस्कृतिक संबंधो को देखते हुए वहां भारतीय सांस्कृतिक केंद्र खोलने की समिति की सिफारिशो को ध्यान मे रखा गया है।लोकसभा मे पेश भारत की सॉफ्ट पॉवर और सांस्कृतिक कूटनीति : संभावनाएं और सीमाएं विषय पर विदेश मामलो संबंधी समिति के 16वे प्रतिवेदन पर सरकार द्वारा की गई कार्वाई रिपोर्ट मे यह बात कही गई है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद पी पी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति ने यह रिपोर्ट शुक्रवार को पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने आपने उत्तर मे बताया कि विदेश मे भारतीय सांस्कृतिक केंद्रो की स्थापना भारत की विदेश नीति की रूपरेखा के भीतर पूरे विश्व मे भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के प्रयासो का हिस्सा है।उसने कहा कि विदेशो मे सांस्कृतिक केंद्र खोलने की प्रक्रिया विदेशो मे संबंधित भारतीय मिशन की सिफारिश और भारत एवं मेजबान देश के बीच द्विपक्षीय संबंध, प्रस्तावित कार्यकलापो को शुरू करना, भारतीय मूल के लोगो (पीओआई) की संख्या के साथ जनसंख्या, स्थानीय अनौपचारिकताओ को पूरा करना तथा अनुमोदन प्राप्त करना और मेजबान देश से आईसीसीआर छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत अध्ययनरत छात्रो की संख्या पर निर्भर है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बड़ी संख्या मे प्रवासियो की उपस्थिति तथा भारत के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ मजबूत और सतत सामरिक और सांस्कृतिक संबंधो को ध्यान मे रखते हुए यूएई मे भारतीय सांस्कृतिक केंद्र खोलने के लिए समिति की सिफारिशो को ध्यान मे रखा गया है।

सपा नेता मौर्य ने बदरीनाथ मंदिर को बौद्ध मठ कहा

धामी ने टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

भाषा। देहरादून

बदरीनाथ मंदिर को बौद्ध मठ बताने वाले सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की कड़ी आलोचना करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र पर इस तरह की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने ट्वीट में कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र भू-बैकुंठ श्री बदरीनाथ धाम पर मौर्य की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा,"महागठबंधन के सदस्य के रूप में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक नेता द्वारा दिया गया यह बयान कांग्रेस और उसके सहयोगियों की देश व धर्म विरोधी सोच को दर्शाता है। यह विचार इन दलों के अंदर सिमी और पीएफआई की विचारधारा के वर्चस्व को भी प्रकट करता है।

बदरीनाथकेदारनाथ समिति को विशिष्ट श्रद्धालुओं से 90 लाख रुपए से अधिक की आय

देहरादून,। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में इस साल अभी तक 30,546 विशिष्ट और अतिविशिष्ट लोगों ने दर्शन-पूजन किया है और इससे बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति को 91,63,800 रुपए की आय हुई है। मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से लेकर अभी तक 8,198 विशिष्ट व अतिविशिष्ट और उनके संदर्भों से आए व्यक्तियों ने दर्शनों का लाभ उठाया जिससे मंदिर समिति को 24,59,400 रुपए प्राप्त हुए हैं।

यूक्रेन में युद्ध पर जी7 देशों के रुख में कोई बदलाव नही होगा: जापान

नई दिल्ली। जापान ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन में युद्ध पर जी-7 देशों की स्थिति समान रहेगी और समूह के आगामी शिखर सम्मेलन में अपनाए जाने वाले नेताओं के घोषणापत्र में संकट का उल्लेख करने संबंधी विषय पर आम सहमति बनाना जी-20 की भारतीय अध्यक्षता पर निर्भर है। जी-20 के वर्तमान अध्यक्ष भारत को पश्चिमी देशों और रूस-चीन के बीच तीव्र मतभेदों के मद्देनजर इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। जापान के विदेश मंत्रालय में उप प्रेस सचिव युकिको ओकानो ने दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि बृहस्पतिवार शाम जापानी विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी और उनके भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के बीच बातचीत में यूक्रेन संकट पर चर्चा हुई।

हयाशी के साथ भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आई ओकानो ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि यूक्रेन पर जी-7 का रुख नहीं बदलेगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारी स्थिति जी-7 देशों के रूप में समान रहेगी, चाहे हम किसी भी मंच पर यूक्रेन से संबंधित अपनी चिंताओं और आपत्तियों को व्यक्त करें। ओकानो ने कहा, जब संयुक्त विज्ञप्ति की बात आती है, तो यह वास्तव में अध्यक्षता पर निर्भर करता है कि आम सहमति तक कैसे पहुंचा जाए। इसलिए मैं आगे के रास्ते पर टिप्पणी नहीं करना पसंद करूंगी। यह जी-20 की भारतीय अध्यक्षता पर निर्भर है। जापान की अध्यक्षता में मई में हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन हुआ था। शिखर सम्मेलन में, जी-7 नेताओं ने यूक्रेन पर रूस के अवैध, अनुचित और अकारण हमले के खिलाफ एक साथ खड़े होने का संकल्प लिया था और मॉस्को पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की थी। भारतीय वार्ताकारों को यूक्रेन से संबंधित विषय पर आम सहमति बनने का भरोसा है।

मुस्लिमों के खिलाफ भीड़ हिंसा की घटनाओं को रोकने से जुड़ी याचिका पर उच्चतम न्यायालय करेगा सुनवाई

उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को एक महिला संगठन द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया जिसमें अनुरोध किया गया है कि गोरक्षकों द्वारा मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा और भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटनाओं से प्रभावी रूप से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के वर्ष 2018 के फैसले के अनुरूप राज्यों को तत्काल कार्वाई करने का निर्देश दिया जाए। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने केंद्र और महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी कर याचिका पर उनका जवाब मांगा।

मुंबई की अदालत ने ट्रेड यूनियन नेता दत्ता सामंत हत्याकांड में छोटा राजन को बरी किया

मुंबई। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने गैंगस्टर छोटा राजन को 1997 में ट्रेड यूनियन नेता दत्ता सामंत की हत्या से जुड़े एक मामले में सबूतों के अभाव में शुक्रवार को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि यह साबित करने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं है कि राजन, जिसका असली नाम राजेंद्र सदाशिव निकालजे है, ने साजिश रची। हालांकि, गैंगस्टर के जल्द जेल से रिहा होने की संभावना नहीं है क्योंकि वह विभिन्न शहरों में दर्जनों मामलों में मुकदमे का सामना कर रहा है। सामंत ने 1981 में मुंबई में कपड़ा मिल श्रमिकों की हड़ताल का आयोजन किया था। सामंत की 16 जनवरी 1997 को गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह अपनी जीप से उपनगरीय घाटकोपर में पंत नगर स्थित अपने कार्यालय जा रहे थे। मोटरसाइकिल पर आए हमलावरों ने 17 राउंड फायरिंग की।

महात्मा गांधी के खिलाफ टिप्पणियों के लिए दक्षिणपंथी कार्यकर्ता भिड़े के खिलाफ कार्रवाई हो: कांग्रेस

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने महात्मा गांधी के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के लिए दक्षिणपंथी कार्यकर्ता संभाजी भिड़े के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने की शुक्रवार को मांग की। भिड़े ने इस सप्ताह की शुरुआत में पूर्वी महाराष्ट्र के अमरावती जिले में एक कार्यक्रम में कथित तौर पर महात्मा गांधी के परिवार के बारे में कुछ विवादास्पद टिप्पणियां की थीं। पहले भी उनके विवादित बयानों की काफी आलोचना हुई थी। थोराट ने विधानसभा में कहा कि भिड़े की हालिया टिप्पणियां शर्मनाक हैं। उन्होंने राज्य सरकार से उनके खिलाफ की गई कार्वाई पर सदन में बयान देने को कहा। पूर्व मंत्री थोराट ने कहा, संभाजी भिड़े की मानसिकता विकृत है। राष्ट्रपिता के बारे में उनकी टिप्पणियों ने देश को आहत किया है। वह बार-बार विवादास्पद टिप्पणियां करते हैं और यह पता लगाने की जरूरत है कि राजनीतिक हितों के लिए उनका समर्थन कौन कर रहा है। हम उसके खिलाफ सख्त कार्वाई चाहते हैं। कांग्रेस विधायक ने बिना नाम लिए दावा किया कि एक मशीनरी प्रगतिशील विचारधारा को खत्म करने के लिए काम कर रही है। थोराट के सहयोगी और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब भिड़े ने विवादास्पद बयान दिया है। चव्हाण ने धारा 153 समेत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के संबंधित प्रावधानों के तहत भिड़े की गिरफ्तारी की मांग की है। चव्हाण ने विधानसभा में कहा,"अगर ऐसा कोई व्यक्ति महात्मा गांधी के बारे में अपमानजनक बयान दे रहा है, तो उसे राज्य में (स्वतंत्र रूप से) घूमने का कोई अधिकार नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस: भारत में बाघों की बढ़ती संख्या को लेकर एक ओर उत्साह, दूसरी तरफ चिंताएं

भाषा। नई दिल्ली

भारत में बाघों की संख्या बढ़ने के चलते उत्साह और चिंताएं दोनों बढ़ रही हैं। एक तरफ जहां बाघों की संख्या में गिरावट के बाद वृद्धि होना भारत के लिए राहत लेकर आया है, तो दूसरी ओर विकास बनाम पारिस्थितिकी को लेकर छिड़ी बहस और तेज हो गई है। साल 2022 की गणना के अनुसार भारत में बाघों की संख्या 3,167 है। दुनियाभर में जितने बाघ हैं, उनमें से 75 प्रतिशत भारत में हैं। एक समय इनके जल्द विलुप्त होने का खतरा पैदा हो गया था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। ऐसा 50 साल पहले 1973 में शुरू हुए प्रोजेक्ट टाइगर की वजह से संभव हो पाया है। जिस समय यह परियोजना शुरू हुई, उस वक्त बाघों की संख्या महज 268 थी। खराब होती गुणवत्ता और नीतियों में परिवर्तन के बीच आया है।

सेना जैसे अनुशासित बल में वरिष्ठता का बहुत महत्व है: उच्चतम न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने वरिष्ठता को लेकर हुए झगड़े के दौरान अपने सहकर्मी की हत्या के दोषी गैर-कमीशन अधिकारी की उम्रकैद की सजा को घटाते हुए कहा कि भारतीय सेना जैसे अनुशासित बल में वरिष्ठता का बहुत महत्व है। चार दिसंबर 2004 को लांस नायक और उनके सहकर्मी, जो एक ही रैंक के थे, पंजाब के फिरोजपुर छावनी में ड्यूटी पर थे जहां वरिष्ठता को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया। दोषी ने सहकर्मी से राइफल छीन ली और उसे गोली मार दी। सहकर्मी की गोली लगने से मौत हो गई। उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। दोषी सैन्यकर्मी को कोर्ट मार्शल द्वारा सेना अधिनियम, 1950 की धारा 69 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। सशस्त्र बल न्यायाधिकरण, चंडीगढ़ ने उसकी दोषसिद्धि और सजा की पुष्टि की जिसे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने दोषसिद्धि को संशोधित करते हुए और उस व्यक्ति द्वारा पहले ही काटी जा चुकी सजा को घटाकर नौ साल और तीन महीने कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अपीलकर्ता ने गुस्से में सहकर्मी के पास मौजूद राइफल छीन ली और गोली चला दी।शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर अपीलकर्ता की पहले से कोई योजना थी या उसका सहकर्मी को मारने का कोई इरादा था तो उसने और गोलियां चलाई होतीं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा कि सहकर्मी को मारने का उसका कोई इरादा नहीं था। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता और सहकर्मी दोनों ने शराब पी रखी थी। वरिष्ठता के मुद्दे पर उसके और सहकर्मी के बीच झगड़ा हुआ था। वास्तव में, जब अपीलकर्ता ने सहकर्मी से उसके लिए पानी लाने को कहा तो सहकर्मी ने ऐसा करने से इस आधार पर इनकार कर दिया कि वह अपीलकर्ता से वरिष्ठ था। पीठ ने कहा, सेना जैसी अनुशासित बल में वरिष्ठता का बहुत महत्व होता है। इसलिए, इस बात की पूरी संभावना है कि वरिष्ठता को लेकर हुए विवाद के कारण अपीलकर्ता ने आवेश में आकर यह कृत्य किया।

यूपी की गवर्नर आनंदी बेन पटेल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की

भारत की निगाहें श्रृंखला जीतने पर

● वेस्टइंडीज से दूसरा वनडे आज

भाषा। बारबडोस

भारतीय टीम खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे वनडे के लिए फिर अपने निर्धारित बल्लेबाजी क्रम पर वापसी कर सकती है ताकि वह बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बना ले। कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ को पहले वनडे में मध्यक्रम बल्लेबाजों को दूसरे सत्र में टर्न लेती पिच पर आजमाने में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा लेकिन लक्ष्य महज 115 रन का था तो टीम ने आराम से इसे हासिल कर लिया। कोई भी पक्के तौर पर कह सकता है कि अगर भारत को फिर इतने छोटे लक्ष्य का पीछा करना पड़े तो भी रोहित खुद शुभमन गिल के साथ बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे और विराट कोहली तीसरे नंबर पर खेलेंगे। पहले वनडे में अर्धशतकीय पारी से प्रभावित करने के बावजूद ईशान किशन को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करनी होगी और अगर केएल राहुल वापसी करते हैं तो उन्हें श्रीलंका में एशिया कप के दौरान इस जगह को खाली करना होगा। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में आठ अक्टूबर (मौजूदा कार्यक्रम के अनुसार) को शुरुआती विश्व कप मैच से पहले बस 11 और मैच बचे हैं तो भारत का लक्ष्य एक संतुलित संयोजन पर अडिग रहने का होगा इसलिए ज्यादा प्रयोग करने पर शायद जोर नहीं दिया जाए। बारबडोस में केनसिंगटन ओवल दिवंगत मैलकम मार्शल और जोएल गार्नर का घरेलू मैदान है जिस पर दौरा करने वाली टीम के बल्लेबाज बिग फोर (एंडी रॉबर्ट्स और माइकल होल्डिंग) का सामना करने की बात सोचकर ही दबाव में आ जाते थे। लेकिन गुरुवार को केनिसंगटन ओवल की पिच स्पिनरों के लिए फायदेमंद दिखी जिसमें रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की टर्न और उछाल लेती गेंदों के सामने कैरेबियाई बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। यहां तक कि हार्दिक पंड्या नई गेंद से उमरान मलिक के साथ बल्लेबाजों को परेशान करने में सफल रहे। मलिक ने काफी गेंद तेज रफ्तार से डालीं। वेस्टइंडीज क्रिकेट के अब वो स्वर्णिम दिन गुजर गए हैं और भारत में वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद से क्रिकेट की लोकप्रियता भी निचले स्तर पर पहुंच गई है। दूसरे वनडे में शायद उसी पिच का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा लेकिन इसकी प्रकृति भी वैसी ही हो सकती है इसलिए भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी करने की चुनौती से दिक्कत नहीं होनी चाहिए। गुडाकेश मोती की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी और यानिक कारिया की लेग ब्रेक गेंदों को खेलना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा, हालांकि यह इतना आसान भी नहीं होगा। भारतीय बल्लेबाजों टर्न लेती पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ धाकड़ बल्लेबाजी करके बड़ा स्कोर नहीं बना सके हैं लेकिन अगर पहले वनडे जैसी परिस्थितियों में ऐसा करना पड़े तो यह टीम के लिए इतनी खराब परीक्षा भी नहीं होगी। चेन्नई और लखनऊ जैसे स्थल (आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप के स्टेडियम) स्पिनरों के लिए मददगार होंगे और विदेशी हालात में इसी तरह की पिचों पर कुछ अभ्यास करना हमेशा अच्छा ही साबित होगा। घरेलू मैदान पर इसी तरह की पिचों की उम्मीद कर सकते हैं। सूर्यकुमार यादव के लिए अपनी टी20 फॉर्म को 50 ओवर के क्रिकेट में दोहराना निहायत जरूरी होगा।

पापुआ न्यू गिनी ने आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2024 में जगह बनाई

पोर्ट मोरेस्बी (पापुआ न्यू गिनी)। पापुआ न्यू गिनी ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले 2024 आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। पूर्वी एशिया प्रशांत क्वालीफायर से यह एकमात्र टीम है और टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली 15वीं टीम बन गई है। पापुआ न्यू गिनी ने शुक्रवार को फिलीपीन को 100 रन से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पापुआ न्यू गिनी ने छह विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में फिलीपीन की टीम 129 रन पर आउट हो गई। पांच मैचों के बाद पापुआ न्यू गिनी तालिका में शीर्ष पर रही। अब जापान के खिलाफ शनिवार को उसका मैच औपचारिकता मात्र रह गया है। बीस टीमों के इस टूर्नामेंट में अभी पांच टीमों का चयन बाकी है। एक टीम बरमूडा में होने वाले अमेरिकी क्वालीफायर से, दो दो टीमें एशिया और अफ्रीका क्वालीफायर से चुनी जाएंगे जो क्रमशः नेपाल और नामीबिया में होंगे।

एशियाड में भारतीय टीमें सीधे क्वार्टर फाइनल में

● फाइनल में पहुंचने पर ही खेल सकती है हरमनप्रीत

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर एशियाई खेलों में तभी खेल पाएंगी अगर टीम 23 सितंबर से हांगझोउ में शुरु होने वाले महाद्वीपीय खेलों के फाइनल में पहुंच जाए। पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में चार टीमें एक जून को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग की बदौलत भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश सीधे अंतिम आठ चरण से खेलेंगी। सभी मैचों का आधिकारिक टी20 अंतरराष्ट्रीय दर्जा होगा। हरमनप्रीत पर हाल में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे मैच में सार्वजनिक तौर पर अंपायरिंग की आलोचना करने के लिए दो मैचों का प्रतिबंध लगा हुआ है। वह क्वार्टरफाइनल में नहीं खेल पाएंगी जो निश्चित रूप से एसोसिएट देश के खिलाफ होगा जिसके बाद पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ सेमीफाइनल में भी वह मैदान में नहीं उतर पाएंगी। यहां तक कि रूतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली पुरुष टीम को एक जून तक आईसीसी टी20 रैंकिंग के आधार पर क्वार्टरफाइनल में सीधे प्रवेश मिला है। पुरुष स्पर्धा में 18 टीम होंगी जबकि महिलाओं के वर्ग में 14 टीम खेलेंगी।महिलाओं की स्पर्धाएं 19 सितंबर से शुरु होंगी और 26 सितंबर को स्वर्ण और कांस्य पदक के मैच के साथ खत्म होगी। पुरुष स्पर्धा 28 सितंबर को शुरु होंगी और फाइनल सात अक्टूबर को खेला जाएगा जो अहमदाबाद में पुरुष आईसीसी 50 ओवर के विश्व कप के शुरु होने के एक दिन बाद होगा। अगर भारतीय क्रिकेट टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करती है तो उन्हें लगातार तीन दिन - पांच अक्टूबर (क्वार्टरफाइनल), छह अक्टूबर (सेमीफाइनल) और सात अक्टूबर (फाइनल) - खेलना होगा।पूरी संभावना है कि भारत का क्वार्टरफाइनल अफगानिस्तान या बांग्लादेश की दूसरे दर्जे की टीम से होगा क्योंकि दोनों देशों की मुख्य टीम भारत में उस समय चल रहे विश्व कप में होंगी। पूरी संभावना है कि पुरुष टीम उद्घाटन समारोह शुरु होने से पहले खेल गांव पहुंचेगी क्योंकि उनका अभियान शुरु होने से पहले करीब दो हफ्ते का समय होगा। साथ ही बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने पुष्टि नहीं की है कि क्रिकेट टीम खेल गांव में ठहरेंगी या फिर शहर के पांच सितारा होटल में। हांगझोउ खेलों में पुरुष और महिला स्पर्धाओं में कुल 32 मैच होंगे जिसमें से 18 पुरुष और 14 महिलाओं के मैच होंगे। भारतीय टीम अगर फाइनल तक खेलती है तो उसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे) से मैच खेलने होंगे।

यूपी के बृजेश और राजन को स्वर्ण पदक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लिए बृजेश कुमार पाल और राजन कुमार ने छठीं राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पहले दिन मेजबान यूपी के लिए क्योरगी में स्वर्ण पदक जीते। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में शुरू हुई इस चैंपियनशिप यूपी के खिलाड़ियों ने एक रजत व एक कांस्य पदक भी जीता। इसके अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मणिपुर व अरुणाचल प्रदेश ने भी एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इससे पूर्व चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू एवं चेयरमैन डाएसैयद रफा जुबैर रिजवी ने किया।

हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन में जीते रूड, स्वबलेव हारे

हैम्बर्ग। कैस्पर रूड ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन में चिली के क्रिस्टियन गारिन को हरा दिया जबकि डेनियल अल्टमेयर ने दूसरे दौर में आंद्रे रूबलेव को मात दी। हैम्बर्ग महिला वर्ग में जर्मनी की नोमा नोहा एकुणी सेमीफाइनल में पहुंच गई। उन्होंने मार्टिना ट्रेविसान को 5-7, 6-4, 7-5 से हराया। अब उनका सामना डायन स्नाइडेर से होगा जिसने गत चैम्पियन बर्नाडा पेरा को 6-1, 2-6, 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन उपविजेता रूड ने।-6, 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की।

एआईएफएफ को एशियाड में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के हाल के शानदार प्रदर्शन और इस खेल के प्रति लोगों की बढ़ती दिलचस्पी ने ही पुरुष और महिला टीमों को आगामी एशियाई खेलों में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। हांगझोउ खेलों में भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों की भागीदारी पर पहले संशय बना हुआ था क्योंकि पहले खेल मंत्रालय का टीमों को भेजने का मापदंड महाद्वीप में शीर्ष आठ रैंकिंग हासिल करना था। लेकिन खेल मंत्रालय ने बाद में एआईएफएफ की अपील पर दोनों टीमों के मापदंड में राहत दी। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने भी इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप की मांग की थी।

विश्व विवि खेलः भारतीय तीरंदाज सात पदकों की दौड़ में

चेंगदू। कंपाउंड तीरंदाजों ने 31वें ग्रीष्मकालीन विश्व विश्वविद्यालय खेलों में शुक्रवार को यहां दो पदक पक्के किए, जिससे भारत इस प्रतियोगिता में सात पदकों की दौड़ में बना हुआ है। पूर्वशा शेंडे, प्रगति और अवनीत कौर की तिकड़ी ने कंपाउंड महिला टीम के एक्तरफा सेमीफाइनल में मेजबान चीन की शुजिया मा, युआनयुआन वांग, जियायु झोउ को 229-224 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका सामना कोरिया से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में चीनी ताइपे को 232-228 से हराया। भारत कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में भी पदक की दौड़ में बना हुआ है।

महरीन, कार्तिक और लावण्या की अच्छी शुरुआत

पाइनहर्स्ट (अमेरिका)। महरीन भाटिया, कार्तिक सिंह और लावण्या गुप्ता ने भारतीय दल को यहां यूएस किड्स वर्ल्ड टीन चैम्पियनशिप के पहले दिन शानदार शुरुआत कराई। महरीन दो महीने पहले यूएस किड्स यूरोपियन चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने यहां बालिका अंडर-14 वर्ग में अपना अभियान तीन अंडर 69 के कार्ड से शुरु किया। हाल में एफसीजी कालावे वर्ल्ड जूनियर 2023 चैम्पियनशिप जीतने वाले कार्तिक सिंह लड़कों के अंडर-13 वर्ग में संयुक्त तीसरे स्थान पर चल रहे है।

देवधर ट्राफी : दक्षिण ने पूर्वोत्तर को हराया

अंक तालिका में शीर्ष पर

भाषा। पुडुचेरी

दक्षिण क्षेत्र ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन की बदौलत शुक्रवार को यहां देवधर ट्राफी के मैच में पूर्वोत्तर की टीम को नौ विकेट से पराजित कर दिया। विद्रथ कावेरप्पा और आर साई किशोर की अगुआई में दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम को महज 136 रन पर समेट दिया जिसने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। दक्षिण क्षेत्र को इस लक्ष्य तक पहुंचने में महज 19.3 ओवर लगे जिसमें सलामी बल्लेबाज रोहन कुनुम्मल ने नाबाद अर्धशतक (87 रन) जड़ा। उन्होंने 58 गेंद की पारी के दौरान आठ चौके और पांच छक्के जड़े। इस जीत से दक्षिण क्षेत्र की टीम ने 12 अंक से अंक तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत कर लिया है। साथ ही बेहतर नेट रन रेट से भी उन्हें मदद मिली। इस मैच में दक्षिण क्षेत्र ने विद्रथ और अर्जुन तेंदुलकर की गेंदबाजी जोड़ी को लगाया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन को वासुकी कौशिक की जगह टीम में शामिल किया गया। अर्जुन ने भी आते ही सलामी बल्लेबाज अनूप अहलावत को आउट कर प्रभावित किया। विद्रथ और साई किशोर ने भी एक एक विकेट झटक लिए जिससे पूर्वोत्तर की टीम का स्कोर तीन विकेट पर 31 रन हो गया। पूर्वोत्तर की टीम पारी में कोई भी मजबूत साझेदारी बनाने में विफल रही, उसके लिए सबसे बड़ी भागीदारी चौथे विकेट के लिए 30 रन की रही जो कप्तान एम लांगलोनयाम्बा और के पियोजित के बीच बनी। प्रियोजित 40 रन बनाकर पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए शीर्ष स्कोरर रहे जिसके लिए उन्होंने 104 गेंद खेलीं।

तेज गेंदबाज विद्रथ (तीन विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर (तीन विकेट) दक्षिण क्षेत्र के लिए सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने मिलकर छह विकेट झटके। विद्रथ के अब तीन मैचों में 12 विकेट हो गए हैं और वह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। साई किशोर 10 विकेट लेकिर उनके पीछे हैं। दोनों टीमों के बीच अंतर साफ दिख रहा था जब रोहन और मयंक अग्रवाल (32 रन) ने लक्ष्य का पीछा करना शुरु किया। केरल के 25 साल के सलामी बल्लेबाज रोहन ने लिस्ट ए मैचों में अपना पांचवां अर्धशतक जड़ा। नेट रन रेट को ध्यान में रखते हुए इस सलामी जोड़ी ने तेजी से 15.4 ओवर में 95 रन जोड़ लिए। लेकिन अग्रवाल के आउट होने से इस साझेदारी का अंत हुआ जो इमलीवती लेमतूर की गेंद पगबाधा आउट हुए।

रियान पराग के ऑलराउंड खेल से पूर्व क्षेत्र की उत्तर क्षेत्र पर बड़ी जीत

पुडुचेरी। रियान पराग के शानदार शतक और उसके बाद चार विकेट की मदद से पूर्व क्षेत्र ने शुक्रवार को यहां उत्तर क्षेत्र को 88 रन से हराकर देवधर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की।पराग ने 102 गेंदों पर पांच चौकों और 11 छक्कों की मदद से 131 रन बनाए। उन्होंने कुमार कुशाग्र (98) के साथ मिलकर ऐसे समय जिम्मेदारी संभाली जब पूर्व क्षेत्र 57 रन पर पांच विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 235 रन की साझेदारी की जिससे पूर्व क्षेत्र ने आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। उत्तर क्षेत्र की तरफ से मयंक यादव ने चार और हर्षित राणा ने तीन विकेट लिए।पराग ने इसके बाद गेंदबाजी में अपनी लेग स्पिन का भी कमाल दिखाया तथा 57 रन देकर चार विकेट लिए। शाहबाज अहमद ने तीन विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया जिससे उत्तर क्षेत्र की टीम 45.3 ओव र में 249 रन पर आउट हो गई।उत्तर क्षेत्र की तरफ से मनदीप सिंह ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। उनके अलावा अभिषेक शर्मा (44), शुभम रोहिल्ला (41) और हिमांशु राणा (40) भी अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नही बदल पाए।इस जीत से पूर्व क्षेत्र के 12 अंक हो गए है और वह दूसरे स्थान पर है। दक्षिण क्षेत्र के भी इतने अंक है लेकिन वह बेहतर नेट रन रेट के आधार पर शीर्ष पर है। उत्तर क्षेत्र की यह तीन मैचो में दूसरी हार है।

बृज भूषण ने चुनावों के नामांकन से पहले 30 जुलाई को बैठक बुलाएंगे

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह ने डब्ल्यूएफआई चुनावों में अपनी समिति को नामित करने के लिए रविवार को एक बैठक बुलाई है। यह पैनल महासंघ के नए पदाधिकारियों का चुनाव लड़ेगा। बृज भूषण और उनके बेटे करण चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन इस भाजपा नेता के दामाद विशाल सिंह चुनाव में बिहार के प्रतिनिधि हैं और संभवतः शीर्ष पद के लिए दावेदारी कर सकते हैं। ब्ल्यूएफआई के निवर्तमान सहायक सचिव विनोद तोमर ने पुष्टि की कि बृज भूषण ने 30 जुलाई को एक बैठक बुलाई है। उन्होंने हालांकि बैठक के आयोजन स्थल के बारे में नहीं बताया। ोमर ने कहा, हां, निवर्तमान अध्यक्ष ने रविवार को एक बैठक बुलाई है। यह तय नहीं किया गया है कि बैठक कहां होगी। बैठक में संभवतः वे सभी (राज्य निकाय पदाधिकारी) शामिल होंगे ।

अपने वनडे खिलाड़ियों को मौका देना चाहते थेः रोहित

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद नही थी कि केनसिंगटन ओवल का विकेट इतना खराब हो जाएगा लेकिन उन्होंने गुरुवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने और विराट कोहली से पूर्व एकदिवसीय विशेषज्ञों को मौका देने के अपने फैसले का बचाव किया।भारत ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया। मैच में स्पिनरों का दबदबा रहा जिन्होंने कुल 15 विकेट में से 10 चटकाए। स्पिन की अनुकूल इस पिच पर काफी उछाल भी देखने को मिला।रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, मैंने कभी नही सोचा था कि पिच इस तरह खेलेगी, टीम की जरूरत थी कि पहले गेंदबाजी की जाए। पिच में तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के लिए सब कुछ था, हमारे खिलाड़ियों ने उन्हे उस स्कोर तक सीमित रखकर अच्छा प्रदर्शन किया। कप्तान खुद सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने कहा कि इससे उन्हे पुरानी यादों में खो जाने का मौका मिला जब वह नए खिलाड़ी के तौर पर इस नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आते थे।रोहित ने कहा, मैंने भारत के लिए पदार्पण किया और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा था, मुझे उन दिनों की याद आ गई। यह सूर्यकुमार यादव जैसे सफेद गेंद के विशेषज्ञों को खेलने का मौका देने का कदम था। ।

आरपी सिंह ने विश्व कप में सूर्यकुमार को चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करने का समर्थन किया

मुंबई। पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने भारत में खेले जाने वाले आगामी एकदिवसीय विश्व कप में श्रेयस अय्यर की संभावित अनुपस्थिति में बल्लेबाजी में चौथे क्रम पर सूर्यकुमार यादव के इस्तेमाल करने का समर्थन करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के इस वैश्विक आयोजन से पहले उन्हे इस क्रम पर पर्याप्त मौके दिए जाने चाहिए।भारतीय टीम को 2019 विश्व कप में चौथे क्रम पर मजबूत बल्लेबाज के नही होने का खामियाजा भुगतना पड़ा था। श्रेयस अय्यर के चोटिल होने के कारण चार साल बाद टीम के लिए यह मुद्दा परेशानी का सबब है। सूर्यकुमार अब तक वनडे क्रिकेट में अपनी टी20 की क्षमता को दोहराने में विफल रहे है। उन्होंने पिछले 16 वनडे मैचों में कोई अर्धशतक नही बनाया है।आरपी सिंह ने हालांकि कहा कि सूर्यकुमार के विकल्प को खारिज करना मूर्खतापूर्ण होगा। श्रेयस (अय्यर) के साथ सूर्यकुमार यादव नंबर चार के लिए एक अच्छा विकल्प है, बशर्ते वह फिट हो। ल`किन अगर आप उसे एक विकल्प के रूप में भी देख रहे है, तो उसका आने वाले मैचों में इस्तेमाल महत्वपूर्ण होगा।

संयोजन के कारण टीम में नही चुना जाना मेरे लिए सामान्य बात : कुलदीप

ब्रिजटाउन। हालात के अनुरूप टीम संयोजन के कारण कई बार बाहर होने वाले कुलदीप यादव के लिए यह सामान्य बात है और बाएं हाथ के कलाई के इस स्पिनर का मानना है कि मौके गंवाने पर दुखी होने की बजाय हर मौके का फायदा उठाना बेहतर है। कुलदीप ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में तीन ओवर में छह रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। प्लेयर आफ द मैच चुने गए कुलदीप ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , अधिकांश समय मुझे हालात और टीम संयोजन की वजह से खेलने का मौका नही मिलता। अब यह सामान्य बात है। मै इतने साल से क्रिकेट खेल रहा हूं। अब छह साल से अधिक हो गए। ए चीजे सामान्य है। मै अब विकेट लेने के बारे में ज्यादा नही सोचता। मेरा फोकस प्रक्रिया पर है कि किस लैंग्थ से गेंद डालनी चाहिए। इस साल नौ वनडे में 19 विकेट ले चुके कुलदीप को आठ विकेट लेने के बावजूद दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नही चुना गया था। उन्होंने कहा , पिछले डेढ साल से जब भी मौका मिला है , मैंने अच्छी लैंग्थ पर गेंद डालने की कोशिश की है। मै लगातार अच्छी गेंदबाजी करना चाहता हूं। जहां तक विकेट का सवाल है तो किसी दिन मिलेंगे और किसी दिन नही। मै वैरिएशन तभी आजमाता हूं जब विरोधी टीम जल्दी से चार या पांच विकेट गंवा चुकी होती है। भारतीय टीम में प्रतिस्पर्धा से उन्हे अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है और वह प्रदर्शन की बजाय प्रक्रिया पर फोकस कर रहे है। भारतीय टीम में प्रतिस्पर्धा हमेशा रहेगी लेकिन इससे अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है।

एशेज का पांचवां मुकाबला वार्नर के करियर का आखिरी टेस्ट हो सकता हैः मैक्ग्रा

लंदन। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने कहा कि डेविड वार्नर का (टेस्ट) करियर समाप्ति की ओर बढ़ रहा है और इस सलामी बल्लेबाज ने अगर इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे एशेज श्रृंखला के पांचवे और आखिरी मैच की दूसरी पारी में बड़ा स्कोर नही बनाया तो यह उनका आखिरी मैच हो सकता है। वार्नर ओवल में खेले जा रहे इस मैच की पहली पारी में केवल 24 रन ही बना सकेइस खब्बू बल्लेबाज ने एशेज की नौ पारियों में 25.00 की औसत से सिर्फ 225 रन बनाए है। इस दौरान उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक (66) लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट के दौरान बनाया था।मैक्ग्रा ने एसईएनक्यू ब्रेकफास्ट से कहा, वार्नर थोड़े दबाव में है। वह अच्छी शुरुआत के बाद एक बार फिर बड़ी पारी नही खेल सके। ईमानदारी से कहूं तो उनका करियर समाप्ति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि उन्होंने इस सत्र के आखिर तक खेलने की इच्छा जाहिर की है लेकिन वह दबाव में है। उसके ऊपर खतरा मंडरा रहा है।

लक्ष्य जापान ओपन के सेमीफाइनल में

● सात्विक-चिराग और प्रणय हारे

भाषा। तोक्यो

भारत के लक्ष्य सेन ने अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के कोकी वातानाबे को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि एच एस प्रणय और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी हारकर बाहर हो गई। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने 33वीं रैंकिंग वाले वातानाबे को 21-15, 21-19 से शिकस्त दी। वह कनाडा और अमेरिका के बाद लगातार तीसरे सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। अलमोड़ा के 21 वर्ष के राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन सेन का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से होगा। दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन ने 19 -21, 21 -18, 21 -8 से हराया। फॉर्म में चल रही सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को ओलंपिक चैम्पियन चीनी ताइपै के ली यांग और वांग चि लान ने 21-15, 23- 25, 21 - 16 से मात दी। इसके साथ ही उनका लगातार 12 मैच का विजय अभियान भी खत्म हो गया। कनाडा ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट जीतने वाले सेन ने 5 -3 की बढ़त से आगाज किया और ब्रेक तक यह बढत 11 -7 की कर ली। उन्हें जापानी विरोधी का सामना करन में दिक्कत नहीं आई और पहला गेम क्रॉसकोर्ट पर दो शानदार रिटर्न के साथ उन्होंने अपने नाम किया। दूसरे गेम में वातानाबे ने वापसी की कोशिश की लेकिन सेन ने लय नहीं छोड़ी। एक समय स्कोर 18 -17 था लेकिन दो रिटर्न के साथ सेन ने एक मैच प्वाइंट बना लिया। इसके बाद बैकलाइन पर शानदार रिटर्न के साथ जीत दर्ज की। एक्सेलसेन और प्रणय का मैच काफी रोमांचक रहा और दोनों ने शानदार रेलियां लगाई। पिछले तीन मैचों में दो बार एक्सेलसेन को हरा चुके प्रणय ने पहला गेम जीता।

ऑस्ट्रेलिया ने सधी बल्लेबाजी से इंग्लैंड की बढ़त को कम किया

● एशेज श्रृंखला

भाषा। लंदन

ऑस्ट्रेलिया ने एशेज श्रृंखला के पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच में शुक्रवार को दूसरे दिन उस्मान ख्वाजा की शानदार बल्लेबाजी से लंच तक दो विकेट पर 115 रन बना लिए। लंच के विश्राम के समय शानदार लय में चल रहे ख्वाजा 47 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि दूसरे छोर में पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ 13 रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं। इस सत्र में इंग्लैंड को एकमात्र सफलता मार्नुस लाबुशेन के रूप में मिली। मार्क वुड की गेंद पर स्लिप में जो रूट ने बाएं हाथ से शानदार कैच लपक कर लाबुशेन की 82 गेंद में नौ रन की पारी को खत्म किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 54.4 ओवर में 283 रन बनाए थे जबकि ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 51 ओवर की बल्लेबाजी में महज 115 रन बनाए है। ऑस्ट्रेलिया पहली पारी के आधार पर अब भी इंग्लैंड से 168 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 61 रन से की। बादल छाए रहने के कारण तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में टीम ने बेहद सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए रन बनाने की जगह विकेट बचाने पर जोर दिया।ख्वाजा और लाबुशेन ने 156 गेंद में 42 रन की साझेदारी की। ख्वाजा ने अब तक 152 गेंद की पारी में सात चौके लगाए है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने इंग्लैंड से ड्रा खेला

● 1-1 की बराबरी पर रोका

भाषा। बार्सिलोना

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौंवी वर्षगांठ पर हो रहे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपने तीसरे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को।-। से बराबरी पर रोक दिया। सैम वार्ड ने मैच के पांचवें मिनट में इंग्लैंड के लिए शुरुआती गोल किया, वहीं भारत ने 29वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह के गोल से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया।इस ड्रा मैच के बाद भारतरविवार को होने वाले फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है।भारतीय टीम ने अपना पिछला मैच नीदरलैंड के साथ ड्रॉ खेला था जबकि टीम को शुरुआती मुकाबले में स्पेन ने हराया था। फाइनल में जगह बनाने के लिए भारतीय टीम को इस मैच को जीतना जरूरी था।भारतीय खिलाड़ी सकारात्मक रवैए के साथ मैदान पर उतरे लेकिन वार्ड के मैदानी गोल से ब्रिटेन ने शुरूआती मिनटों में ही बढ़त कायम कर ली। जेम्स ओट्स ने दाईं ओर से मौका बनाकर गेंद को गोलपोस्ट की ओर मारा और वार्ड ने उसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की।इंग्लैंड ने बढ़त लेने के बाद भारत पर दबाव बनाया लेकिन रक्षापंक्ति ने उनके दो पेनल्टी कॉर्नर को विफल कर दिया। इस बीच भारतीय खिलाड़ियों ने जवाबी हमला जारी रखा। टीम को इसका फायदा 12वें मिनट में मिला जब पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत ने गेंद इंग्लैंड के गोल पोस्ट में डाल दी।

अरुणाचल के खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा भारत को नामंजूर : ठाकुर

लखनऊ। भारत की वुशू टीम में अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा देने के चीन के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुये केन्द्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि बाकी खिलाड़ियों की तरह स्टांप लगा वीजा मिलने पर भारत पड़ोसी देश में खेलने जायेगा। के डी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित खेल खिलाड़ी उत्तर प्रदेश बालिका ओलंपिक के समापन के अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि ये नया भारत है जो अपनी शर्तों पर जीता है। अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा है। चीन ने भारत की वूशू टीम में अरुणाचल के खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा दिया है। हमने भी कह दियाए जैसा बाक़ी खिलाड़ियों को स्टाम्प लगा वीज़ा दिया है वैसा दोए वरना हमारे खिलाड़ी नहीं जाएँगे।

अर्जेंटीना ने दक्षिण अफ्रीका से ड्रॉ खेला

महिला विश्व कप फुटबॉल

डुनेडिन। अर्जेंटीना ने पांच मिनट के भीतर दो गोल करके दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला फुटबॉल विश्व कप का मैच 2-2 से ड्रॉ करा लिया। इस ड्रॉ से द